राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com

कार्तिक शुक्ल पक्ष तृतीया, विक्रम संवत् 2082

वर्ष: 09 अंक: 275
नई दिल्ली
शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025
मूल्य: 3.00 पृष्ठ: 12

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित



03 दिल्ली-एनसीआर में स्मॉग का साया, आनंद विहार...
06 नफरत के सौदागरों, सद्भावना पंजाब से...
एडिलेड वनडे में कोहली का शून्य पर आउट ... 12

## आसियान समिट में शामिल होने मलेशिया नहीं जाएंगे पीएम मोदी

### डिजिटल माध्यम से करेंगे संबोधित

शैलेन्द्र शर्मा



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** आसियान शिखर सम्मेलन का आयोजन 26 से लेकर 28 अक्टूबर तक मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित किया जाएगा। इस समिट में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मलेशिया नहीं जाएंगे। वे डिजिटल माध्यम से ही आसियान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी।

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, मेरे प्रिय मित्र, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। उन्हें मलेशिया की आसियान अध्यक्षता के लिए बधाई दी और आगामी शिखर सम्मेलनों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल रूप से शामिल होने और आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने के लिए उत्सुक हूं। दूसरी ओर मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने भी एक्स पर लिखा, कल रात, मुझे भारत गणराज्य के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक करीबी सहयोगी का फोन आया, जिसमें मलेशिया-भारत द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक रणनीतिक और व्यापक स्तर पर मजबूत करने के प्रयासों पर चर्चा की गई। प्रौद्योगिकी, शिक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा के क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग के अलावा भारत व्यापार और निवेश के क्षेत्र में मलेशिया का एक महत्वपूर्ण साझेदार बना हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने इस महीने के अंत में कुआलालंपुर में 47वें आसियान शिखर सम्मेलन की मेजबानी पर भी चर्चा की। भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने मुझे बताया कि वह वर्चुअल रूप से भाग लेंगे, क्योंकि उस समय भारत में दीपावली का त्योहार अभी मनाया जा रहा है। मैं उनके इस निर्णय का सम्मान करता हूं और उन्हें और भारत के सभी लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देता हूं। भारत से संबंधों को मजबूत करने और एक अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध क्षेत्र की दिशा में आसियान-भारत सहयोग को और बढ़ाने के लिए मलेशिया प्रतिबद्ध रहेगा। बिहार में में दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनावी तैयारियों के बीच पीएम मोदी आसियान सम्मेलन में शामिल होने के लिए मलेशिया नहीं पहुंचेंगे। बीते दस साल में भारत के पीएम दूसरी बार आसियान समिट में मौजूद नहीं होंगे। इससे पहले 2022 में हिमाचल प्रदेश और गुजरात चुनाव के दौरान पीएम मोदी आसियान समिट में उपस्थित नहीं हुए थे। मलेशिया 47वें आसियान शिखर सम्मेलन और संबंधित शिखर सम्मेलनों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। समिट में 30 से ज्यादा राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों के कुआलालंपुर कन्वेंशन सेंटर में एकत्रित होने की उम्मीद है। आसियान देश और अमेरिका, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और कनाडा जैसे प्रमुख साझेदार इसमें शामिल हो सकते हैं। मलेशिया की 2025 की आसियान अध्यक्षता की थीम समावेशीपन और स्थिरता के अंतर्गत क्षेत्रीय शांति, आर्थिक लचीलापन और समावेशी विकास पर केंद्रित होगी।

## राष्ट्रपति ने पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण किया

### राजभवन में केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिए सम्मान की बात है



✔ नारायणन का मानना था कि मानवीय मूल्य किसी भी सभ्यता के विकास के लिए आवश्यक हैं और समाज के विकास के लिए मूलभूत हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब हम उन्हें याद करते हैं, तो हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित था व एक अधिक समावेशी, न्यायसंगत और करुणामय भारत बनाने के लिए प्रेरित करता है

**तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को केरल राजभवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि नारायणन एक प्रख्यात राजनेता, राजनयिक और विद्वान थे। राजभवन में केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे विश्वास है कि उनकी स्मृति लोगों को समानता, अखंडता और सार्वजनिक सेवा के उन मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगी जिनके लिए वे सदैव प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने कहा कि केआर नारायणन ने नैतिकता, अखंडता, करुणा और लोकतांत्रिक भावना की समृद्ध विरासत छोड़ी है। समर्पण और शिक्षा की शक्ति के माध्यम से वे हमारे राष्ट्र के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन हुए। उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता इस बात का प्रतीक थी कि जब उद्देश्यपूर्ण मार्गदर्शन हो तो दृढ़ संकल्प और अवसर क्या हासिल कर सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि केआर नारायणन अपने गृह राज्य केरल से गहराई से जुड़े हुए थे। उन्होंने केरल की सामाजिक प्रगति और शिक्षा व समावेशिता पर जोर से प्रेरणा ली। सर्वोच्च पद पर पहुंचने के बाद भी वे अपनी जड़ों से जुड़े रहे। उन्होंने कहा, नारायणन ने जीवन भर मानव और राष्ट्रीय विकास में शिक्षा की भूमिका पर जोर दिया। उनके लिए, शिक्षा सिर्फ कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं, बल्कि सभी का अधिकार थी। नारायणन का मानना था कि मानवीय मूल्य किसी भी सभ्यता के विकास के लिए आवश्यक हैं और समाज के विकास के लिए मूलभूत हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब हम उन्हें याद करते हैं, तो हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित था व एक अधिक समावेशी, न्यायसंगत और करुणामय भारत बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी स्मृति लोगों को समानता, ईमानदारी और सार्वजनिक सेवा के उन मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगी, जिनके लिए वे खड़े थे।

## श्री केदारनाथ धाम के कपाट हुए बंद : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी रहे मौजूद

✔ इस वर्ष रिकॉर्ड 17.50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा केदार के दर्शन

✔ कपाट बंद होने पर संपूर्ण केदारपुरी परिसर हर हर महादेव और जय बाबा केदार के उद्घोषों से गूंज उठा

✔ मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से शीतकाल में भी चारधाम गद्दीस्थलों की यात्रा करने का किया आवाहन



**उत्तम भारत संवाददाता, केदारनाथ धाम (उत्तराखंड)।** विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट आज भैया दूज, कार्तिक शुक्ल सप्तमी, अनुराधा नक्षत्र के पावन अवसर पर प्रातः 08:30 बजे विधिवत रूप से बंद हो गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। कपाट बंद होने से पूर्व मंदिर को पुष्पों से भव्य रूप में सजाया गया। सेना के बैंड की भक्ति धुनों और 'जय बाबा केदार' के जयघोष के साथ मंदिर परिसर श्रद्धाभाव से गूंज उठा। ठंडे मौसम के बावजूद लगभग 10 हजार श्रद्धालु कपाट बंद होने की ऐतिहासिक घड़ी के साक्षी बने। कपाट बंद करने की प्रक्रिया के अंतर्गत ब्रहममुहूर्त में श्री केदारनाथ धाम के मुख्य पुजारी बागेशलिंग एवं आचार्यगणों द्वारा यज्ञ, हवन एवं समाधि पूजन किया गया। तत्पश्चात भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग को स्थानीय पुष्पों कुमजा, बुकला, राख, ब्रह्मकमल, सूखे पुष्प-पत्रों से ढककर समाधि रूप दिया गया। इसके बाद गर्भगृह के द्वार जय बाबा केदार के उदघोष के साथ शीतकाल हेतु बंद किए गए। कपाट बंद होने के पश्चात मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में मंदिर के पूर्वी व दक्षिणी द्वार विधिवत बंद किए गए। इसके उपरांत भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली को मंदिर की परिक्रमा कर प्रथम पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान कराया गया। सेना के बैंड, डोली वाहकों, पुजारियों और श्रद्धालुओं के जयघोषों से संपूर्ण धाम गुंजायमान हो उठा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर देश-विदेश से आए सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन के अनुरूप केदारपुरी का भव्य और दिव्य पुनर्निर्माण कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में चारधाम यात्रा के अंतर्गत रिकॉर्ड 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने धामों के दर्शन किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कपाट बंद होने के पश्चात शीतकालीन यात्रा को भी राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु चार धामों के शीतकालीन गद्दी स्थलों में भी पूजा अर्चना कर सकें। उन्होंने सभी श्रद्धालुओ से शीतकाल में भी चारों धामों के गद्दी स्थलों में आकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किय।

## भाई दूज पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई प्रमुख नेताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दीं




**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** देशभर में भाई दूज का पावन पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह के प्रतीक के रूप में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कई प्रमुख नेताओं ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा, भाई दूज के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का यह पर्व आप सभी के जीवन में अपार खुशियां, सौहार्द और समृद्धि लाए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी इस अवसर पर अपनी बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भाई-बहन के पवित्र बंधन और स्नेह के पर्व भाई दूज के अवसर पर प्रदेश और देशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संदेश में कहा, भाई-बहन के स्नेहिल बंधन और विश्वास की डोर को दृढ़ करने वाले पावन पर्व भाई दूज की सभी को हार्दिक बधाई। यमुना मैया की कृपा से हर बहन का जीवन सुख, सौभाग्य और समृद्धि से आलोकित हो और हर भाई का जीवन साहस, सफलता और उज्ज्वल भविष्य के प्रकाश से जगमगाता रहे, यही प्रार्थना है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी शुभकामनाएं देते हुए एक्स पोस्ट में लिखा, प्रदेशवासियों को भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास के प्रतीक ह्यभाई दूज के पावन पर्व की हार्दिक बधाई। यह पर्व आपके जीवन में खुशियां, सौहार्द और प्रेम का संचार करे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यह पवित्र पर्व भाई-बहन के बीच स्नेह, विश्वास और कर्तव्यनिष्ठा के उस अनमोल रिश्ते का उत्सव है, जो जीवन के हर उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे को नैतिक संबल प्रदान करने की प्रेरणा देता है।

## मोदीज मिशन : वडनगर से प्रधानमंत्री कार्यालय तक के सफर पर किताब होगी लॉन्च




**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की असाधारण जिंदगी और राजनीतिक सफर पर लिखी गई बायोग्राफी की लिस्ट में मोदीज मिशन नाम की एक नई किताब भी शामिल होने वाली है। इस किताब को शुक्रवार को मुंबई में लॉन्च किया जाएगा।

जाने-माने लेखक बर्जिस देसाई की लिखी यह किताब, वडनगर में एक साधारण बचपन से लेकर प्रधानमंत्री ऑफिस (पीएमओ) तक पीएम मोदी के असाधारण सफर के बारे में है। महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत शुक्रवार को किताब को रिलीज करेंगे। इस इवेंट में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के अलावा कई जाने-माने लोग भी शामिल होंगे।

लेखक के मुताबिक, मोदीज मिशन कोई बायोग्राफी नहीं, बल्कि आइडिया की कहानी है। किताब में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी मुश्किलों और अनगिनत चुनौतियों के बावजूद देश को जगाने वाले एक जरिया के तौर पर उभरने पर बात की है। इस किताब में पीएम मोदी के बचपन और जवानी के शुरूआती अनुभवों के बारे में बताया गया है, जिसने उनकी सामाजिक-आर्थिक सोच और गवर्नेंस को लेकर उनके नजरिए को बनाया है। यह किताब उन झूठों को बेनकाब करने की कोशिश करती है, जो इंटेलेक्चुअल एलीट के एक हिस्से ने गवर्नेंस को पटरी से उतारने के लिए पीएम मोदी के बारे में फैलाए हैं। यह किताब भारत के सांस्कृतिक गर्व को मजबूत करने और एक अच्छा वेलफेयर स्टेट बनाने के लिए पीएम मोदी की लगातार कोशिशों का एक पूरा लेकिन आसान ब्यौरा भी देती है। यह इस बात पर भी रोशनी डालती है कि कैसे पीएम मोदी की लीडरशिप ने भारत की समग्र एकाग्रता को बढ़ाया और पारदर्शी, परिणाम से जुड़े शासन को पक्का किया। भारतीय अर्थव्यवस्था के फॉर्मलाइजेशन से लेकर आर्टिकल 370 को हटाने तक, यह किताब पीएम मोदी के बड़े फैसले लेने के तरीकों को बताती है। बर्जिस देसाई मुंबई के एक वकील और लेखक हैं। उन्होंने कई किताबें लिखी हैं, जिनमें पारसी कल्चर पर बहुत पसंद की गई किताबें, ओह! दोज पारसीज और द बावाजी शामिल हैं। मोदीज मिशन किताब के पब्लिशर रूपा पब्लिकेशन्स हैं। किताब की पहले से तारीफ करते हुए, देश के जाने-माने इंडस्ट्रियलिस्ट आनंद महिंद्रा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21वीं सदी के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले लीडर्स में से एक हैं। यह किताब बताती है कि कैसे उन्होंने बिना थके भारत को दुनिया में ऊपर उठाने की कोशिश की है।

## देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए नौसेना कभी भी, कहीं भी और किसी भी परिस्थिति में तैयार: एडमिरल दिनेश त्रिपाठी

✔ भारतीय नौसेना राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए तत्परता, अनुकूलनशीलता और सक्रिय सहभागिता के माध्यम से क्षेत्र में अपनी भूमिका सशक्त रूप से निभा रही है



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** नई दिल्ली में भारतीय नौसेना की कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2025 शुरू हो चुकी है। इसकी शुरूआत नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी के संबोधन से हुई। उन्होंने नेवी के समर्पण, व्यावसायिक दक्षता और सतत प्रतिबद्धता की सराहना की। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शित उत्कृष्ट संचालन क्षमता को राष्ट्र के लिए गर्व का विषय बताया। कॉन्फ्रेंस के पहले ही दिन नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मौजूदा भू-रणनीतिक परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय नौसेना राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए तत्परता, अनुकूलनशीलता और सक्रिय सहभागिता के माध्यम से क्षेत्र में अपनी भूमिका सशक्त रूप से निभा रही है। उन्होंने कहा कि नौसेना पूरी तरह युद्ध के लिए सदैव तत्पर बल के रूप में उभर रही है। हाल के महीनों में नौसेना ने कई सफल तैनातियां और संयुक्त अभियानों का प्रभावी संचालन किया है। एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना की बढ़ती क्षमताओं, नए अधिग्रहणों और तकनीकी प्रगति का उल्लेख किया। एडमिरल त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना को एक विश्वसनीय फोर्स और पसंदीदा सुरक्षा साझेदार बताया। यानी भारतीय नौसेना आज एक ऐसी विश्वसनीय और सक्षम शक्ति के रूप में उभरी है, जिस पर क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय साझेदार भरोसा करते हैं। उन्होंने नौसेना के संगठित शक्ति स्वरूप की सराहना करते हुए कहा कि मानव संसाधन में वृद्धि, बेहतर आवास सुविधाएं, शारीरिक फिटनेस, और कार्मिक कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं।

उन्होंने आईडीईएक्स जैसी पहलों की सफलता और 2047 तक पूर्ण आत्मनिर्भर नौसेना के लक्ष्य पर बल दिया। एडमिरल त्रिपाठी ने सात प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता दोहराई। इनमें युद्धक दक्षता, क्षमता विकास, फ्लीट मेंटेनेंस, नवाचार व नई तकनीकों का एकीकरण, मानव संसाधन विकास, संगठनात्मक चपलता और राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ तालमेल शामिल है।

उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए कभी भी, कहीं भी और किसी भी परिस्थिति में तैयार है। सम्मेलन के पहले दिन वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भी नौसेना के कमांडरों को संबोधित किया।

उन्होंने भारतीय नौसेना की हिंद महासागर क्षेत्र में निर्णायक भूमिका की सराहना की और सामान्य योजना, समन्वित अभियानों तथा संयुक्तता को सशक्त बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं के बीच संयुक्त वायु अभियानों, इंटरऑपरेबिलिटी और एकीकृत संचालन को और मजबूत करने की आवश्यकता है ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## दिवाली महोत्सव मे टीवी एक्टर, माडल, मेघना नायडू की शानदार प्रस्तुति ने हलचल मची

**उत्तम भारत संवाददाता, रामपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर मे आज एस के ज्वैलर्स की ओर से लगाए कस्तूरबा गांधी पक्षी विहार झील 15 दिवसीय दिवाली महोत्सव मे आज टीवी एक्टर, माडल, मेघना नायडू नाइट डान्स का कार्यक्रम का आयोजन किया गया मेघना नायडू के स्टेज पर आते पब्लिक ने तालियो से स्वागत किया मेघना नायडू की डान्स की प्रस्तुती से पंडाल मे दर्शको ने खूब आनंद लिया तालियो की गड़गड़ाहट गूंज उठी एस के ज्वैलर्स ओर डान्स विद के रामपुर की टीम का धन्यवाद करा पक्षी विहार झील मे हर रोज हर तरहा अलग ही प्रोग्राम हो रहे है जिसका आनंद रामपुर की जनता खूब ले रही है ईस महोत्सव मे स्वादिष्ट दूध की खीर का अलग ही चर्चा है, कुल्लड़ की चाय बच्चो के खिलौने के अलावा विभिन्न स्टॉल लगाए गए है बच्चो के लिए झूले।



P-02:28 paga09_jhn.qxd 10/23/2025 8:58 PM Page 1



# पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चिलकाना।** मादक पदार्थ नशे के अवैध कारोबार प्रतिबंधित दवों की बिक्री की रोकथाम एवं मिशन सवेरा नशे के अंधकार से उजाले के सवेरा हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत चिलकाना पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना चिलकाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि ऑपरेशन सवेरा के तहत उप निरीक्षक अकित कुमार महिला उप निरक्षक सुमन के नेतृत्व मे शिवकुमार पुत्र बलवीर निवासी दुम्झेड़ा से 1 किलो चरस व प्रमोद पुत्र श्री राम निवासी शेखपुरा थाना सरसावा से 500 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।



# हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल बने जमील अहमद फौरमैन

*** भैया दूज पर हिन्दू बहनों के घर जाकर मनाया पर्व क्षेत्र में हो रहीं प्रशंसा**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर मनिहारान।** वरिष्ठ समाजसेवी जमील अहमद ने अपनी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी हिन्दू बहनों के घर जाकर भैया दूज का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया उन्होंने क्षेत्र में हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश कर यह साबित कर दिया कि आपसी भाईचारे से ऊपर को धर्म नहीं है।इस कार्य से उन्होंने ने इस कार्य से देश में प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। जमील अहमद ने कहा कि भैया दूज सिर्फ एक त्यौहार नहीं, बल्कि यह हमारे पारिवारिक रिश्तों में और मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जैसे बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की दुआ करती हैं, वैसे ही हमें भी अपनी बहनों और समाज की हर बेटी की इज़्ज़त और सुरक्षा का जिम्मा उठाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने सभी देशवासियों को भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कहा कि यह पर्व हमारे देश की संस्कृति और प्रेम की अनोखी मिसाल है।

# बहनों के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**–अब तक 29 किश्तों में सरकार ने बहनों को दिए हैं करीब 45 हजार करोड़ रुपये**

**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर बहनों के साथ मनाया भाईदूज पर्व**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भाईदूज हमारी भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह पर्व भाई और बहन के सहोदर स्नेह, परस्पर अपनत्व का प्रतीक है। भाईदूज भाई-बहन के पवित्र बंधन के नैसर्गिक संरक्षण और पारिवारिक जीवन मूल्यों को मजबूत बनाता है। यह पर्व भारतीय समाज की उस देशज परम्परा का निर्वहन है, जहां बहन के स्नेह में भाई का नैतिक दायित्व और जीवन पर्यन्त रक्षा का संकल्प निहित होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाईदूज का यह पर्व न केवल भाई-बहन के स्नेह का उत्सव है, बल्कि सामाजिक एकता, नारी सम्मान के साथ हमारे पारिवारिक जीवन मूल्यों के संरक्षण का प्रतीक भी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास परिसर में आयोजित (भातृ द्वितीया/यम द्वितीया) भाईदूज के विशेष कार्यक्रम में बहनों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहनों के साथ आत्मीय संवाद कर सभी को भाईदूज की शुभकामनाएं दीं। प्रदेश की बहनों के साथ संवाद के दौरान उनसे राज्य सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और भावी प्राथमिकताओं की जानकारी भी साझा की। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे लाड़ली बहनों के रूप में 1 करोड़ 26 लाख से अधिक बहनें मिली हैं। हम बहनों के जीवन में नई रोशनी, नई खुशी जोड़ रहे हैं। प्रदेश की सभी लाडली बहनों को अब हर माह 1500 रुपए मिलेंगे। बहनों के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश देश का पहला ऐसा प्रदेश है, जहां लाड़ली बहना योजना से हमारी बहनें हर महीने राखी और भाईदूज मनाती हैं। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना प्रदेश की बहनों की समृद्धि का सीधा मार्ग है। किसी भी जरूरत के वक्त लाड़ली बहनों को इस योजना से बड़ा संबल और सहयोग मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की लाड़ली बहनों को हमारी सरकार अब तक 29 किश्तों में करीब 45 हजार करोड़ रुपए की सहायता राशि दे चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहनों की मुस्कान ही मध्यप्रदेश की और हमारी सरकार की जमा पूंजी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाईदूज के पावन पर्व पर सभी लाड़ली बहनों पर पुष्पवर्षा कर भाईदूज की बधाई देकर मुख्यमंत्री निवास में आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित बहनों ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाया, साफा पहनाया, नारियल भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहनों को उपहार भेंट दी और मिठाई खिलाकर आभार जताया। कार्यक्रम में मौजूद लाड़ली बहनों ने भाई-बहन के प्रेम और स्नेह पर केन्द्रित निमाड़ी लोकगीत गाये, नृत्य किया और परम्परागत स्वर लहरियों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम स्थल को अपनत्व से भाव-विभोर कर दिया। लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तिलक कर उनकी दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश की लाड़ली बहनों को निःशुल्क आवास प्रदान किए। उनका खुद का घर नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में देशभर में बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन को अपनी नीति के केंद्र में रखा है। लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण, मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना जैसी योजनाओं से महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रदेश की हर बहन आत्मनिर्भर बने और समाज में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के कई औद्योगिक क्षेत्रों में अब वर्किंग वूमन हॉस्टल/आश्रय गृह की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश के 47 प्रतिशत स्टार्ट अप्स का नेतृत्व हमारी बहनें कर रही हैं। बहनों के लिए हमारे खजाने में कोई कमी नहीं है। बहनें अपनी सेहत का ध्यान जरूर रखें। स्वस्थ बहनें ही समृद्ध मध्यप्रदेश बनाएंगी। मध्यप्रदेश की हर बहन का सुख, सुरक्षा और सम्मान हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बहनों के खाते में 1250 नहीं, बल्कि अब हर महीने 1500 रुपए आएंगे। यह जो 250 रुपए बढ़ रहे हैं, यह बहनों को नई हिम्मत, नई उम्मीद देंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरुआत जून 2023 में हुई थी, तब से अक्टूबर 2025 तक हमने करोड़ों रुपए की राशि बहनों के खातों में भेजी है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की तीन लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का इस अभिनव योजना के लिए आभार ज्ञापित किया। लाड़ली बहन पिंकी जैन ने कहा कि लाड़ली बहनों को योजना का लाभ मिलने से बहने सशक्त हुई हैं। मैंने पापड़ बनाने के लिए मशीन लगाई है। बहन संगीता ने कहा कि प्रदेश की बहनें लाडली योजना की राशि से आर्थिक रूप से समृद्ध हुई हैं। भाई के रूप में मिले प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हैं। बहन रोहिणी ने कहा कि आज भाईदूज पर बहनों को 250 रुपए अतिरिक्त राशि मिलने पर मुहर लग गई है। आगे हर माह सभी लाडली बहनों को 1500 रुपए मिलेंगे। इस योजना की राशि से बहनों को अपने व्यवसाय और स्वरोजगार स्थापित करने में बहुत बड़ी मदद मिली है।

**लाड़ली बहनें बन रही हैं आत्मनिर्भर : मंत्री भूरिया**

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि भाई दूज के अवसर पर प्रदेश की सभी बहनें मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आशीर्वाद प्रदान कर रही हैं। लाडली बहना योजना से प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में रहने वाली बहनें अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर रही हैं। बच्चों की स्कूल फीस भर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आर्थिक रूप से बहनों को स्वावलंबी बनाने के लिए नई योजनाएं लागू करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। राज्य सरकार ने नगरीय निकायों और पंचायती राज व्यवस्था में बहनों को आरक्षण प्रदान किया है।

**मुख्यमंत्री निवास बना लाड़ली बहनों का मायका : राज्यमंत्री गौर**

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि आज मुख्यमंत्री निवास प्रदेश की लाडली बहनों का मायका बना है। भाईदूज ऐसा पर्व है जिसमें भाई अपनी बहनों के लिए रक्षा, सुरक्षा और मान सम्मान का संकल्प लेता है। लाड़ली बहना योजना से बहनों का घर परिवार में सम्मान बढ़ने लगा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह संकल्प लिया है कि अब प्रदेश की बहनें मजबूरी का नहीं, मजबूती का जीवन जी रही हैं। ये बहनों का गर्व है कि प्रदेश को ऐसे संवेदनशील मुख्यमंत्री मिले हैं। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बहनों को हर माह लाड़ली बहना योजना की राशि का तोहफा मिल रहा है। अगले माह से बहनों के खाते में हर महीने 1500 रुपए दिए जाएंगे। कार्यक्रम में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, विधायक विष्णु खत्री, महापौर भोपाल मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, रविन्द्र यति, जनप्रतिनिधि, आयुक्त महिला एवं बाल विकास निधि निवेदिता सहित बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित थीं।

# यम की फांस से मुक्ति के लिए भाई-बहनों ने लगाई यमुना में डुबकी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** गुरूवार को यमुना में भाई दूज पर यम द्वितीया का स्नान हुआ। बहनों ने यम की फंस से मुक्ति दिलाने के लिए अपने अपने भाईयों के साथ स्नान कर उनकी दीर्घायु की कामना की। बुधवार देर रात से गुरूवार शाम तक यमुना घाटों पर भाई-बहनों का हुजूम उमड़ता रहा। भारतवर्ष में भाई-बहन का एकमात्र मंदिर है। स्नान करने के बाद भाई-बहन इस मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। यमुना स्थान के दौरान किसी अनहोनी से बचने के लिए गोताखोर और अन्य पुलिस बल सतर्क रहे।



यम द्वितीया पर गुरुवार विश्राम घाट तड़के ही लोग यमुना स्नान के लिए आने लगे और जैसे-जैसे सूरज चढ़ता गया वैसे-वैसे स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी बढती गई। हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपने-अपने परिवारों के साथ यमुना स्थान के लिए पहुंचने लगे। यम द्वितीया पर भाई बहनों के एक साथ यमुना स्थान के विशिष्ट महत्व को देख गुजरात, महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों से बड़ी संख्या में भाई बहनों की जोड़ियां यमुना स्नान के लिए पहुंची। भाई बहनों ने एक दूसरे का हाथ पकड़ कर यमुना में डुबकी लगाई और यम फंस से मुक्ति की कामना की। यमुना स्थान के पश्चात पुरोहितों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई और बहनों ने भाइयों के माथे पर टीका किया।

मान्यता है कि यमुना तट पुण्य विश्राम घाट पर भगवान श्रीकृष्ण की पटरानी यमुना महारानी एवं उनके भाई धर्मराज का प्राचीन मंदिर है। मंदिर के सेवायत के अनुसार यह विश्व का एकमात्र मंदिर है, जहां यमराज (धर्मराज) और उनकी बहन यमुनाजी एकसाथ विराजमान हैं। उन्होंने बताया कि यमुना महारानी का यह प्रथम घर है। यमुनाजी के घर जब उनके भाई यमराज आए तो उनका बहन ने सत्कार किया। जब यमराज जाने लगे तो बहन यमुनाजी ने उनका टीका किया। यमराज ने प्रसन्न होकर बहन से वरदान मांगने को कहा। इस पर यमुनाजी ने भाई से भक्तों के कल्याण के लिए वरदान मांगा कि भाईदूज के दिन मथुरा के विश्राम घाट पर यमुना में स्नान कर पूजन करेगा और उनके मंदिर में आकर पूजन कर आशीर्वाद लेकर वह यमलोक न जाकर बैकुंठ लोक जाए। इस पर यमराज ने बहन को यह वरदान दिया। तभी से बहन यमुना के यहां आए यमराज को धर्मराज कहा जाता है। मंदिर के सेवायत रामकु मार ने बताया कि मंदिर में यमुना महारानी के चार भुजा है। इनमें एक हस्त में कमल, दूसरे भाई के लिए टीका, तीसरे हाथ में भोजन की थाली और चौथे हाथ में वह संकल्प ले रही हैं। यमुना के बराबर में विराजित धर्मराज के एक हाथ में दंड और दूसरे हाथ में यमुना महारानी को संकल्प दे रहे हैं। यमुना जी को वस्त्र, श्रृंगार सामग्री और धर्मराज को काला वस्त्र अर्पित करते हैं। लाइफगार्ड जैकेट पहने सुरक्षा कर्मी और गोताखोर लगातार स्टीमर के साथ यमुना में गश्त करते रहे।

प्रशासन की ओर से व्यवस्थाओं को संभालने के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेष कुमार डिप्टी कलेक्टर आदेश कुमार साहित 8 मजिस्ट्रेट तैनात रहे। इसके अलावा नगर आयुक्त जग प्रवेश के के निर्देशन में नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी यमुना घाटों पर व्यवस्था संभालते देखे गए।

# जिला कारागार में बड़ी संख्या में पहुंचीं बहनें, बंदियों को किया तिलक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** बंदियों को उनकी बहनों से मुलाकात के लिए भाई दूज पर विशेष व्यवस्था की गयी थी। सुबह से ही बहिनों की जेल गेट पर भीड़ लगने लगी थी। जेल में निरुद्ध चल रहे अपने भाइयों के तिलक करने आई बहनों के लिए टेंट और पानी की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। बहनों को उनके भाइयों से ग्रुप में मुलाकात कराई। जेल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रखा था।



गुरूवार को भाई दूज पर अपने भाई के माथे पर तिलक करने के लिए सुबह से ही बहनें जिला कारागार के बाहर लाइन में लग गई। बहनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए जेल प्रशासन ने अतिरिक्त व्यवस्था की। पेयजल, टेंट के साथ ही बहनों के साथ आने वाले बच्चों के लिए भी बैठने की अलग व्यवस्था की गई। लाइन में लगने के कारण किसी बहन को तबीयत खराब न हो इसके लिए जेल प्रशासन की मेडिकल टीम मुस्तैद रही। जिला कारागार प्रशासन ने चेकिंग में कोई डील नहीं दी, हालांकि बहनों की चेकिंग के महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। इसके साथ ही चेकिंग के अलग काउंटर भी बनाए गए, ताकि चेकिंग के कारण भाई-बहन की मुलाकात में कोई बाधा उत्पन्न हो। जिला कारागार अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने बताया कि पूर्व की अपेक्षा इस बार अपने भाइयों से मिलने आने वाली बहनों की संख्या में इजाफा हुआ है। सभी की रजिस्टर में एंट्री के बाद प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर बाहर से 1561 महिला एवं 648 बच्चे इस प्रकार कुल 2209 परिजन अपने कुल 848 बंदियों से मुलाकात हेतु कारागार पर आये। 10 पुरूष भी बाहर से कारागार में निरूद्ध अपनी बहनो से टीका करवाने कारागार पर आये उनकी मुलाकात भी करायी गयी। उक्त के अतिरिक्त 02 बहन जिनके भाई जिला कारागार मथुरा में ही निरुद्ध थे उनकी भी मुलाकात कराकर टीका करवाया गया। भाई दूज का त्योहार सकुशल कारागार में संम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कारागार अधिकारी जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग, चिकित्साधिकारी डा. उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी व डा. उत्पल सरकार कारापाल सुरेंद्र मोहन सिंह, उपकारापाल सुश्री करूणेश कुमारी, रवीन्द्र कुमार, दुर्गेश प्रताप सिंह व उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति के आगरा मंडल सचिव सचिव कपिल देव शर्मा, अचल तिवारी, मुकुल शर्मा, महेश शर्मा, लोकेश अग्रवाल, योगेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया ब्रिगेडियर भवानी सिंह की वैक्स प्रतिमा का अनावरण किया

**जयपुर।** नाहरगढ़ स्थित जयपुर वैक्स म्यूजियम में महावीर चक्र से सम्मानित ब्रिगेडियर भवानी सिंह की वैक्स प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने अपने पिता की वैक्स प्रतिमा का लोकार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह अनावरण समारोह भवानी सिंह की जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम के दौरान जयपुर वैक्स म्यूजियम के फाउंडर डायरेक्टर, अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि यह क्षण केवल म्यूज़ियम ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राजस्थान के लिए गौरव का विषय है। भवानी सिंह जैसे साहसी, देशभक्त और प्रेरक व्यक्तित्व की प्रतिमा यहां स्थापित होना आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इस अवसर पर ब्रिगेडियर भवानी सिंह के जीवन और वीरता पर आधारित एक आठ मिनट की विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसे देखकर उपस्थित सभी अतिथि भावुक हो उठे। कार्यक्रम में जयपुर राजघराने से जुड़े परिजन, सेना के पूर्व अधिकारी, म्यूज़ियम टीम और शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जयपुर वैक्स म्यूज़ियम के ÷रॉयल दरबार÷ सेक्शन में स्थापित यह वैक्स फिगर भवानी सिंह के शौर्य, अनुशासन और सेवा भावना का प्रतीक है। उनके इस प्रतिरूप को तैयार करने से पहले कलाकारों ने महीनों तक गहन रिसर्च की और क्ले फेस का फर्स्ट लुक अप्रैल में उनकी पुण्यतिथि पर जारी किया गया था।

अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि जयपुर वैक्स म्यूजियम में फिल्मी सितारों की बजाय राजस्थान के ऐतिहासिक नायकों और वीर सपूतों को स्थान देना हमारी प्राथमिकता रही है। म्यूज़ियम में पहले से ही महाराणा प्रताप, सवाई जय सिंह द्वितीय, सवाई माधो सिंह द्वितीय, महारानी गायत्री देवी जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की वैक्स प्रतिमाएं प्रदर्शित हैं, और अब भवानी सिंह जी का सम्मिलन इसे और समृद्ध करता है।

कार्यक्रम के समापन पर दीया कुमारी ने कहा कि यह क्षण मेरे लिए अत्यंत गर्व और भावनाओं से भरा है। ब्रिगेडियर भवानी सिंह केवल हमारे परिवार के नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के गौरव थे। उनकी प्रतिमा जयपुर आने वाले हर व्यक्ति को राष्ट्र सेवा और साहस का संदेश देगी।

# नए पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से तीन दिन दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में बारिश संभव

**जयपुर।** प्रदेश में एक बार फिर पश्चिम विक्षोभ का असर देखने को मिलेगा। 26 से 29 अक्टूबर को दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के कुछ शहरों में बारिश होने की संभावना है। आगामी दिनों में प्रदेश के अधिकांश शहरों के रात के तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। प्रदेश के 20 शहरों का रात का पारा 20 डिग्री से नीचे रहा।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के कोटा, उदयपुर संभाग के कुछ भागों में 26 से 29 अक्टूबर के दौरान बादल छाए रहने व कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। शेष अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। आगामी दिनों में राज्य के अधिकांश भागों में न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री गिरावट होने व अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने की प्रबल संभावना है। राज्य में हवा में आर्द्रता की औसत मात्रा न्यूनतम 30 तथा अधिकतम 75 प्रतिशत दर्ज की गई। 12.5 डिग्री के साथ सीकर की रात सबसे सर्द रही। 37.4 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 22.7 डिग्री के साथ संगरिया की रात सबसे गर्म रही। जयपुर में सुबह हल्के बादल नजर आए। जयपुर में दिन भर धूप खिली। जयपुर का अधिकतम तापमान 32.8 और न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री दर्ज किया गया।

# सुरीर पुलिस ने पकड़े चार जुआरियां, ताश के पत्तों सहित हजारों की रकम बरामद

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** थाना सुरीर पुलिस ने आज चार जुआरियों को जुआ खेलते हुए दबोच लिया, उनके कब्जे से पुलिस ने ताश के पत्तों सहित हजारों की रकम बरामद की है।




थाना सुरीर पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष अजय कुमार, उ0नि0 वीरेश कुमार अपनी टीम के साथ ग्राम कराहरी मे निर्माणाधीन अस्पताल के पीछे पहुंचे जहां हुकुम सिंह उर्फ हुकमा पुत्र लोहरे राम सिंह, विजेन्द्र सिंह पुत्र भूरा सिंह, मुन्शी पुत्र भोलाराम, नेम सिंह पुत्र फूलीराम समस्त निवासीगण ग्राम कराहरी को जुआ खेलते समय 52 ताश पत्ते व कुल 2960 रूपये सहित पकड़ लिया। आरोपित के विरुद्ध सुरीर पुलिस ने जुआ अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है।

# छटा तेरी तीन लोक से न्यारी है, गोवर्धन महाराज...

**--ईस्ट प्रताप नगर में श्रद्धा-भक्ति के साथ हुआ गिर्राज पूजन व अन्नकूट प्रसाद वितरण**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** महोली रोड स्थित ईस्ट प्रताप नगर में बुधवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ गिर्राज पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित अन्नकूट प्रसाद वितरण में क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। अंत में भक्तों ने गिर्राज धरण की जयकारों के मध्य सप्त परिक्रमा कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



बुधवार प्रातः से ही स्थानीय लोग आयोजन की तैयारियों में जुट गए थे। सभी ने सामूहिक रूप से सर्वप्रथम गोबर से गिर्राज जी की छवि बनाई और बाद में उनका हीरे-मोती, आभूषण, अबीर-गुलाल, पुष्प-माला आदि से भव्य श्रृंगार किया। शाम को अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया। भक्त अपने आराध्य की एक झलक पाने को लालयित दिखे। भक्तों ने गिर्राज जी का पूजन कर परिक्रमा की। इस दौरान छटा तेरी तीन लोक से न्यारी है गोवर्धन महाराज, मेरे गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रहयो आदि भजनों पर भक्तों ने भाव-विभोर होकर नृत्य किया।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम और एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। सभी ने प्रति वर्ष ऐसे ही आयोजन में सहयोग करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक प्रोफेसर बलदेव सिंह, सहयोगकर्ता सुभाष अग्रवाल, रामनरेश शर्मा, शिवकुमार तोमर हरि बोल, पत्रकार राजकुमार तोमर, पार्षद कुलदीप पाठक, निरंजन अग्रवाल, विक्की छौंकर, अनिल चौधरी, हरिओम चौधरी, दिनेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, बीएस चौधरी , राजकुमार शर्मा, राजेश गोयल, उमेश गौतम, रोनू शर्मा, रश्मि कुलश्रेष्ठ, कुंजबिहारी गौतम, मोहित वार्ष्णेय, गौरव अग्रवाल सीपी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# जब बहन ने भाई को किया तिलक तो भाई ने अपराध छोड़ने की खाई कसम, रोपड़ी बहाने

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिला कारागार में मनाया गया भाई दूज का त्यौहार, नमः आंखों के साथ मनाया भाई दूज, बहनों ने भाइयों के माथे पर लगाया टीका, भाइयों ने पैर छू-कर लिया आशीर्वाद




भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक भैया दूज का पर्व पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है, वहीं जनपद के जिला कारागार में भी भाई बहनों ने पहुंचकर के बड़े धूमधाम से यह पर्व मनाया, इस बार भाई दूज का पर्व जिला कारागार में बड़े उत्साह व हर्सोउल्लास के साथ मनाया गया, इस पर्व के दौरान भाई बहन के मध्य बड़ा ही उल्लास देखने को मिला, जिला कारागार के बाहर बहनों की बड़ी लंबी लाइन देखने को मिलीं, इन बहनों ने जेल में निरुद्ध अपने भाइयों के साथ मिलकर भैया दूज का पर्व मनाया, बहने जेल पहुंची और अपने भाइयों के माथे पर तिलक कर जल्द से जल्द कारागार से निकलने की दुआ मांगी

इस दौरान भाइयों ने भी बहनों से पैर छूकर आशीर्वाद लिया,

आपको बता दें जिला कारागार में जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश सिंह द्वारा भैया दूज के पर्व पर विशेष इंतजाम किए गए थे, वहीं, जेल में भाई दूज पर बहने थोड़ी मायूस नजर आई, उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि अगली बार उनका भाई दूज का पर्व उनके घर पर मने, इसके साथ ही उन्होंने भाइयों से भी अपराध की दुनिया से दूर रहने की प्रार्थना की, भाइयों ने भी बहन को वचन दिया कि वह अपराध की दुनिया से दूर रहेंगे, जेल में मिली सुविधा व व्यवस्थाओं से वसीभूत होकर सभी बहनें जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश सिंह, जेलर प्रसांत उपाध्याय व जेल प्रशासन की प्रशंसा करते हुए नहीं थक रही थी।

# मध्य प्रदेश में सुधरने लगी वायु की गुणवत्ता, ग्वालियर को छोड़ कई शहरों में बेहतर हुई स्थिति

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कई शहरों में दीपावली के बाद पटाखों के धुएं, वाहनों के उत्सर्जन और मौसम में नमी के कारण खतरनाक स्थिति पर पहुंची हवा की गुणवत्ता में सुधार होने लगा है। ग्वालियर को छोड़कर अधिकांश शहरों की हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। इंदौर, भोपाल, देवास, बेतमा, बुरहानपुर जैसे प्रमुख शहरों की हवा ÷बहुत अस्वस्थ÷ श्रेणी से बाहर निकलकर मध्यम से अस्वस्थ श्रेणी में आ गई है।

मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश के कई प्रमुख औद्योगिक और शहरी इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में पिछले दिनों की तुलना में गिरावट दर्ज हुई है। हालांकि, ग्वालियर (एक्यूआई 210) अभी भी सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में शुमार है, लेकिन इंदौर (एक्यूआई 171), भोपाल (एक्यूआई 170) और जबलपुर (एक्यूआई 117) जैसे शहरों ने ÷बहुत अस्वस्थ÷ श्रेणी से बाहर निकलकर ÷मध्यम÷ से ÷अस्वस्थ÷ श्रेणी की ओर रुख किया है।

यह हवा की गुणवत्ता में साफ तौर पर सुधार का संकेत है।

आंकड़ों की बात करेंगे ग्वालियर का एक्यूआई 210 दर्ज किया गया है, जो कि अस्वस्थ में आता है। इसके अलावा अस्वस्थ श्रेणी में पीथमपुर में 183, देवास में 179, मंडीदीप में 179 और भोपाल में एक्यूआई 170 दर्ज किया गया है। इसी तरह कटनी एक्यूआई 153 रहा है, जो कि मध्यम-अस्वस्थ श्रेणी में आता है, जबकि दमोह में 149, रतलाम में 149 और सिंगरौली में 142 मध्यम श्रेणी का एक्यूआई दर्ज किया गया है।

मध्य प्रदेश प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी बृजेश शर्मा ने बताया कि दीपावली के तुरंत बाद प्रदूषण में आई तेज वृद्धि पटाखों के अत्यधिक इस्तेमाल, तापमान में गिरावट और हवा की गति में कमी जैसे कई कारणों से हुई। उन्होंने कहा कि सुबह और शाम के समय धूल और धुएं के कणों की सांद्रता बढ जाती है, जिससे लोगों को सांस लेने में तकलीफ होती है। उन्होंने बताया कि हालांकि अब काफी सुधार हुआ है। एक-दो दिन में पूरी तरह हवा शुद्ध हो जाएगी। इधर, भोपाल में नगर निगम द्वारा शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। तीन प्रमुख निगरानी केंद्रों -पर्यावरण परिसर, टीटी नगर और कलेक्टर कार्यालय में एक्यूआई रिकॉर्डिंग सिस्टम लगाए गए हैं। धूल और प्रदूषकों से निपटने के लिए इन इलाकों में 24 घंटे से ज्यादा समय तक लगातार पानी का छिड़काव करने के लिए नगर निगम के 21 वाहन तैनात किए गए थे, जिससे एक दिन में ही वायु प्रदूषण में काफी सुधार हुआ।

P-03:28 paga09_jhn.qxd 10/23/2025 8:16 PM Page 1



# यमुना घाट पर छठ पूजा की तैयारियां तेज, जल गुणवत्ता की हो रही जांच

लिशा शर्मा

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** आस्था का महापर्व छठ पूजा नजदीक है, और दिल्ली में यमुना नदी के किनारे छठ घाटों पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। नए घाटों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है, साथ ही जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) लगातार पानी के सैंपल की जांच कर रहा है, ताकि व्रतियों को स्नान के दौरान किसी भी तरह की परेशानी न हो। दिल्ली जल बोर्ड में कार्यरत अनिल मिश्रा ने बताया कि कालिंदी कुंज में यमुना के जल का समय-समय पर सैंपल लेकर उसकी जांच की जा रही है। हम पानी की गुणवत्ता के पैरामीटर चेक करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो कि यह स्नान के लिए उपयुक्त है। सैंपल को नियर ओखला लैब में भेजा जाता है, और सभी रिपोर्ट्स के आधार पर हम समन्वय करते हैं। वर्तमान में जल की गुणवत्ता स्नान के लिए ठीक है। उन्होंने यह भी बताया कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के कार्य में सुधार हुआ है।





बता दें कि बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छठ पर्व की तैयारियों के तहत वजीराबाद स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि श्रद्धा, आस्था और शुचिता के इस पर्व को लेकर दिल्ली सरकार उत्साहित है। सरकार का संकल्प है कि छठ व्रतधारियों को पूरा सम्मान और अपनापन मिले।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि छठ महापर्व के दौरान सरकार की ओर से श्रद्धालुओं को पूरी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि छठ पर्व पर प्रकृति के प्रति समर्पण हमें पर्यावरण की सुरक्षा का भी संदेश देता है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निदेर्शा था कि घाट पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और भीड़ प्रबंधन की सभी तैयारियां समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से पूरी की जाएं, ताकि छठ पर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि छठ पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन न होकर स्वच्छता, संस्कृति और सुशासन का प्रतीक बने। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रभाव रूप से कार्यरत है कि हर श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के पूजा-अर्चना कर सके।

## सांसद मनोज तिवारी ने किया रामघाट का निरीक्षण, स्वच्छता अभियान में श्रमदान

दीया शर्मा

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद मनोज तिवारी ने गुरुवार को अपने लोकसभा क्षेत्र के वजीराबाद स्थित रामघाट का निरीक्षण कर वहां स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। इस मौके पर दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह, तिमारपुर विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ. यूके चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



उल्लेखनीय है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना के छठ घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान की शुरूआत की है। इस दौरान सांसद, विधायक और पार्षद घाटों पर वहां सफाई अभियान में हिस्सा लेंगे। दिल्ली सरकार ने इस बार यमुना किनारे 17 मॉडर्न घाट बनाने की घोषणा की है। इसके अलावा छठ घाटों पर हर तरह की सुविधा देने का वादा किया है। मुख्यमंत्री स्वयं लगातार छठ घाटों का निरीक्षण कर रही हैं।

## जेएनयू छात्र संघ चुनाव चार नवंबर को प्रस्तावित, छह नवंबर को आ सकते हैं नतीजे

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ की चुनाव समिति ने बृहस्पतिवार को 2025-26 के छात्र संघ चुनावों के लिए अस्थायी कार्यक्रम जारी किया, जिसके तहत चार नवंबर को मतदान होगा और छह नवंबर को परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया 24 अक्टूबर को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक अनंतिम मतदाता सूची जारी होने तथा उसमें संशोधन शुरू करने के साथ शुरू होगी।




नामांकन पत्र 25 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे के बीच जारी किए जाएंगे। उम्मीदवार 27 अक्टूबर को सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। वैध नामांकनों की सूची 28 अक्टूबर को सुबह 10 बजे जारी की जाएगी और उसी दिन अपराह्न दो बजे से शाम पांच बजे के बीच नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। उम्मीदवारों की अंतिम सूची शाम सात बजे तक जारी कर दी जाएगी और उसके बाद रात आठ बजे प्रचार के लिए स्थान आवंटन के साथ एक प्रेस वार्ता होगी। चुनाव समिति के अध्यक्ष रविकांत द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना में कहा गया है कि मतदान चार नवंबर को दो सत्रों में होगा- सुबह नौ बजे से अपराह्न एक बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक। मतगणना रात नौ बजे शुरू होगी। अंतिम परिणाम छह नवंबर को घोषित किए जाएंगे। पिछले साल वामपंथी समर्थित समूहों ने चार केंद्रीय समिति के पदों में से तीन पर जीत हासिल की थी, जबकि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने संयुक्त सचिव का पद हासिल किया, जो लगभग एक दशक में उसकी पहली जीत थी।

## बिहार का कुख्यात अपराधी रंजन और गिरोह के तीन सदस्य मुठभेड़ में मारे गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी इलाके में बुधवार की रात पुलिस और बिहार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बिहार के कुख्यात अपराधी रंजन पाठक और उसके गिरोह के तीन अन्य वांछित सदस्य मुठभेड़ में मारे गए। यह मुठभेड़ 22 और 23 अक्टूबर की दरमियानी रात करीब 2:20 बजे रोहिणी सेक्टर के बहादुर शाह मार्ग और पंसाली चौक के बीच हुई।



जॉइंट कमिश्नर (क्राइम) सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच और बिहार पुलिस की टीम को सूचना मिली थी कि बिहार के सीतामढ़ी का कुख्यात अपराधी रंजन पाठक अपने साथियों के साथ दिल्ली पहुंचा है और किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिस पर जवाबी कार्रवाई की गई। दोनों ओर से चली गोलियों में चारों अपराधी गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मारे गए अपराधियों की पहचान मलाही गांव, सुरसंड, सीतामढ़ी निवासी रंजन पाठक (25), बाजपट्टी थाना क्षेत्र, सीतामढ़ी निवासी बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश साहनी (25), दोस्तियां गांव, शिवहर निवासी अमन ठाकुर (21) और शेरपुर गांव, करावल नगर, दिल्ली निवासी मनीष पाठक (33) के रूप में हुई है। जॉइंट कमिश्नर के अनुसार मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कहा कि यह गिरोह दिल्ली में किसी बड़ी आपराधिक साजिश को अंजाम देने आया था।

रंजन पाठक बिहार के सीतामढ़ी जिले का कुख्यात अपराधी था और सिग्मा एंड कंपनी नामक आपराधिक संगठन का सरगना था। यह गैंग बिहार-नेपाल सीमा, झारखंड, उत्तर प्रदेश और दिल्ली तक सक्रिय था। गिरोह रंगदारी, सुपारी किलिंग, हथियार तस्करी, अपहरण और फिरौती जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त था। रंजन पाठक पर 25000 का इनाम घोषित था। उसका दाहिना हाथ बिमलेश महतो रंगदारी और हथियार तस्करी में सक्रिय था। मनीष पाठक हत्या और अपहरण के मामलों में वांछित था, जबकि अमन ठाकुर दिल्ली में गिरोह को लॉजिस्टिक सपोर्ट देता था। गिरोह ने बिहार में कई सनसनीखेज हत्याओं को अंजाम दिया था। इनमें बाजपट्टी में आदित्य सिंह की हत्या, परोहा पंचायत की मुखिया रानी देवी के देवर मदन कुशवाहा की हत्या, ब्रह्मर्षि सेना के जिला अध्यक्ष राम मनोहर शर्मा की गोली मारकर हत्या, और शिवहर जिले में गुड्डू झा की दिनदहाड़े हत्या शामिल हैं। रंजन पाठक ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी खुद ली थी और मीडिया से संपर्क कर सिग्मा एंड कंपनी गैंग का नाम सार्वजनिक किया था। उसने अपना क्रिमिनल बायोडेटा तक मीडिया को भेजा था, जिसमें पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए गए थे। दरअसल, उसका मकसद था जनता में भय और अपने गैंग की दहशत फैलाना। पुलिस के मुताबिक गिरोह की फंडिंग नेपाल के रास्ते होती थी और रंजन सोशल मीडिया पर अपने अपराधों का प्रचार कर युवाओं को प्रभावित करने की कोशिश करता था। वह लगातार ताबड़तोड़ वारदातें कर पुलिस को चुनौती देता रहा। बिहार पुलिस और एसटीएफ की टीमें कई महीनों से उसकी गतिविधियों की निगरानी कर रही थीं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह कार्रवाई अपराधियों के लिए कड़ा संदेश है। पुलिस ने गैंग के बचे हुए सदस्यों की पहचान कर ली है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, यह मुठभेड़ बिहार विधानसभा चुनाव से पहले अपराध पर नकेल कसने की दिशा में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस का मानना है कि यह गिरोह चुनाव के दौरान बिहार में हिंसा और दहशत फैलाने की साजिश में लगा था। रोहिणी एनकाउंटर के साथ ही बिहार और दिल्ली पुलिस ने न सिर्फ रंजन पाठक गिरोह का सफाया किया है, बल्कि एक ऐसे अंतरराज्यीय अपराध नेटवर्क का अंत किया है जिसने बिहार-नेपाल सीमा से लेकर दिल्ली तक अपराध का जाल फैला रखा था।

## दिल्ली-एनसीआर में स्मॉग का साया, आनंद विहार का एक्यूआई 429 दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को एक बार फिर स्मॉग की घनी चादर छाई रही, जिससे वायु गुणवत्ता बहुत खराब से गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। विशेष रूप से दिल्ली के आनंद विहार इलाके में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 429 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है।



आनंद विहार के अलावा, दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में भी हवा की गुणवत्ता चिंताजनक बनी हुई है। बवाना, आशोक विहार और करणी सिंह शूटिंग रेंज जैसे इलाकों में भी प्रदूषण का स्तर उच्च बना हुआ है। आया नगर और बुराड़ी क्रॉसिंग पर भी प्रदूषण का स्तर बहुत खराब दर्ज किया गया।

दिल्ली से सटा नोएडा भी इस गंभीर वायु प्रदूषण से अछूता नहीं है। नोएडा में एक्यूआई 319, सेक्टर-1 में 305 और सेक्टर-125 में 303 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आते हैं। नोएडा सेक्टर-62 में स्थिति थोड़ी बेहतर है; यहां का एक्यूआई 281 दर्ज किया गया। हालांकि, इस उच्च प्रदूषण स्तर के बीच गाजियाबाद के निवासियों को कुछ राहत की सांस मिली प्रतीत होती है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, गाजियाबाद में दिन भर स्मॉग छाया रहा, लेकिन वहां के एक्यूआई में दिल्ली और नोएडा के मुकाबले कुछ कमी देखी गई। फिर भी, हवा की गुणवत्ता अभी भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बनी हुई है। इस समय दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के बढ़ने के पीछे मौसम की स्थिति एक प्रमुख कारण है। हवा की गति कम होने और तापमान में गिरावट के कारण प्रदूषक तत्व हवा में जमा हो रहे हैं। इसके अलावा, पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनाएं और स्थानीय प्रदूषण स्रोत जैसे वाहनों का धुआं, निर्माण कार्य और औद्योगिक उत्सर्जन भी इस समस्या को बढ़ा रहे हैं। गंभीर और बहुत खराब श्रेणी की वायु स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक मानी जाती है। इससे सांस संबंधी समस्याएं, आंखों में जलन, गले में खराश और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे सुबह और शाम के समय बाहरी गतिविधियों से बचें, मास्क पहनकर ही बाहर निकलें और घर के अंदर एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें। बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

## दिल्ली में ठक-ठक गैंग का पदार्फाश, एएटीएस टीम ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी जिला की एएटीएस (एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड) टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ठक-ठक गैंग का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस गैंग के एक सक्रिय सदस्य और दो रिसीवरों (चोरी का माल खरीदने वालों) को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 25 लैपटॉप, 1 आईपैड, 2 मोबाइल फोन और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। एएटीएस की इस कार्रवाई से 7 अलग-अलग चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है।

दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर इलाके में बढ़ रही ठक-ठक वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए एएटीएस टीम को तैनात किया गया था। सभी घटनाओं की सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई और गुप्त सूत्रों को सक्रिय किया गया।

15 अक्टूबर को एएटीएस टीम को सूचना मिली कि ठक-ठक गैंग का एक सक्रिय सदस्य दीपक उर्फ निखिल गोविंदपुरी मेट्रो स्टेशन के पास डीडीए पार्क में अपने साथियों से मिलने आने वाला है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर अजय दलाल के नेतृत्व में एसआई जितेंद्र रघुवंशी, एसआई योगेंद्र, एएसआई श्रवण, एएसआई सुरेश, एचसी शेर सिंह, एचसी नथूराम, एचसी अजय, कॉन्स्टेबल हिमांशु, अक्षय, साहिल और शिवम की टीम ने एसीपी ऑपरेशन श्री दलीप सिंह की निगरानी में जाल बिछाया।

कुछ समय बाद आरोपी दीपक अपने साथी दिनेश उर्फ बबलू के साथ मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचा। गुप्त सूचना के इशारे पर टीम ने मौके पर छापा मारकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से तीसरा आरोपी नौशाद को भी पकड़ा, जो चोरी के आईपैड और मोबाइल फोन बेचने की कोशिश कर रहा था। जांच में पाया गया कि आरोपी दीपक जिस मोटरसाइकिल पर आया था, वह भी चोरी की थी। तलाशी के दौरान दीपक और दिनेश के पास से चोरी का एक-एक मोबाइल और नौशाद से एक चोरी का आईपैड बरामद किया गया।

पूछताछ में आरोपी दीपक उर्फ निखिल ने खुलासा किया कि वह अपने साथी जाकिर के साथ कारों को निशाना बनाता था। दोनों पार्क की गई कारों में झांककर बैग देखकर कार की खिड़की तोड़ देते थे और बैग निकाल लेते थे। बाद में बैग से लैपटॉप और इलेक्ट्रॉनिक सामान निकालकर नौशाद को दिनेश उर्फ बबलू के जरिए नेहरू प्लेस में बेच देते थे।

दीपक ने कबूल किया कि उसने कई ऐसी चोरी की वारदातें की हैं। नौशाद ने भी कबूल किया कि वह उनसे चोरी के लैपटॉप खरीदता था। पुलिस ने तीनों आरोपियों का पीसी रिमांड हासिल किया। नौशाद की निशानदेही पर नेहरू प्लेस स्थित उसकी दुकान पर छापेमारी कर 25 चोरी के लैपटॉप बरामद किए गए, जिनमें से एक लैपटॉप थाना साकेत में दर्ज केस से जुड़ा पाया गया। पूछताछ में दीपक ने खुलासा किया कि उसने भारत मंडपम गेट और सुप्रीम कोर्ट गेट के बाहर पार्क कारों की खिड़की तोड़कर भी लैपटॉप चोरी किए थे, जो थाना तिलक मार्ग के मामलों से संबंधित हैं। उसने बताया कि दोनों लैपटॉप उसने अपने दूसरे रिसीवर जीतेन्द्र उर्फ गौतम को बेचे थे। पुलिस अब अन्य फरार अपराधियों की तलाश कर रही है। दक्षिण-पूर्वी जिला के डीसीपी ने कहा कि एएटीएस टीम की यह कार्रवाई बेहद सराहनीय है। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, गुप्त सूचना और फील्ड इंटेलिजेंस के माध्यम से गैंग का पदार्फास करते हुए चोरी के सात मामलों को सुलझाया है।

## 5 साल के मासूम की हत्या का खुलासा, आरोपी ड्राइवर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आउटर नॉर्थ जिला पुलिस ने 5 वर्षीय मासूम बच्चे की निर्मम हत्या के मामले का खुलासा महज 24 घंटे के भीतर कर लिया है। इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाला आरोपी ड्राइवर नीटू सहाय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से खून से सने कपड़े भी बरामद किए गए हैं। दरअसल, 21 अक्टूबर को दोपहर करीब 3:30 बजे एनआईए थाने में एक बच्चे के अपहरण की कॉल प्राप्त हुई थी, जिसे आगे की जांच के लिए नरेला थाने में ट्रांसफर किया गया। जांच के दौरान यह पता चला कि शिकायतकर्ता का 5 वर्षीय बेटा अपने घर के बाहर खेलते समय लापता हो गया था। तलाश के दौरान बच्चे का शव पास ही रहने वाले ड्राइवर नीटू के कमरे से बरामद हुआ। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पास 7-8 चैंपियन वाहन हैं और दो ड्राइवर नीटू और वसीम उसके यहां काम करते थे। बीती शाम दोनों ड्राइवर शराब के नशे में आपस में भिड़ गए थे, जिसमें नीटू ने वसीम को मारा-पीटा। जब वसीम ने मालिक से शिकायत की, तो शिकायतकर्ता ने नीटू को डांटा और 2-4 थप्पड़ भी मारे। इसी बात से गुस्से में आकर नीटू ने बदला लेने की ठान ली। अगले दिन उसने बच्चे को बहला-फुसलाकर अपने किराए के कमरे में ले गया और वहां ईंट व चाकू से उसकी हत्या कर दी। घायल बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में नरेला थाने में एफआईआर संख्या 700/25, धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए आउटर नॉर्थ जिले के डीसीपी के निर्देश पर संयुक्त टीम गठित की गई। सभी टीमों को बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और अंतरराज्यीय बॉर्डरों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। तकनीकी निगरानी, सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी की लोकेशन मालका गंज क्षेत्र में ट्रेस की गई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी नीटू सहाय को धर दबोचा। पूछताछ के दौरान उसने अपने अपराध को स्वीकार कर लिया। गहन पूछताछ में आरोपी नीटू सादय उर्फ नीटू सहाय ने बताया कि वह पिछले एक वर्ष से नरेला, दिल्ली के गोगा मोड़ स्थित न्यू सनौठ कॉलोनी में किराए के कमरे में रह रहा था।

## अब यमुना के साफ पानी में छठ मनाएंगे दिल्लीवासी, हरियाणा ने छोड़ा हथनी कुंड बैराज से अधिक पानी

**नई दिल्ली।** यमुना में छठ मनाने पर प्रतिबंध हटाने के बाद साफ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने की चुनौती है। हरियाणा सरकार के सहयोग से इस समस्या का समाधान किया जा रहा है। श्रद्धालु साफ पानी में सूर्य भगवान को अर्घ्य दे सकें, इसके लिए हरियाणा के यमुनानगर स्थित हथनी कुंड बैराज से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है। इससे नदी में प्रदूषण का स्तर कम होने की उम्मीद है। कालिंदी कुंज के पास झाग की समस्या के समाधान के लिए रसायन का छिड़काव भी किया जा रहा है। भाजपा ने यमुना की सफाई के साथ ही छठ पूजा के आयोजन पर रोक हटाने का वादा किया था। 17 अप्रैल को यमुना सफाई को लेकर हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी यमुना किनारे छठ पूजा के आयोजन की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। इसे ध्यान में रखकर दिल्ली सरकार तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात कर दिल्ली में चल रहे विकास कार्य और छठ पूजा के आयोजन की जानकारी दी थी। नदी के किनारे 17 स्थानों पर छठ पूजा घाट बनाए गए गए हैं। वहीं, पिछले तीन दिनों से हथनी कुंड बैराज से पूर्वी व पश्चिमी यमुना नहर का पानी रोककर यमुना नदी में डाला जा रहा है। केंद्रीय जल आयोग की वेबसाइट के अनुसार 20 अक्टूबर व उससे पहले नदी में प्रति घंटे लगभग चार सौ क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। वहीं, सोमवार को तीन हजार से लेकर साढ़े चार हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। मंगलवार को बढ़कर यह सात हजार से लेकर 10 हजार क्यूसेक से अधिक हो गया।

## समाचार

### छठ पूजा पर अगले पांच दिन में रेलवे चलाएगा 1500 स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम कर रहा है। छठ पूजा के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने खास इंतजाम किए हैं। अगले पांच दिनों में हर दिन औसतन 300 विशेष ट्रेनें यानी कुल 1500 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी, जिससे यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचने में आसानी हो। भारतीय रेलवे के मुताबिक 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक यानी 61 दिनों में 12,000 से ज्यादा विशेष ट्रेनें चलेंगी। अब तक 11,865 ट्रिप्स की घोषणा हो चुकी है, जिनमें 9,338 आरक्षित और 2,203 अनारक्षित ट्रिप्स शामिल हैं। यह संख्या पिछले साल की तुलना में काफी ज्यादा है। पिछले साल 7,724 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई थीं। पिछले 21 दिनों में 4,493 ट्रिप्स यानी हर दिन औसतन 213 ट्रिप्स ने यात्रियों को दिवाली के लिए घर पहुंचने में मदद की। 19 अक्टूबर को उधना स्टेशन से 36,000 से ज्यादा यात्रियों ने सफर किया, जो पिछले साल की तुलना में 50 फीसदी ज्यादा है। रेलवे के मुताबिक पिछले पांच दिनों में उधना से ही 1.2 लाख लोग सफर कर चुके हैं। रेलवे ने भीड़ को देखते हुए विशेष होल्डिंग एरिया और अतिरिक्त टिकट काउंटर भी बनाए हैं। यात्री रेलवे की बेहतर व्यवस्था की जमकर तारीफ कर रहे हैं। जबलपुर स्टेशन पर एक यात्री ने कहा कि प्लेटफॉर्म साफ-सुथरे हैं, सुरक्षा अच्छी है और स्टेशन का रखरखाव भी अच्छा है।

### पटना जाने वाले स्पाइसजेट विमान में तकनीकी खराबी, दिल्ली लौटा

**नई दिल्ली।** तकनीकी खराबी के कारण पटना जाने वाला स्पाइसजेट का एक विमान बृहस्पतिवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि विमान ने सामान्य लैंडिंग की और यात्रियों को सामान्य रूप से उतार लिया गया। विमान में सवार यात्रियों की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है। विमानन कंपनी ने कहा, 23 अक्टूबर 2025 को दिल्ली से पटना जा रही स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 497 तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के बाद दिल्ली लौट आई यात्रियों को ले जाने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई, जो अब पटना के लिए रवाना हो चुका है। उड़ान संख्या एसजी 497 का संचालन बोइंग 737 विमान से किया गया था।

### आईजीआई एयरपोर्ट पर प्रतिबंधित गांजे के साथ यात्री गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम्स अधिकारियों ने 20 अक्टूबर को बैंकॉक से आए एक यात्री को पकड़ा। यात्री ने कस्टम्स ग्रीन चैनल पार किया था, जिसके बाद उसका पीछा कर उसे रोका गया। सामान की जांच के दौरान, अधिकारियों ने छह पैकेट में हरे रंग का पदार्थ बरामद किया, जिसे हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) होने का संदेह है। बरामद पदार्थ का कुल वजन लगभग 3,000 ग्राम (तीन किलो) बताया गया है। कस्टम्स अधिकारियों ने संदिग्ध गांजे को जब्त कर लिया और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। यात्री से पूछताछ की जा रही है ताकि इस तस्करी के पीछे के नेटवर्क का पता लगाया जा सके। दिल्ली कस्टम्स के अनुसार, यह कार्रवाई हवाई अड्डे पर बढ़ती सतर्कता और निगरानी का हिस्सा है। जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि क्या यह पदार्थ व्यक्तिगत उपयोग के लिए था या बड़े पैमाने पर तस्करी का हिस्सा। मामले में आगे की जानकारी जांच पूरी होने के बाद सामने आएगी।

### 14 साल पराने डकैती के मामले में देरी करने और झूठी गवाही देने के आरोपी पूर्व एसएचओ के खिलाफ कार्यवाही पर कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।** एक अदालत ने 14 साल पुराने डकैती के एक मामले में मुकदमे में देरी करने और झूठी गवाही देने के आरोपित एक पूर्व थाना प्रभारी (एसएचओ) के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आदर्श नगर थाने के पूर्व थाना प्रभारी विश्राम मीणा और अन्य अधिकारियों ने 2010 के इस मामले की सुनवाई में देरी की। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना ने अभियोजन पक्ष को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई की तारीख तीन दिसंबर तक उनके खिलाफ निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी। मीणा ने निचली अदालत द्वारा बीते वर्ष दो अप्रैल और 27 फरवरी को पारित दो आदेशों को चुनौती दी है। अधिकारी की ओर से पेश हुए वकील ऋषभ जैन ने कहा कि अंतरिम राहत की आवश्यकता है क्योंकि उनके खिलाफ आरोप तय करने की तारीख तय हो चुकी है। दलीलों पर विचार करने के बाद, अदालत ने न्यायिक मजिस्ट्रेट गरिमा जिंदल के समक्ष चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बाबरू भान ने बीते वर्ष 10 जनवरी को मुख्य महानगर दंडाधिकारी के समक्ष मामला दायर करने का आदेश दिया था। न्यायिक दंडाधिकारी नेहा पांडे के समक्ष मामला दर्ज किया गया। बीते वर्ष दो अप्रैल को उन्होंने शिकायत का संज्ञान लिया और मीना, उप-निरीक्षक कृष्ण लाल, सहायक उप-निरीक्षक अविनाश और कांस्टेबल देवेंद्र सहित आरोपी पुलिसकर्मियों को सम्मन जारी किया था।

### दिल्ली से शुरू हुई 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा', 29 अक्टूबर को पटना साहिब में होगा समापन

**नई दिल्ली।** तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से बृहस्पतिवार को गुरुद्वारा मोती बाग से चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा निकाली गई। एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह व केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जत्थे को रवाना किया। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज और माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ा साहिब को लेकर निकलने वाली यह यात्रा दिल्ली में रिंग रोड धौला कुआं, आरके पुरम सेक्टर-9, ग्रीन पार्क, आइआइटी रोड, पंचशील फ्लाईओवर, अरबिंदो कालेज, मालवीय नगर मेट्रो स्टेशन (शेख सराय-दो), चिराग दिल्ली (जीके-दो) सीआर पार्क, जीपी रोड, केजे डिपो रेलवे क्रासिंग, बदरपुर होकर गुजरेगी। रास्तेभर विभिन्न गुरुद्वारों पर कीर्तन, अरदास और लंगर का आयोजन किया जाएगा। दक्षिणी जिला भाजपा कार्यालय पर दोपहर तीन बजे दक्षिणी दिल्ली सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी व दक्षिणी जिलाध्यक्ष माया सिंह बिष्ट भाजपा कार्यकताओं संग जोड़े साहिब का दर्शन कर जत्थे का स्वागत करेंगे। इसके बाद चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा अगले पड़ाव यानी सहारनपुर के लिए रवाना होगी। यात्रा मुरादाबाद, लखनऊ, गोरखपुर, मुजफ्फरपुर होते हुए 29 अक्टूबर को पटना साहिब पहुंचकर समाप्त होगी।

### रेलवे स्टेशनों पर उमड़ रही भीड़, दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लिया तैयारियों का जायजा

**नई दिल्ली।** छठ पूजा पर घर जाने वाले यात्रियों की रेलवे स्टेशनों पर भीड़ उमड़ रही है। रेलवे प्रशासन के सामने यात्रियों की भीड़ को संभालना और उन्हें सुरक्षित गंतव्यत तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है। इसके लिए विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। वहीं, भीड़ प्रबंधन के लिए रेलवे बोर्ड से लेकर मंडल स्तर तक कंट्रोल रूम तैयार की गई है।

# पराली जलाने पर 30 हजार रुपये तक का लग सकता है जुर्माना

● किसान पराली में आग ना लगाएं, करें पराली का उचित प्रबंधनः उपायुक्त

नूंह। इन दिनों जिले में धान की कटाई का सीजन चल रहा है। धान की पराली को जलाने की बजाए उसका उचित प्रबंधन करवाना जहां प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है, वहीं किसान के लिए भी यह एक बड़ा काम है। लेकिन सभी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए किसानों को जलाने की बजाय उचित प्रबंधन के विकल्प को ही चुनना पड़ेगा। हालांकि जिले में पराली को जलाने की बजाए लोग पशुओं के चारे में इस्तेमाल करते है। वहीं उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों को 30,000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। साथ ही, उन्हें मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दो वर्षों के लिए प्रतिबंधित भी किया जा सकता है। उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि सभी किसान पर्यावरण संरक्षण और अपनी भूमि की उपजाऊ क्षमता को बनाए रखने के लिए पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाएं और जिले को प्रदूषणमुक्त बनाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि आज किसानों के पास पराली प्रबंधन के कई विकल्प उपलब्ध हैं। पराली से चारा तैयार किया जा सकता है, बंडल बनाए जा सकते हैं अथवा कृषि यंत्रों की सहायता से इसे खेत की मिट्टी में मिलाया जा सकता है। कृषि विभाग द्वारा इस कार्य के लिए आवश्यक मशीनें उपलब्ध कराई जा रही हैं। उपायुक्त ने कहा कि पराली जलाने से न केवल वायु प्रदूषण बढ़ता है बल्कि खेतों की उर्वरक शक्ति भी घटती है और अनेक सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) योजना लागू की गई है, जिसके अंतर्गत पराली नहीं जलाने वाले किसानों को 1200 रुपए प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। उन्होंने जिले के किसानों से अपील की है कि वे फसल कटाई के बाद खेतों में बची पराली या अवशेष को आग के हवाले न करें। भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि किसान खेत में बची फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करें।

# अमेजॉन वेयरहाउस से आईफोन चोरी, एक आरोपी को पकड़ा, केस दर्ज

तावडू। उपमंडल के थाना मोहम्मदपुर अहीर क्षेत्र के गांव झामुवास में स्थित अमेजन कंपनी के वेयरहाउस से लाखों रुपये के तीन आईफोन गायब करने का मामला सामने आया है। दो कंपनी कर्मचारियों ने ही इस वारदात को अंजाम दिया जिसमें एक आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया, पकड़े गए आरोपी से एक मोबाइल भी बरामद हुआ है। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। फिलहाल कंपनी प्रतिनिधि की शिकायत पर मोहम्मदपुर अहिर थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि अजीत झा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अमेजॉन में कार्यरत कर्मचारी मुकेश वर्मा, निवासी कानपुर उत्तर प्रदेश और धर्मपाल सिंह, निवासी भिवानी हरियाणा ने मिलकर कंपनी से तीन महंगे एप्पल आईफोन चोरी कर लिए। शिकायत के अनुसार दोनों कर्मचारियों ने बड़ी चालाकी से यह फोन चोरी की वारदात अंजाम दी। धर्मपाल सिंह ने वेयरहाउस से फोन निकालकर मुकेश वर्मा को दिए, जिसने उन्हें सीपीयू में छिपाकर कंपनी से बाहर निकाल लिया। जब कंपनी ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पूरी वारदात सामने आ गई। इसके बाद कंपनी प्रबंधन ने आरोपी मुकेश वर्मा को पूछताछ के लिए बुलाया, जिसने चोरी की बात कबूल कर ली। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिसे कंपनी प्रतिनिधि ने आरोपी सहित पुलिस के हवाले कर दिया।पुलिस ने आरोपी मुकेश वर्मा से एक फोन बरामद कर लिया है, जबकि दो अन्य फोन और आरोपी धर्मपाल सिंह की तलाश जारी है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बाल विवाह करवाने, बढ़ावा देने वालों को होगी दो वर्ष की कैद

● उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा, बाल विवाह में शामिल सभी व्यक्तियों व संस्थानों पर होगी कानूनी कार्रवाई

नूंह। देवउठनी एकादशी से हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह मुहूर्त आरंभ हो जाता है। इस दौरान बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई होने की संभावना बनी रहती है, जो बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत एक दंडनीय अपराध है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध विभाग द्वारा बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।वहीं जिला प्रशासन की तरफ से इस बार विशेष तैयारियां की जा रही है। जिला उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि अधिनियम के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना गया है। यदि इस आयु से कम में विवाह किया जाता है तो यह संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध है। बाल विवाह करवाने, उसे बढ़ावा देने या उसकी सहायता करने वाले व्यक्ति को दो वर्ष तक की सजा तथा एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। उपायुक्त ने विवाह समारोह से जुड़ी सेवाएं देने वाले टेंट हाउस, हलवाई, पंडित, कैटरर, प्रिंटिंग प्रेस आदि से भी अपील की कि वे किसी नाबालिग के विवाह आयोजन में न तो भाग लें और न ही अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएं। अन्यथा उनके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी आग्रह किया कि यदि कहीं बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत बाल विवाह निषेध अधिकारी, पुलिस हेल्पलाइन 112, मैजिस्ट्रेट कार्यालय या चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दें।

# गुरुग्रामः महिलाओं के कपड़े पहनकर चोरों ने जैन मंदिर में की चोरी

● मंदिर से अष्टधातु से बनी प्रतिमा, दानपात्र व चार चांदी के मेरु चोरी करने के दो आरोपी काबू
● आरोपियों के कब्जा से चोरी हुई एक अष्ट धातु की मूर्ति, एक दानपात्र

गुरुग्राम। मंदिर से अष्टधातु से बनी प्रतिमा, दानपात्र व चार चांदी के मेरु चोरी करने के दो आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों के कब्जा से चोरी हुई एक अष्ट धातु की मूर्ति, एक दानपात्र, चार चांदी के मेरु व वारदात में प्रयोग की गई बाइक बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार 18 अक्टूबर को एक व्यक्ति ने पुलिस थाना फरुखनगर जिला गुरुग्राम की पुलिस को शिकायत दी थी। जिसमें कहा था कि 17/18 अक्टूबर 2025 की रात को जैन मंदिर फरुखनगर से किसी अज्ञात चोर द्वारा एक दानपात्र व अष्टधातु की बनी एक प्रतिमा व चार चांदी के बने मेरु चोरी कर लिए गए। इस शिकायत पर थाना फरुखनगर में सम्बन्धित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा फरुखनगर की पुलिस टीम ने चोरी की इस वारदात में दो आरोपियों को काबू किया गया है। जिनकी पहचान गौरव (उम्र-19 वर्ष) निवासी फरुखनगर, जिला गुरुग्राम व आतिश (उम्र-22 वर्ष) निवासी कनीना जिला महेंद्रगढ़ (हरियाणा) के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी गौरव को फरुखनगर से काबू किया गया। उसे अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया। आरोपी आतिश को कनीना जिला महेंद्रगढ़ से काबू करके गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी आतिश गुरुग्राम में दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है। इन्होंने योजनानुसार महिलाओं वाले वस्त्र (सलवार) पहनकर चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया, ताकि ये पुलिस को गुमराह कर सके। चोरी करने के बाद इन्होंने वारदात को अंजाम देने में प्रयोग किए गए महिलाओं वाले वस्त्रों में आग लगाकर जला दिया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जा से एक अष्टधातु की मूर्ति, एक दानपात्र, चार चांदी के मेरु व वारदात में प्रयोग की गई एक बाइक बरामद की गई है।

# गुरुग्रामः महिला मित्र ने बातचीत बंद की तो मारी गोली, बाल-बाल बची

● कब्जा से वारदात में प्रयोग एक देशी कट्टा बरामद
● प्रारंभिक पूछताछ में पता चला के आरोपी विपिन किसी निजी कंपनी में ड्राइवर की नौकरी करता है।

गुरुग्राम। महिला मित्र ने बातचीत बंद की तो उसके साथी ने उस पर देसी कट्टे से गोली दाग दी। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से ही आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस थाना उद्योग विहार गुरुग्राम की पुलिस टीम को करीब 10 बजे एक सूचना मिली कि डूंडाहेड़ा गांव गुरुग्राम के पास एक व्यक्ति द्वारा 30 वर्षीय लड़की पर गोली चला दी गई। इस सूचना पाकर पुलिस थाना उद्योग विहार घटनास्थल पर पहुंची। वहां पर एक युवक द्वारा एक युवती शिवांगी (उम्र 30 वर्ष) निवासी जिला प्रतापगढ़ (उत्तर-प्रदेश) पर उस युवक ने गोली चलाई थी। गोली लड़की के कंधे पर लगी। लड़की को घायल अवस्था में अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। वारदात को अंजाम देने वाले युवक को घटनास्थल से काबू किया गया। आरोपी की पहचान विपिन निवासी जौनपुर, (उत्तरप्रदेश) उम्र 31 वर्ष के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी विपिन किसी निजी कंपनी में ड्राइवर की नौकरी करता है। आरोपी व पीड़िता आपस में दोस्त थे। कुछ दिनों से पीड़ित लड़की ने आरोपी विपिन से बात करना बंद कर दिया था। जिसके चलते आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को काबू करके गहनता से पूछताछ की जा रही है।

# गुरुग्राम में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए निगम ने शुरू किए प्रयास

गुरुग्राम। प्रदूषण नियंत्रण के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा लागू ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप-2) की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम गुरुग्राम ने कार्य शुरू कर दिया है। निगम का दावा है कि उसकी की टीमें शहरभर में सक्रिय हैं। धूल व प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। शहर की सडकों से धूल-मिट्टी को हटाने का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। मुख्य सडकों पर मैकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीनें रात के समय सफाई कार्य कर रही हैं, जबकि दिन के समय टैंकरों के माध्यम से पानी का छिडकाव किया जा रहा है, ताकि धूल उडड्ने से रोकी जा सके। इसके साथ ही स्वच्छता और बागवानी शाखा की टीमें सडक किनारे पड़े कचरे, पत्तों व मलबे को उठाने में लगी हुई हैं। निगम द्वारा प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। ग्रैप-2 के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाएगी। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि किसी भी प्रकार का खुले में कचरा जलाना, निर्माण मलबा खुले में रखना या प्रदूषणकारी गतिविधियों को बढ़ावा देना दंडनीय अपराध है। नागरिकों से सहयोग की अपील : नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें और ग्रैप के दिशा-निर्देशों की पूरी तरह पालन करें। निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छ, हरित और प्रदूषण-मुक्त गुरुग्राम बनाने के लिए प्रशासन और नागरिकों का संयुक्त प्रयास जरूरी है। नगर निगम गुरुग्राम का लक्ष्य है कि शहर को वायु प्रदूषण के प्रभाव से मुक्त किया जाए। इसके लिए निगम लगातार निगरानी, सफाई और जन-जागरूकता की दिशा में कार्य कर रहा है।

# गुरुग्राम निगमायुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

● कचरा उठान में तेजी लाने के लिए निर्देश
● बेरीवाला बाग, एसपीआर और एमजी रोड सहित कई स्थानों का दौरा किया

गुरुग्राम। गुरुवार सुबह निगमायुक्त प्रदीप दहिया और अतिरिक्त निगमायुक्त रविन्द्र यादव ने शहर के कई इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई का भी जायजा लिया और अवैध रूप से कूड़ा डालने वालों पर सख्ती के आदेश दिए। निगमायुक्त ने सबसे पहले बेरीवाला बाग स्थित सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंट का दौरा किया। वहां उन्होंने कचरा उठान की स्थिति का जायजा लिया। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां नियमित सफाई और समय पर कचरा उठान सुनिश्चित किया जाए। इस स्थल पर नगर निगम द्वारा व्यू कटर लगाए गए हैं। शीघ्र ही चारदीवारी का निर्माण भी किया जाएगा, ताकि सडक पर कचरा ना फैले। व्यू कटर लगाने से इस स्थल में काफी सुधार हुआ है। इसके पश्चात निगमायुक्त ने एसपीआर रोड का निरीक्षण किया। सडक किनारे पड़े कचरे, मलबे तथा बागवानी वेस्ट के उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त आयुक्त से कहा कि नवंबर माह के आरंभ में दोबारा निरीक्षण से पहले बिजनेस जोन के सामने पड़ा सारा कचरा और मलबा पूरी तरह साफ कर लिया जाए। साथ ही उन्होंने एसपीआर पर पानी लिकेज की जांच कर तुरंत समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने एमजी रोड स्थित पिलर नंबर 48 के पास पड़े मलबे को तुरंत हटाने और कचरे को नियमित रूप से बंधवाड़ी प्लांट तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने ९ए रोड और फरीदाबाद रोड के निरीक्षण के दौरान सडक किनारे पड़े मलबे के शीघ्र उठान के आदेश दिए। इसके बाद निगमायुक्त ने बंधवाड़ी कचरा प्रबंधन साइट का भी निरीक्षण किया। अब फरीदाबाद रोड की तरफ व्यू कटर लगाने और पौधारोपण होने से साइट की तस्वीर बदल गई है। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने स्पष्ट रूप से कहा कि सडक किनारों, ग्रीन बेल्ट और सार्वजनिक स्थलों पर कचरा या मलबा फेंकने वालों के खिलाफ कड़ी और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सेनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स की निगरानी को और अधिक सशक्त किया जाएगा। अवैध रूप से कचरा फेंकने या डंपिंग करने वाले वाहनों को जब्त किया जाएगा, भारी जुमार्ना लगाया जाएगा और एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण-मुक्त बनाए रखना है, जिसके लिए सभी अधिकारी और टीमें समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं। इस मौके पर निगमायुक्त के साथ अतिरिक्त निगमायुक्त रविन्द्र यादव, संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार व रविन्द्र मलिक, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक संदीप कुमार व देवेन्द्र बिश्नोई उपस्थित थे।

# कल से नहाय-खाय से होगी छठ महापर्व की शुरूआत

● चार दिवसीय आस्था का पर्व 28 तक चलेगा
● पांच हजार से अधिक श्रद्धालु करेंगे सूर्य उपासना

पलवल। लोक आस्था का महापर्व छठ बस कुछ दिनों बाद ही शुरू होने वाला है। शहर में इस पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। श्रद्धा, आस्था और परंपरा के इस चार दिवसीय महापर्व को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बार छठ पर्व 25 से 28 अक्तूबर तक मनाया जाएगा। पलवल शहर के आगवानपुर गांव स्थित छठ घाट पर साफ-सफाई, रंगाई और सजावट का कार्य चल रहा है। पूर्वांचल जनकल्याण समिति के अध्यक्ष विजय पटेल और धार्मिक सलाहकार डॉ. पशुपतिनाथ मिश्र ने बताया कि समिति के सदस्य दिन-रात घाट की सफाई में जुटे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोशनी, पेयजल, अस्थायी शौचालय, बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी पूरी की जा रही है। घाटों को आकर्षक रूप देने के लिए फूलों की मालाएं, झालरें और रंग-बिरंगी लाइटें लगाई जा रही हैं।

**बाजारों में लौटी रौनक :** पुलिस प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा, वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम व दमकल वाहन भी मौके पर मौजूद रहेंगे। छठ पर्व की तैयारी के साथ ही बाजारों में रौनक लौट आई है। महिलाओं ने पूजन सामग्री की खरीदारी शुरू कर दी है। गन्ना, नारियल, केला, नींबू, सिंघाड़ा, मिठाई, गुड़, चावल, फल और बांस की डलिया, सूप, दौरा, और टोकरी की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। बाजारों में भीड़ इतनी बढ़ गई है कि दुकानदारों के चेहरे भी खिल उठे हैं।

**चार दिवसीय छठ पर्व की विधि:** पहला दिन (25 अक्तूबर) नहाय-खाय, इस दिन व्रती महिलाएं नदी या तालाब में स्नान कर पवित्रता के साथ व्रत का आरंभ करती हैं और प्रसाद में चने की दाल, लौकी और चावल का सेवन करती हैं। दूसरा दिन (26 अक्तूबर) खरना, इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं और शाम को गुड़ और चावल की खीर बनाकर प्रसाद ग्रहण करती हैं। तीसरा दिन (27 अक्तूबर) संध्या अर्घ्य, सूर्यास्त के समय सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया जाता है। घाटों पर इस अवसर पर भजनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और झांकियों का आयोजन किया जाएगा। चौथा दिन (28 अक्तूबर) उषा अर्घ्य — सूर्योदय के समय छठी मैया और सूर्य देव को अर्घ्य अर्पण कर पर्व का समापन होता है। व्रती महिलाएं लगभग 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं। इस वर्ष छठ पूजन महोत्सव पर मुख्य अतिथि के रूप में खेल मंत्री गौरव गौतम होंगे साथ ही पूर्व विधायक दीपक मंगला, उपायुक्त हरीश कुमार वशिष्ठ, एसडीएम ज्योति, और नगर परिषद चेयरपर्सन डॉ. यशपाल मौजूद रहेंगे। समिति के पदाधिकारियों अध्यक्ष विजय पटेल, उपाध्यक्ष गणेश मुखिया, महासचिव ब्रजेश शाह, धार्मिक सलाहकार डॉ. पशुपतिनाथ मिश्र, महामंत्री रामवृक्ष मुंशी, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, सह सचिव आनंद कुमार ने महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक की और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से पूरी करने के निर्देश दिए।

# आज दोपहर पलवल पहुंचेगी पवित्र जोड़ा साहिब यात्रा, जगह-जगह होगा भव्य स्वागत

पलवल। सिख समुदाय की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा पवित्र जोड़ा साहिब शुक्रवार को दोपहर पलवल जिले की सीमा में प्रवेश करेगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस यात्रा को फरीदाबाद से पलवल की ओर रवाना करेंगे। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि यात्रा दोपहर करीब एक बजे गदपुरी के रास्ते जिले में प्रवेश करेगी, जहां प्रशासन और स्थानीय लोग इसका भव्य स्वागत करेंगे। यह यात्रा सिखों के दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज और माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ों को लेकर दिल्ली से शुरू हुई है और एक नवंबर को गुरु जी के जन्मस्थान तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब में जाकर संपन्न होगी। यात्रा का रात्रि विश्राम गुरुवार को फरीदाबाद में रहेगा, जिसके बाद यह पलवल, आगरा, बरेली, महागपुर, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज और सासाराम होते हुए पटना पहुंचेगी। डॉ. वशिष्ठ ने बताया कि पलवल शहर में श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा सेक्टर-2 में हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम यात्रा का स्वागत करेंगे। इसके बाद यात्रा को होडल विधानसभा क्षेत्र की ओर रवाना किया जाएगा, जहां विधायक हरिंद्र सिंह इसका अभिनंदन करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि यह जिला पलवल के लिए गर्व की बात है कि यह ऐतिहासिक यात्रा यहां से होकर गुजर रही है। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों से अपील की कि वे गुरु चरणों के दर्शन अवश्य करें।

# 30 हजार रिक्त पदों पर नियमित भर्ती को लेकर आंदोलन तेज

● राज्य प्रधान प्रभु सिंह की अध्यक्षता और महासचिव रामपाल के संचालन में हुई ऑनलाइन बैठक में गुरमीत सिंह, संजीव सिंगला, कृष्ण नैन, सुखदर्शन, निशा, सी.एन. भारती और सत्यनारायण यादव शामिल हुए

पलवल। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। संघ ने घोषणा की है कि सात नवंबर तक सभी जिलों में प्रदर्शन किए जाएंगे और आठ नवंबर को शिक्षा मंत्री के पानीपत कैंप कार्यालय के बाहर राज्यस्तरीय रोष प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। राज्य प्रधान प्रभु सिंह की अध्यक्षता और महासचिव रामपाल के संचालन में हुई ऑनलाइन बैठक में गुरमीत सिंह, संजीव सिंगला, कृष्ण नैन, सुखदर्शन, निशा, सी.एन. भारती और सत्यनारायण यादव शामिल हुए। बैठक में संघ ने शिक्षकों की तबादला नीति को तर्कसंगत बनाने, एसीपी लाभ तुरंत जारी करने और कैशलेस मेडिकल सुविधा को शिक्षकों के आश्रितों के लिए भी बिना आय सीमा के लागू करने की मांग उठाई। संघ ने 30 हजार से अधिक रिक्त शिक्षकीय पदों पर नियमित भर्ती, छात्रों की ईंसेंटिव राशि और विद्यालयों की अनुदान राशि बढ़ाने, चिराग योजना बंद करने और अध्यापकों से गैर-शैक्षणिक कार्य लेना समाप्त करने की भी मांग की। बैठक में यह भी कहा गया कि सरकार को शिक्षा पर जीडीपी का 6%, केंद्रीय बजट का 10% और राज्य बजट का 30% खर्च करना चाहिए। संघ ने अतिथि, कंप्यूटर, एचकेआरएन, आरोही, केजीबीवी और वोकेशनल अध्यापकों को नियमित करने तथा प्राथमिक शिक्षकों का वेतनमान 39,900 से शुरू करने की मांग रखी।

## समाचार

# ऐतिहासिक कुएं के पास रातों-रात खुदाई से तनाव

तावडू। उपमंडल के गांव गोयला में मोहम्मदपुर अहिर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव में स्थित एक पुरानी ऐतिहासिक कुएं के पास और दरगाह की बाउंड्री के साथ पंचायती भूमि पर बीती रात अज्ञात लोगों द्वारा खजाने की तलाश में गड्ढा खोदा गया। सुबह ग्रामीणों ने इस घटना को देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। ग्रामीणों के अनुसार यह ऐतिहासिक कुआं और दरगाह गांव की पंचायती जमीन पर स्थित है। अज्ञात लोगों ने रात के अंधेरे में कुएं के पास गहरी खुदाई की और एक पत्थर को भी साथ ले गए। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर आक्रोश है, और उनका मानना है कि यह खुदाई धन के लालच या अंधविश्वास के चलते की गई है। कुछ सूत्रों का कहना है कि धार्मिक पाखंड में लिप्त लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है। सूचना मिलते ही मोहम्मदपुर अहिर थाना प्रभारी राकेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और शांति व्यवस्था बनी हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव के सरपंच प्रतिनिधि संदीप ने बताया कि फिलहाल पुलिस कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है, लेकिन जरूरत पड़ने पर शिकायत दर्ज की जा सकती है।

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ के ग्राम यूनिट के प्रधान बने इदरीश कुरैशी

नूंह। सेवानिवृत कर्मचारियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो तथा कार्यालयों से संबंधित उनके कार्यों को आसानी से कराया जा सके, इसके लिए रिटायर्ड कर्मचारी संघ लगातार अपने संगठन को मजबूत कर रहा है। इसी कड़ी में फिरोजपुर झिरका खंड के गांव साकरस में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की एक विशेष मीटिंग राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साकरस में खंड प्रधान श्यामलाल की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग का उद्देश्य था कि हर खंड के एक गांव में भी रिटायर्ड कर्मचारी संघ की यूनिट खड़ी की जाए। संगठन का विस्तार करने के लिए जिला, खंड के अलावा गांव स्तर पर भी यूनिट तैयार की जा रही है। साकरस गांव की यूनिट के लिए रिटायर्ड हेडटीचर इदरीश कुरैशी को प्रधान बनाया गया है। जिला प्रधान फरियाद मोहम्मद डिडारा और जिला उपप्रधान खेमचंद चौहान के नेतृत्व में सर्व सम्मति से विनोद कुमार को सचिव, रिटायर्ड बीईओ खालिद हुसैन को कोषाध्यक्ष, हारून खां उपप्रधान, मोहम्मद इकबाल संगठन सचिव नियुक्त किए गए।

# तीन सगी बहनें जेवर और कैश लेकर हुई लापता, केस दर्ज

पिनगवां। थाना क्षेत्र के एक गांव से तीन सगी बहनों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। इनमें से एक युवती बालिग है, जबकि दो नाबालिग हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लड़कियों के चाचा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 अक्तूबर को रात करीब 3 बजे तीनों बिना किसी को बताए घर से निकली। उस समय परिवार के सभी सदस्य अपने कमरों में सो रहे थे। तीनों ने अपनी मां के करीब 3 लाख रुपये के सोने के जेवर और संदूक में रखे लगभग 22 हजार रुपये अपने साथ ले लिए। इसके अलावा, वे एक मोबाइल फोन भी साथ लेकर गईं, जो बाद में बड़कली चौक के पास बंद हो गया। लापता लड़कियों में एक की उम्र 21 साल, दूसरी की 17 साल और तीसरी की 15 साल है। जांच अधिकारी कल्याण सिंह का कहना है कि लड़कियों के पास जो फोन था उसकी सीडीआर निकलवाई जा रही है। कोशिश है कि जल्दी ही लड़कियों की तलाश कर बरामद कर लिया जाएगा।

# गुरुग्राम में बेशर्मी की हद पार, चलती थार से किया पेशाब

गुरुग्राम। शहर के प्रमुख सदर बाजार के पास थर सवार एक युवक ने बेशर्मी की हद पार कर दी। उसने चलती थार की खिड़की से पेशाब किया। इस हरकत का वीडियो भी काफी वायरल हुआ है। जानकारी के अनुसार सदर बाजार क्षेत्र में सोहना चौक से शिवमूर्ति की तरफ थर गाड़ी में सवार होकर युवक जा रहा था। गाड़ी में सवार युवक ने चलती गाड़ी की खिड़की से पेशाब कर दिया। उसकी इस हरकत से कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। उसकी कार के पीछे चल रही एक कार में सवार लोगों ने थार सवार की हरकत को मोबाइल से रिकॉर्ड कर लिया। थर कार चला रहे युवक ने भी अपने साथ बैठे युवक को ऐसी हरकत करने से रोका तक नहीं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता / निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली दो पैकेट पद्धति ई-निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थल | उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के "दिल्ली-भटिंडा खंड पर किमी. 17/19 पर नांगलोई स्टेशन यार्ड में अप/डाउन दोनों दिशाओं में लंबे लूप का प्रावधान" और "रोहतक-पानीपतः रोहतक-गोहाना खंड के बीच जसिया में नए क्रॉसिंग स्टेशन का प्रावधान" भराई, कटाई, यांत्रिक संघनन, टर्फिंग, कंबलिंग का प्रावधान, छोटे पुलों और स्टेशन भवन (जसिया में) और रेल लेवल प्लेटफार्म (जसिया में) का निर्माण और बीजी ट्रैक को जोड़ने, चिपके हुए जोड़ों का प्रावधान, एसईजे, मौजूदा ट्रैक को हटाने, टर्नआउट, गिट्टी की हैंडलिंग, लिफ्टिंग, लोडिंग, लीडिंग, अनलोडिंग और फैलाने, बीएनआई/एनआई अवधि में पी. वे सामग्री की हैंडलिंग और अन्य संबद्ध कार्यों के लिए समग्र निविदा। |
| 2 | कार्य पूरा होने की अवधि | 18 (अठारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 2464.45 लाख |
| 4. | धरोहर राशि (जो कि ऑनलाइन जमा की जानी है) | रु. 12,82,200/- |
| 5 | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 15.00 बजे दिनांक 23.10.2025 से 14.11.2025 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। |
| 6. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 14.11.2025 को 15.00 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 23.10.2025 से 14.11.2025 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.00 बजे दिनांक 14.11.2025 को खोली जाएंगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

**No-543-ACS-Comb-Jasia-NNO-CSB Dated-23.10.2025** 3296/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हॉस्पिटल में महिला की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों का हंगामा

*** नूरपुर में डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप, महिला बिजनौर रेफर**

नूरपुर नगर स्थित आयुष्मान हॉस्पिटल में मंगलवार रात एक जच्चा के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया, जिसके कारण एक जच्चा की हालत नाजुक बताई जा रही है। जच्चा को नाजुक हालत में रेफर करने का आरोप लगाया गया है। मौके पर पहुंचीं डायल 112 पुलिस ने मामले को शांत कराया।



जच्चा के जीजी राहुल दरियापुर निवासी ने आरोप लगाया मंगलवार सुबह उनकी साली प्रवेश को यहां आयुष्मान हास्पिटल में ऑपरेशन के लिए लाया गया था डॉक्टर ने बताया था कि बच्चा मर गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉक्टर ने महिला का गलत ऑपरेशन किया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई।

गंभीर हालत को देखते हुए महिला को बिजनौर रेफर किया गया है। बोले पहले दो बोतल खून लाने को कहां जैसे तैसे हमने इंतजाम कर दिया। उसके बाद बोले एक बोतल की ओर जरूरत है जल्दी लाओ हमने उसका भी इंतजाम किया। उसके बाद बोलते हैं दो बोतल खून और लाकर दो अब रात में कहां से लाए बोले नहीं तो इसे ले जाओ।

सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया। इस दौरान, परिजनों ने ऑपरेट हुई महिला को कुछ भी अनहोनी होने पर डॉक्टर को देख लेने की धमकी भी दी।

यह पूरा मामला बिजनौर के थाना नूरपुर क्षेत्र के चांदपुर रोड स्थित आयुष्मान हॉस्पिटल का है। मामले में कस्बा इंचार्ज नूरपुर श्रीकांत सत्यार्थी ने बताया कि हमारे पहुंचने से पहले मौके पर डायल 112 पुलिस गई थी महिला को रात ही बिजनौर रेफर कर दिया था।

# बिजनौर के स्योहारा में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

*** पुलिस ने पति और देवर को हिरासत में लिया, दस महीने पहले हुई थी शादी**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्योहारा।** एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के पति और देवर को हिरासत में ले लिया है। यह घटना बुधवार की सुबह सामने आई।

मृतका की पहचान नूरपुर थाना क्षेत्र के मूसेपुर निवासी नोबहार की 20 वर्षीय पुत्री पूजा के रूप में हुई है। उसकी शादी करीब दस महीने पहले स्योहारा थाना क्षेत्र के मधेपुरा निवासी प्रिंस पुत्र दयाराम से हुई थी।

घटना की सूचना मिलते ही स्योहारा थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। धामपुर क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे भी घटनास्थल पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर बारीकी से जांच करवाई। पुलिस ने कमरे से मिले साक्ष्यों को सुरक्षित कर लिया है।

पुलिस ने मृतका के पति प्रिंस और उसके छोटे भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस दहेज, पारिवारिक कलह या मानसिक तनाव सहित सभी संभावित पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। मृतका के मायके पक्ष के लोग न्याय की मांग कर रहे हैं।

# एसोसिएशन ऑफ ओल्ड बॉयज़ की जानिब से दो दिवसीय कार्निवल का भव्य आयोजन

*** सरपरस्तों को किया गया सम्मानित, समाज में शिक्षा के महत्व पर दिया गया बल**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**अमरोहा।** एसोसिएशन ऑफ ओल्ड बॉयज़ की ओर से शहर के गोल्डन पैलेस में ÷यादें माज़ी÷ शीर्षक से दो दिवसीय कार्निवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में एसोसिएशन की ओर से अपने सरपरस्तों को ÷पेरेंट्स प्राइड अवॉर्ड÷ से सम्मानित किया गया। शायर फ़रोग अहसन खान ने बताया कि वर्ष 2000 में उन्होंने अपने साथियों के साथ इंटरमीडिएट की शिक्षा प्राप्त की थी, और अब सिल्वर जुबली के अवसर पर ÷यादें माज़ी÷ के नाम से यह आयोजन कर उन सुनहरे पलों को पुनः जीवंत किया गया है। कार्यक्रम में बोलते हुए अधिवक्ता सैय्यद मोहसिन अख़्तर ने कहा कि समाज को सभ्य बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का शिक्षित होना अनिवार्य है। देश की निरंतर तरक्की तभी संभव है जब हर नागरिक शिक्षा से जुड़े।आई.एम. इंटर कॉलेज के पूर्व अध्यापक सैय्यद हसन मुज्तबा नक़वी ने कहा कि दोस्ती की नींव विश्वास, सम्मान और समझदारी पर टिकी होती है। इतने वर्षों बाद भी आप सभी ने अपनी मित्रता को कायम रखा है, इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं।

इस अवसर पर आले अहमद कन्या इंटर कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य परवीन नक़वी, विकारुल हसनैन खां, गुलाम बाकर आबिदी, डा. वासिफ अली खान, शाज़िया इमदाद, लियाकत अमरोहवी, सैफ अब्बास, क़मर अली नक़वी, तबस्सुम तस्वीर नक़वी, समर रज़ा तकवी, इमदाद आबिदी, और नौमान हैदर सहित कई अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर सलमान अख्तर और अली आबिदी अमरोहवी ने किया। कार्निवल में बच्चों के लिए विशेष खेलों के साथ-साथ ग़ज़ल संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसने समारोह में चार चाँद लगा दिए। इस मौके पर डॉ. अतीफ खां, रामिश वली, अली आदिल तकवी, अज़हर अली, अशर रज़ा तकवी, ज़िया काज़मी, सैय्यद सरदार मोहम्मद, सिब्ते हैदर, अज़ीम ज़ैदी, आसिफ़ रज़ा, हसन ज़मा, हैदर रज़ा, सलीम ज़ैदी सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र एवं अतिथि उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत मैं महिला शक्ति को किया गया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अंतर्गत 23 अक्टूबर 2025 को महिला आरक्षी 87 प्रीति तोमर द्वारा कस्बा व थाना चांदपुर जनपद बिजनौर में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा हेल्प लाइन नंबरों

1. महिला हेल्प लाइन नंबर 181*
*2. वूमेन पावर लाइन नंबर 1090*
*3. आपातकालीन नंबर 112*
*4. स्वास्थ्य सेवा नंबर 102*
*5. एंबुलेंस नंबर 108*
*6. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098* 7. *साइबर



हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना* के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने , सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने , अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया , महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं महिलाओं को जागरूक किया गया

# डीआईजी ने डीएम-एसपी के साथ किया तिगरी गंगा मेला स्थल का निरीक्षण

*** मेला को स्वच्छ, सुरक्षित और भव्य बनाने के दिए निर्देश**

**अमरोहा।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद मंडल मुनिराज ने मंगलवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के साथ गंगा तिगरी मेला स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरी की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। डीआईजी मुनिराज ने बताया कि इस वर्ष श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। मेले में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि स्टंटबाजी या खुराफात करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यातायात और पार्किंग व्यवस्था को इस प्रकार संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं कि श्रद्धालु और आमजन दोनों को कोई परेशानी न हो।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि गंगा नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि सुरक्षित स्नान घाटों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सड़क और प्रकाश व्यवस्था को लेकर भी कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि ÷इस बार हम और भी स्वच्छ, सुरक्षित और भव्य मेला आयोजित करेंगे।÷ उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए शौचालय और चेंजिंग रूम की विशेष व्यवस्था की गई है तथा सभी सेक्टरों में पेयजल व प्रकाश की पर्याप्त सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस अधीक्षक श्री



अमित कुमार आनंद ने कहा कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के साथ पीएसी बल की भी तैनाती रहेगी। भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था और निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी धनौरा विभा श्रीवास्तव, तथा लोक निर्माण विभाग, बाढ़ खंड सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**असमाजिक तत्वों पर रखीं जाएं कड़ी नजरः मुनिराज**

**अमरोहा।** आगामी ऐतिहासिक राजकीय तिगरी गंगा मेले की तैयारियों को लेकर पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद मुनिराज ने बुधवार को मेला स्थल तिगरी गंगा घाट का निरीक्षण किया।डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए तथा किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने मेले को स्वच्छ, सुरक्षित और भव्य रूप से सम्पन्न कराने के लिए सभी विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने पर बल दिया।

# जनपद की सभी गौशालाओं में धूमधाम से हुई गोवर्धन पूजा

*** गौवंश को खिलाया गया गुड़ और केले, साफ-सफाई पर दिया गया विशेष जोर**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**अमरोहा।** गोवर्धन पूजा के अवसर पर जनपद अमरोहा की सभी गौशालाओं में मंगलवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य विकास अधिकारी श्री अश्वनी कुमार मिश्र तथा मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा दत्त ने सर्वप्रथम कान्हा गौशाला, जोया में विधिवत पूजन कर गौ वंश को गुड़ व केले खिलाए। इस दौरान अधिशासी अधिकारी श्री विपिन सिंह एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। सीडीओ ने गौशाला में स्वच्छता बनाए रखने और गोवंश की बेहतर देखभाल करने के निर्देश दिए।कताई मिल गौशाला में भी गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। महिला समूहों द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली की मुख्य विकास अधिकारी ने सराहना की। इस मौके पर एक बीमार गौ माता की पूजा कर उनके विशेष देखभाल के निर्देश भी दिए गए। इसके उपरांत नगर पालिका धनौरा के अध्यक्ष श्री प्रवीण अग्रवाल की उपस्थिति में चुचैला कला गौशाला धनौरा में पूजन संपन्न हुआ, जिसमें ग्राम प्रधान, सचिव तथा पशुधन प्रसार अधिकारी श्री नेपाल सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं अस्थायी गौ आश्रय स्थल डींगरा में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी द्वारा डॉ. कुलदीप सिंह एवं दिग्विजय सिंह की उपस्थिति में गोवर्धन पूजा कर गौवंश को गुड़ खिलाया गया। निरीक्षण के दौरान सभी गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश का स्वास्थ्य संतोषजनक पाया गया।

## फडणवीस को बताना होगा कि सोयाबीन का एमएसपी 6,000 रुपये कब होगाः कांग्रेस

**मुंबई।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को केंद्र और महाराष्ट्र सरकार से यह बताने को कहा कि सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 6,000 रुपये प्रति क्विंटल तक क्यों नहीं पहुंचा है।

कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर किसानों को इंसान नहीं समझने का आरोप लगाया।

पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता सचिन सावंत ने दावा किया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस 2013 में जब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष थे तब सोयाबीन के लिए 6,000 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी की मांग को लेकर किसानों के मार्च का नेतृत्व किया था।

उन्होंने कहा कि केंद्र ने इस वर्ष मुख्य फसल के लिए 5,328 रुपये प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य घोषित किया है।

सावंत ने एक बयान में कहा, ''उस मार्च को 12 साल हो गए हैं और मोदी सरकार को सत्ता में आए 11 साल हो गए हैं। फडणवीस साहब को जवाब देना चाहिए कि 6,000 रुपये की कीमत वास्तव में कब हासिल होगी।''

उन्होंने दावा किया कि भाजपा 2047 तक महाराष्ट्र को विकसित राज्य बनाने की बात करती है, ''लेकिन वास्तविकता यह है कि उसके शासन में किसानों को पाषाण युग में धकेला जा रहा है।''

सावंत ने कहा कि वर्तमान में किसान खुले बाजार में सोयाबीन लगभग 3,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बेच रहे हैं, जिससे उन्हें 1,800 रुपये से 2,000 रुपये प्रति क्विंटल का सीधा नुकसान हो रहा है।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, ''एमएसपी खरीद केंद्रों ने अभी तक काम करना शुरू नहीं किया है। उनके संचालन में जानबूझकर देरी की जा रही है।''

सावंत ने यह भी दावा किया, ''एमएसपी पर खरीद के लिए केंद्र स्थापित करने का एकमात्र अधिकार पहले महाराष्ट्र राज्य सहकारी विपणन महासंघ के पास था, लेकिन इस बार एक अन्य एजेंसी को शामिल कर लिया गया है जिससे खरीद में और देरी होगी।''

उन्होंने कहा कि अत्यधिक बारिश ने मूंग और उड़द की फसलें बर्बाद कर दी हैं और सोयाबीन के उत्पादन में गिरावट आई है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, ''दिवाली से पहले राहत देने के खोखले वादों के बावजूद, किसानों ने दिवाली अंधेरे में मनाई।''

## बीआरएस ने सरकार पर नौकरशाहों को 'प्रताड़ित' करने का आरोप लगाया

**हैदराबाद।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सैयद अली मुर्तजा रिजवी की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) से तेलंगाना में राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने सरकार पर नौकरशाहों को ''प्रताड़ित'' करने का आरोप लगाया है। वर्ष 1999 बैच के अधिकारी रिजवी के कार्यकाल का लगभग एक दशक बाकी है। रिजवी ने 31 अक्टूबर से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुना और राज्य सरकार ने इसे स्वीकार कर लिया।

# पन्ना में आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों का हमला, दो पुलिसकर्मी घायल

**पन्ना (मध्यप्रदेश)।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में गैर इरादतन हत्या के एक आरोपी को पकड़ने गए पुलिस दल पर ग्रामीणों ने पथराव किया और धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिसमें एक थाना प्रभारी और एक आरक्षक घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि बुधवार शाम हुए इस हमले के दौरान ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों से दो बंदूकें भी छीन ली थी, जिन्हें बाद में बरामद कर लिया गया। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए और कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव को गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। यादव राज्य के गृह मंत्री भी हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बन्दना सिंह चौहान ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ब्रजपुर थाना पुलिस का एक दल धरमपुर में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के एक आरोपी पंचम सिंह यादव को गिरफ्तार करने गया था। उन्होंने कहा, ''पुलिस की टीम जब उसे गिरफ्तार कर लौट रही थी तभी आरोपी के परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और कुछ ग्रामीणों ने पथराव किया और फिर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में ब्रजपुर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदौरिया और आरक्षक राम निरंजन दास घायल हो गए।'' उन्होंने कहा कि दोनों पुलिसकर्मियों को बेहतर इलाज के लिए सतना भेजा गया है।

चौहान ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पन्ना की पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और स्थिति को नियंत्रण में लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी यादव की आपराधिक पृष्ठभूमि रही है और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

उन्होंने कहा कि उसे गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस घटना से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया और राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''गृहमंत्री मोहन यादव जी! पन्ना जिले में गैर इरादतन हत्या के आरोपी पंचम यादव ने 40-50 लोगों के साथ पुलिस दल पर कुल्हाड़ियों से हमला कर दिया। थानेदार और कांस्टेबल को बंधक बना लिया। हमले के बाद आठ पुलिसकर्मियों को हथियार छोड़कर, मौके से भागना पड़ा।''

पटवारी ने सवाल किया कि पुलिस दल पर हमले का ऐसा दुस्साहस क्यों और अपराधियों को संरक्षण कौन दे रहा है। उन्होंने कहा, ''गृहमंत्री की जिद है, पद पर बने रहेंगे। लगता है कि मुख्यमंत्री भी लाचार हो चुके हैं। 'डबल-रोल' की 'डबल-मिस्टेक' कानून-व्यवस्था को 'डबल-डैमेज' कर रही है। जनता तो पहले ही पीड़ित थी, अब पुलिस भी पिट रही है।'' पटवारी ने कहा, ''कानून-व्यवस्था तभी सफल होगी, जब 'सबसे-असफल' गृहमंत्री इस्तीफा देंगे।''

# पालिका अध्यक्ष एवं उप नगर आयुक्त ने किया गांधी स्मारक स्थल का निरीक्षण



*** शीघ्र होगा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा व स्मारक का अनावरण**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** नगर पालिका परिषद अमरोहा की अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन एवं उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने आज पालिका टीम के साथ रेलवे स्टेशन के निकट बनवाए जा रहे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा एवं स्मारक स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित कार्यदाई संस्था एवं संबंधित कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मा. मुख्यमंत्री के ÷नगरों के कायाकल्प कार्यक्रम÷ एवं मा. नगर विकास मंत्री जी के ÷नगर सुशोभन कार्यक्रम÷ की प्रेरणा से अमरोहा नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक बनाने के लिए अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसके तहत नगर के विभिन्न पार्कों, चौक-चौराहों, मार्गों एवं प्रमुख स्थलों का सौंदर्यीकरण किया गया है। इसी क्रम में रेलवे स्टेशन के समीप स्थित महात्मा गांधी जी की पुरानी एवं क्षीर्ण अवस्था में पड़ी प्रतिमा एवं क्षेत्र का कायाकल्प कराया जा रहा है। पालिका द्वारा महात्मा गांधी जी की प्रतिमा एवं स्मारक को नए एवं आधुनिक स्वरूप में निर्मित कराया गया है, जिसका निर्माण कार्य कार्यदाई संस्था द्वारा पूर्ण कर लिया गया है।पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने बताया कि शीघ्र ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा एवं स्मारक का अनावरण कर इसे नगरवासियों को समर्पित किया जाएगा।

# ओडिशा का नुआपाड़ा उपचुनावः पांच उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज, 14 वैध पाए गए

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में 11 नवंबर को होने वाले नुआपाड़ा विधानसभा उपचुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों के नामांकन पत्र तकनीकी त्रुटियों के कारण जांच के दौरान खारिज कर दिए गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय से जुड़े सूत्रों ने यहां बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

कुल 19 उम्मीदवारों ने उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया था, जिनमें आठ राजनीतिक दलों के और 11 निर्दलीय उम्मीदवार थे।

हालांकि, बुधवार को हुई जांच के दौरान बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार राजाराम साहू, राष्ट्रीय परिवर्तन दल के सीताराम बेहरा और तीन निर्दलीय उम्मीदवार कमल कुमार छत्रिया, पुरुषोत्तम बेहरा और भुजबल अडबंग के नामांकन खारिज कर दिए गए, जिससे अब 14 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं।

**नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर है।**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के अनुसार, जय ढोलकिया (भारतीय जनता पार्टी), स्नेहांगिनी छुरिया (बीजू जनता दल), घासीराम माझी (कांग्रेस), रमाकांत हाती (समाजवादी पार्टी), हेमंत टांडी (बहुजन मुक्ति पार्टी), सुखधर डंडसेना (ओडिशा जनता दल) और आठ निर्दलीय उम्मीदवारों, आश्रय महानंद, चक्रान्त जेना, भुबनलाल साहू, लोचन माझी, किशोर कुमार बाघ, भक्तबंधु धरुआ, नीता बाघ और लक्ष्मीकांत टांडी के नामांकन वैध पाए गए।

इस उपचुनाव में सत्ताधारी भाजपा, विपक्षी बीजद और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। इन तीनों ने पहले ही अपने उम्मीदवारों के लिए सघन अभियान शुरू कर दिए हैं।

यह चुनाव राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि 2024 के चुनावों में भाजपा की जीत के बाद यह मुख्यमंत्री मोहन माझी के लिए पहली चुनावी परीक्षा होगी। यह उपचुनाव बीजू जनता दल के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जिसने 24 साल बाद सत्ता खो दी थी, भले ही 2024 के विधानसभा चुनावों में उसे मिले वोटों का प्रतिशत भाजपा से अधिक था। बीजद ने 40.22 प्रतिशत वोट हासिल किए, जबकि भाजपा ने 40.07 प्रतिशत और कांग्रेस ने लगभग 13 प्रतिशत वोट हासिल किए।

यह मुकाबला तब और रोचक हो गया जब बीजद के संभावित उम्मीदवार जय ढोलकिया भाजपा में शामिल हो गए और उसके उम्मीदवार बन गए, जो दिवंगत विधायक राजेंद्र ढोलकिया के बेटे हैं।

ढोलकिया के दल-बदल के बाद बीजद ने अपनी महिला शाखा की अध्यक्ष और पड़ोसी बरगढ़ जिले की पूर्व मंत्री स्नेहांगिनी छुरिया को मैदान में उतारा। ओडिशा में भक्त चरण दास के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने घासीराम माझी को उम्मीदवार बनाया है, जो एक आदिवासी नेता हैं और उन्होंने 2024 के आम चुनावों में नुआपाड़ा में दूसरे सबसे अधिक वोट हासिल किए थे। कालाहांडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व सांसद दास के लिए यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है, जिसका नुआपाड़ा एक हिस्सा है। 2024 के विधानसभा चुनावों में ढोलकिया ने चौथी बार नुआपाड़ा सीट जीती थी और उन्हें 61,822 वोट मिले थे, जबकि तब कांग्रेस से बागी हुए और अब पार्टी के उम्मीदवार घासीराम माझी ने निर्दलीय लड़ते हुए 50,941 वोट हासिल किए थे।

# राउत ने विपक्षी गठबंधन में एकजुटता पर जोर दिया, मुंबई को 'बचाने' की जरूरत बताई

**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) सांसद संजय राउत ने बृहस्पतिवार को विपक्षी एकता पर जोर दिया और महाराष्ट्र में आगामी नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने की जरूरत बताई।

साथ ही उन्होंने कांग्रेस में मराठी नेतृत्व से मुंबई के लिए ''आसन्न खतरे'' को भांपने और शहर को ''बचाने'' का आह्वान किया।

इससे पहले कांग्रेस के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) और पूर्व प्रदेश प्रमुख भाई जगताप ने कहा था कि कांग्रेस मुंबई निकाय चुनावों के लिए न तो शिवसेना (उबाठा) और न ही राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ गठबंधन करेगी।

राउत ने कहा कि अगर उनकी पार्टी को चुनाव पूर्व गठबंधन के बारे में बात करनी पड़ी तो वह कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से संपर्क करेगी।

राज्यसभा सदस्य राउत ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विपक्ष को भाजपा को हराने और मुंबई को ''बचाने'' की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को (मराठी भाषी क्षेत्रों को मिलाकर एक नए राज्य के निर्माण के लिए लड़ाई लड़ने वाली) संयुक्त महाराष्ट्र समिति के इतिहास को समझना होगा, जिसके तहत शहर को बचाने के लिए सभी दल एक साथ आए थे।

राउत ने कहा, ''मैं इस पर कोई राय व्यक्त नहीं करूंगा कि कौन क्या कह रहा है। कांग्रेस 'इंडिया' गठबंधन और महा विकास आघाडी (एमवीए) में हमारी सहयोगी है। 'इंडिया' गठबंधन और एमवीए का अस्तित्व एक पार्टी के कारण नहीं है। इसमें कांग्रेस जैसी अन्य पार्टियां भी हैं।''

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मराठी नेतृत्व को मुंबई के लिए ''आसन्न खतरे'' के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए।

एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना (उबाठा) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) शामिल हैं।

राउत ने कहा, ''अगर किसी ने बृह्नमुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) या स्थानीय निकाय चुनावों पर अलग रुख अपनाया है तो यह उनकी अपनी मर्जी है। हम कोई रुख नहीं अपनाएंगे या ऐसा कोई बयान नहीं देंगे जिससे हमारे सहयोगियों को परेशानी हो। राज ठाकरे की एक स्वतंत्र पार्टी है। हमें भाजपा को हराना है और मुंबई को अदाणी (समूह) के जबड़े में जाने से बचाना है।''

शिवसेना (उबाठा) नेता ने कहा कि कांग्रेस को समझना चाहिए कि यह लोकतंत्र, संविधान और मुंबई को ''बचाने'' की लड़ाई है, अगर विपक्षी दल एकजुट रहें तो 'मराठी मानुष' (मराठी भाषी लोग) अनुकूल नजरिया रखेंगे।

राउत ने दावा किया कि 'इंडिया' गठबंधन कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए बनाया गया था।

स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व पर कटाक्ष करते हुए, राउत ने कहा, ''अगर हमें (चुनाव पूर्व गठबंधन पर) कुछ भी कहना है तो हम राहुल गांधी, (कांग्रेस अध्यक्ष) मल्लिकार्जुन खरगे, (कांग्रेस महासचिव) के सी वेणुगोपाल, (कांग्रेस के महाराष्ट्र के प्रभारी) रमेश चेन्निथला से बात करेंगे।''

गौरतलब है कि 13 अक्टूबर को राउत ने महा विकास आघाड़ी में मनसे को शामिल करने की ओर इशारा करते हुए कहा था कि उन्होंने वेणुगोपाल सहित कांग्रेस नेतृत्व के साथ ''कुछ मुद्दों'' पर चर्चा की है।

P-06:28 paga09_jhn.qxd 10/23/2025 5:05 PM Page 1



## सम्पादकीय

# मिलावटखोरों पर सर्जिकल स्ट्राइक से रुकेगी मिलावटखोरी ?

कश्मीर सें कन्याकुमारी तक आजकल त्योहारों का सीजन जोरों पर है। देश में नकली व मिलावटी मिठाईया बिक रही हैं और लाखों क्विंटल मिठाईयां बन रही है और बाजारों में पहुंच रही हैं। मिठाईयों की गुणवत्ता परखी जा रही है और बड़े पैमाने पर मिलावट भरी मिठाईयां जब्त की जा रही हैं। देश के हर राज्य में प्रतिदिन छापेमारी हो रही है समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों के मुताबिक सहारनपुर दिल्ली हाईवे पर टीम ने 1100 किलों नकली पनीर पकड़ा गया जबकि मेरठ में 2500 किलों मिलावटी मावा जब्त किया गया। लखनउ में खाद्ध सुरक्षा एंव औषधी प्रशासन ने 5000 किलों नकली मिठाई जब्त की है। मिलावटखोरो कुछ तो रहम कीजिये मानव के स्वास्थय से खिलवाड़ मत कीजिये त्यौहारी सीजन दिवाली, भैया दूज, धनतेरस में मिलावटखोर मुनाफा कमाने के चक्कर में घटिया किस्म की मिठाईयां बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं। उतर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल, में नकली मिठाई पकड़ी जा रही है प्रतिदिन प्रशासन छापेमारी कर रहा है और मिलावट करने वालों पर शिकंजा कसा रहा है लेकिन यह मिलावट करने वाले सुधर नहीं रहे हैं। प्रतिदिन लोग पकड़े जा रहे हैं और नकली उत्पादों सें बनी नकली मिठाई नष्ट की जा रही है। मिठाईयों में रंग मिलाया जा रहा है। ऐसी जहर बनाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई करनी चाहिए इनके लाइसेंस रद्द करने चाहिए। देश में जहरयुक्त मिठाई बेचीं जा रही है कैसी विडंबना है की मिलावट करने वाले किसी की जान लेने से भी नहीं डरते हैं और खुलेआम उल्लंघ्न कर रहे हैं। तैयोहारी सीजन में नकली दूध, पनीर, मावा से मिठाईयां बनाई जा रही हैं। मिलावट का यह धंधा खूब फ्लफुल रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 में सजा व जुमार्ना दोनों का प्रावधान है। वही आई पी सी की धारा 272 एवं 273 के अंतर्गत पुलिस प्रशासन को सीधे कार्रवाई की छूट है। नकली दूध बेचा जा रहा है जिससे लाईलाज बीमारिया हो रही हैं लोग कैंसर से ग्रस्त हो रहे हैं। मिलावट करने वाले चंद चांदी के सिक्कों के लिए यमराज बन गए हैं स प्रतिवर्ष पता नहीं कितने लोग इन मिलावटखोरों की वजह से मारे जा रहे हैं ऐसे लोगों को सजा ए मौत देनी चाहिए जो लालच में मौत बाँट रहे हैं नकली दूध से नवजात बच्चे मारे जा रहे हैं। आखिर इंसान किस ओर जा रहा है जो इंसानों की जान ले रहा है ऐसे लोगों को फांसी की सजा देनी चाहिए ताकि फिर कोई ऐसा जुर्म न कर सके प्रशासन अगर सक्रिय रहे तो लोगो की जान बच सके यह बहुत ही घिनौना जुर्म है ऐसे लोगों को हवालातों में डाला जाये और उम्रकेद की सजा दी जाये काल कोठरी में डाला जाये ताकि तिल तिल मर सके और मौत की भीख मांगे और ताउम्र अपने कर्मो को भुगत सके खाद्य विभाग को जागरूकता शिविर लगाने चाहिए तथा समाज के लोगों को इन मिलावट करने वालों की मिठाई का बहिस्कार करना चाहिए सयह देश हित में है देश में हर वर्ष लाखों क्विटंल मिलावटी मिठाई पकड़ी जाती है जिसे खाद्य विभाग के अधिकारी नस्ट कर देते हैं। मिलावट के मुख्य सरगनाओं को सार्वजनिक स्थानो पर सजा देनी चाहिए खाद्य मंत्रालय को अपना अभियान पूरा वर्ष जारी रखना चाहिए ताकि इन पर शिकंजा कसा रहे और मिलावट का यह काला धंधा पूरी तरह खत्म हो सके। ताकि गैर कानूनी कारोबार करने वाले लोग बेनकाब हो सकें। खाद्य विभाग की सक्रियता से इन मिलावटखोर माफिया के लोगों को पकडना होगा तभी इस पर पूर्ण रोक लग सकती हैं।

## विशेष

# सुप्रीम कोर्ट के अहम आदेश से लोगो की भावनाओ का सम्मान

–कांतिलाल मांडोत–

सुप्रीम कोर्ट ने त्योहारों पर लोगो की भावनाओ का सम्मान करते हुए दो अहम फैसले को केंद्र में रखकर लोगो को दीपावली की भेंट अर्पित कर दी है। करोड़ो लोगो का दिल जीत लिया है। पर्यावरण से दिल्ली –एनसीआर के नागरिकों को काफी कुछ सहन करना पड़ता है। दीपावली पर की जाने वाली आतिशबाजी से शहर का वातावरण प्रदूषित हो जाता है। जिससे लोगो को स्वांस लेने में दिक्कते आती है। हर वर्ष दिल्ली और एनसीआर की हवा प्रदूषित होती है। सरकार दिल्ली में पटाखो पर प्रतिबंध लगा देती है। लेकिन इस बार दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को गुहार लगाकर सीमित समय के लिए पटाखो की अनुमति की मांग की थी। इसको मद्देनजर रखते हुए माननीय सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखो की सशर्त मंजूरी दी है। दिल्ली एनसीआर में सीमित समय के लिए ग्रीन पटाखो को जलाने की अनुमति दी गई है। इस फैसले से युवाओ के चेहरे खिल उठे है। दरअसल, पटाखे जलाने की सुप्रीम की मंजूरी से करोड़ो लोगो के मन मे खुशी की लहर है। दीपावली भारत का सांस्कृतिक त्योहार है। बारह महीने में एक बार आने वाले इस सूचिता के पर्व पर हर व्यक्ति के मन मे उमंग रहती है कि वे भी आतिशबाजी कर खुशी के इस पर्व को खूब मनाए। लेकिन पर्यावरण के लिए खतरा बनता धुंआ शहर की हवा में जहर घोलता है। जिससे दीपावली के बाद शुरूआती दिनों में लोगो को स्वांस लेने मेंबहुत तकलीफ सहन करनीं पड़ती है। स्वांस लेने मेंअमूमन लोगो को मुश्किलें पैदा हो जाती है। इसको ध्यान में रखकर माननीय सुप्रिम कोर्ट ने दीपावली पर्व पर तीन दिन के लिए ग्रीन पटाखे की अनुमति दी है। जिससे लोगो के मन मे खुशी है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट का स्वागतयोग्य फैसला है। दीपावली पर्व का हर व्यक्ति को बेसब्री से इंतजार रहता है। । दीपावली पर युवाओ के मन मे उदासीनता देखी जा रही थी कि इस बार पटाखो का लुफ्त नही उठा सकेंगे। परन्तु माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले से युवाधन खुश है। कोर्ट ने हिन्दुओ की भावनाओ का सम्मान किया है। जबकि हर वर्ष दीपावली पर दिल्लीवासियों को पटाखे जलाने के लिए वंचित रखा जाता था। आम आदमी की सरकार प्रतिवर्ष दिल्ली –एनसीआर में आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगा देती थी। सांस्कृतिक और धार्मिक पर्व दीपावली पर हिन्दुओ की भावनाओ को ठेस पहुंचाई जाती थी। क्योंकि हर वर्ष एक ही चर्चा रहती थी कि इस बार भी पटाखे नही जला सकेंगे ? लोगो की भावनाओ को ठेस पहुंचाने का कार्य पूर्ववर्ती सरकारे करती आ रही थी। सुप्रीम के इस फैसले का विपक्षी दलों ने विरोध किया है। गौरतलब है कि सुप्रीम ने ग्रीन पटाखे की इजाजत देकर लोगो की भावनाओ को आबाद किया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने आदेश जारी करते हुए कहा कि अदालत ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है। त्योहार पर न्यायसंगत फैसला कर उन लोगो को उत्साहित करने का कार्य किया है, जो कई सालों से पटाखो का लुफ्त उठाने में वंचित थे। पर्यावरणीय क्षति को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम ने ग्रीन पटाखो को जलाने की अनुमति दी है। सीजेआई गवई ने कहा कि त्योहारों की खुशी हम छीनना नही चाहते है। लेकिन पर्यावरण के साथ समझौता भी नही किया जा सकता है। पारंपरिक पटाखों की तस्करी और अवैध बिक्री से अधिक नुकसान होता है। इसलिए सुप्रीम ने ग्रीन पटाखो को सीमित समय के लिए नियंत्रित दायरे में अनुमति देकर लोगो के उत्साह में वृद्धि की है। सुप्रीम कोर्ट का खास फैसला स्वागतयोग्य है। इस के साथ ही माननीय सुप्रीम कोर्ट ने दूसरे फैसले को केंद्र सरकार के विकल्प के तौर पर देखा जा सकता है। फांसी की जगह लीथल इंजेक्शन के विकल्प पर केंद्र सरकार को फटकार लगाते हुए सुप्रीम ने कहा कि सुई के विकल्प को अपनाना होगा, क्योंकि समय के साथ बदलना जरूरी है।

# नफरत के सौदागरों, सद्भावना पंजाब से सीखो

–निर्मल रानी–

आज जबकि देश के किसी न किसी भाग से नफरत, हिंसा, दंगा, फसाद, मॉब लिंचिंग, मस्जिद, नमाज, अजान के विरोध व समुदाय अथवा सम्प्रदाय विशेष को लक्षित कर सरे आम नफरती भाषणबाजी करने जैसी खबरें सुनाई देती हों ऐसे समय में जब देश के किसी भी कोने से साम्प्रदायिक सद्भाव व सामाजिक एकता की कोई खबर सुनाई दे तो निश्चित रूप से ऐसा प्रतीत होने लगता है कि सदियों से सांझी तहजीब व विरासत के साथ रहना वाले हमारे देश भारत में साम्प्रदायिक ताकतों की तमाम सक्रियता व कोशिशों के बावजूद यहाँ तक कि सत्ता संरक्षित ऐसे दुष्प्रयासों के बाद भी अभी भी हमारे देश में साम्प्रदायिक एकता व सद्भाव की ठंडी व सुकून बख़्शने वाली हवा चल रही है। और निश्चित रूप से यही सुकून बख़्श सद्भावना पूर्ण ठंडी हवा हमारे देश की 'अनेकता में एकता' जैसी विश्वव्यापी अवधारणा को प्रमाणित करती है। हालाँकि देश के अनेक राज्य अनेकता में एकता के तमाम ऐतिहासिक, आध्यात्मिक व धार्मिक उदाहरण पेश करते हैं परन्तु पंजाब जैसी संतों व पीरों फकीरों की पावन धरती ने इस विषय में हमेशा से ही अपना अग्रणी किरदार निभाया है।

उदाहरण के तौर पर जब पांचवें सिख गुरु, गुरु अर्जन देव जी ने 1588 में स्वर्ण मंदिर की संग ए बुनियाद रखी तो इस पुनीत कार्य के लिये उन्होंने उस समय के सुप्रसिद्ध कादिरी सूफी फकीर मियां मीर बख़्श उर्फ 'मियां मीर' को चुना। गुरु अर्जन देव और मियां मीर के बीच गहरी आध्यात्मिक मित्रता थी। उस दौर में मियां मीर को उनकी पवित्रता, भक्ति और मानवता के लिए विश्वव्यापी सम्मान प्राप्त था। गुरु अर्जन देव जी ने सिख धर्म की सर्वधर्म समभाव की मूल भावना को दुनिया को दिखाने के लिये ऐसा किया था। ऐसा कर गुरु अर्जन देव ने यह साबित कर दिया कि सिख धर्म की बुनियाद प्रेम, एकता और भाईचारे पर आधारित है। सिखों के विश्व के सबसे बड़े धार्मिक स्थल की बुनियाद मियां मीर जैसे मुस्लिम सूफी संत से रखवाए जाने पर निःसंदेह पूरे विश्व में यह संदेश गया कि सिख धर्म सभी धर्मों का सम्मान करता है और मानवता को एकजुट करने में विश्वास रखता है। इसी तरह पहले सिख गुरु, गुरु नानक देव जी का भी अनेक मुस्लिमों फकीरों से गहरा प्यार था। इनमें मुस्लिम समुदाय से ही सम्बन्ध रखने वाले मदार्ना का नाम खासतौर पर सिख इतिहास में सुनहरे अक्षरों से लिखा जाता है। गुरु नानक व मदार्ना के बीच गहरा आध्यात्मिक और मैत्रीपूर्ण संबंध था। मदार्ना की सादगी, भक्ति और गुरु नानक के प्रति निष्ठा ने उन्हें सिख इतिहास में विशेष स्थान दिलाया। मदार्ना गुरु नानक के साथ लगभग 27 वर्षों तक रहे।

इसी तरह 1705 में घटी सरहिंद की वह घटना इतिहास में एक मील के पत्थर के समान है जिसमें मलेरकोटला के नवाब शेर मुहम्मद खान ने औरंगजेब के शासनकाल के तत्कालीन न्यायाधीश वजीर खान के उस आदेश का अदालत में खड़े होकर सार्वजनिक तौर पर विरोध किया था जिसमें गुरुगोविंद सिंह के दो बच्चों 9 वर्षीय साहिबजादा जोरावर सिंह और 7 वर्षीय साहिबजादा फतेह सिंह को दीवार में जिंदा चुनवाने का हुक्म दिया गया था। इस क्रूर सजा का तत्कालीन नवाब मलेरकोटला शेर मोहम्मद खान ने यह कहते हुये विरोध किया था कि मासूम बच्चों को मारना इस्लाम की शिक्षाओं के विरुद्ध है। उन्होंने तर्क दिया था कि युद्ध के नियमों में महिलाओं और बच्चों को नुक़्सान नहीं पहुंचाया जाता, और यह कृत्य धार्मिक रूप से अनुचित है। यही वजह है कि मलेरकोटला आज भी पंजाब का ऐसा मुस्लिम बहुल क्षेत्र है जहां हिंदू, सिख और मुस्लिम हमेशा शांति से रहते आ रहे हैं। यहाँ तक कि 1947 के भारत–पाक विभाजन के दौरान जब पंजाब के बड़े इलाके में भयानक दंगे हुए उस समय भी मलेरकोटला में कोई हिंसा नहीं हुई। यहाँ के सिखों ने मलेरकोटला के मुस्लिमों की न केवल रक्षा की बल्कि उन्हें पाकिस्तान की ओर कुछ भी नहीं करने दिया। क्योंकि वे गुरु गोविंद सिंह के दोनों साहबजादों को दीवार में जिंदा चुने जाने के नवाब के विरोध को हमेशा याद रखते आ रहे हैं। यहां तक कि 1947 में पड़ोसी क्षेत्रों से भागे मुस्लिमों को भी मलेरकोटला में शरण तक मिली थी।

> **साम्प्रदायिक सद्भावना की मिसाल पेश करने वाली पंजाब की इसी पवित्र धरती से पिछले दिनों एक और खुशगवार खबर सुनाई दी। यहाँ के मशहूर शहर पटियाला के निकट एक गांव में 18वीं–19वीं शताब्दी की बताई जा रही एक मस्जिद जोकि देश के विभाजन के बाद से सुनसान पड़ी थी उस वीरान मस्जिद भवन को स्थानीय सिख परिवारों संभाल रखा था। क्योंकि आसपास मुस्लिम आबादी की कमी थी जिससे यहाँ नमाज की अदायगी नहीं हो पा रही थी।**

साम्प्रदायिक सद्भावना की मिसाल पेश करने वाली पंजाब की इसी पवित्र धरती से पिछले दिनों एक और खुशगवार खबर सुनाई दी। यहाँ के मशहूर शहर पटियाला के निकट एक गांव में 18वीं–19वीं शताब्दी की बताई जा रही एक मस्जिद जोकि देश के विभाजन के बाद से सुनसान पड़ी थी उस वीरान मस्जिद भवन को स्थानीय सिख परिवारों संभाल रखा था। क्योंकि आसपास मुस्लिम आबादी की कमी थी जिससे यहाँ नमाज की अदायगी नहीं हो पा रही थी। विगत 21 अक्टूबर को सरपंच हरप्रीत सिंह के नेतृत्व में सिख समुदाय ने औपचारिक रूप से इस मस्जिद को स्थानीय मुस्लिम परिवारों और वक़्फ़ बोर्ड को सौंप दिया। सिखों ने न केवल मस्जिद व उसकी जमीन वापस की बल्कि इस जीर्ण अवस्था की मस्जिद के जीर्णोद्धार हेतु 5 लाख रुपये का योगदान भी दिया। इस घटना पर केवल मुस्लिम या सिख ही नहीं बल्कि स्थानीय हिंदू समुदाय द्वारा भी खुशी मनाई गयी और सब ने मिलकर मिठाइयां बांटकर इस अवसर पर सामूहिक रूप से जश्न मनाया। अब यहां मुस्लिम समाज द्वारा रोजाना नमाज अदा की जा रही है।

ऐसी ही खबर अमृतसर जिले की अजनाला तहसील के रायजादा गांव से आई। रावी नदी के तट पर बसे इस गांव में एक मस्जिद 1947 से बंद पड़ी थी। लगभग खंडहर का रूप ले चुकी इस मस्जिद को भी स्थानीय सिख किसानों ने संभाल रखा था परन्तु नमाज के लिए इसका भी उपयोग नहीं हो रहा था। गत 21 अक्टूबर को ही यहां के सरपंच सरदार ओमकार सिंह के नेतृत्व में सिख, हिंदू, मुस्लिम, ईसाई और दलित समुदाय के लोगों ने मिलकर इस मस्जिद को मुस्लिम समुदाय को सौंप दिया। और विगत शुक्रवार को विशेष जुमे की नमाज के दौरान पहली बार यहां अजान की आवाज सुनाई दी। इस में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस मस्जिद के जीर्णोद्धार में 8 लाख रुपये खर्च हुए, जिसमें आधे से अधिक रकम का योगदान सिख भाइयों द्वारा किया गया। अब यहाँ प्रतिदिन पास ही स्थित गुरुद्वारे से गुरबानी की और मस्जिद से अजान की आवाजें एक साथ गूंजती है, जो सद्भाव की अनोखी तस्वीर पेश करती है। यहाँ भी सभी समुदाय के ग्रामवासियों ने इस अवसर पर जश्न मनाया और मिठाइयां बांटकर उत्सव मनाया। पंजाब व हरियाणा में भी पूर्व में इसी तरह की कई खबरें आती रही हैं।

ऐसी खबरें उन स्वयंभू राष्ट्रवादियों के लिये सबक सीखने वाली हैं जिन्हें संस्कारों में नफरत हिंसा और विद्वेष में ही हासिल हुआ है। आज टी वी डिबेट में जहरीली खबरों में, धर्मगुरुओं के बयानों में नेताओं के भाषणों में हर जगह प्रायः नफरत ही परोसी जा रही है। नफरत के ऐसे सौदागरों को और राष्ट्र विभाजक तत्वों को दरअसल पंजाब से सद्भावना सीखने की जरुरत है।

# मौकापरस्त अमेरिका के दबाव में नही आ रहा है भारत

–कांतिलाल मांडोत–

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि भारत अब रूस से तेल नही खरीदेगा। गुरुवार को वाइट हाउस में पत्रकार परिषद को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी मेरे अच्छे दोस्त है। भारत के रूस से तेल खरीदने में मुझे खुशी नही थी। मोदी ने मुझे भरोसा दिया है कि भारत रूस से तेल नही खरीदेगा। लेकिन भारत के विदेश मंत्रालय ने जवाब देते हुए कहा कि हमारी आयात नीति हितों के आधार पर है। भारतीय उपभक्ताओ के हितों की रक्षा करना हमारी निरन्तर प्राथमिकता रही है। भारत ने कहा कि मोदी की ट्रम्प के साथ ऐसी कोई बातचीत नही हुई है। उसी के साथ ट्रम्प का जुठ पकड़ा गया है। अमेरिका भारत को अपने मुठ्ठी में करना चाहता है। भारत और अमेरिका अर्थक्रान्ति के साझा भविष्य है। देश आजाद होने के बाद अमेरिका से भारत के साथ अच्छे रिश्ते नही रहे। आजादी के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का झुकाव सोवियत संघ की तरफ था। इसकी वजह से भारत की मानसिकता अमेरिका विरोध की थी। भारत को वश में करने के लिए अमेरिका ने लगातार कोशिशें की। भारत के साथ साथ अमेरिका पाकिस्तान का भी हिमायती बना रहा। नेहरू के बाद भी देश मे वामपंथी विचारधारा के प्रभाव ने भारत और अमेरिका के सम्बन्धों में कभी इस तरह की गर्माहट महसूस नही होने दी, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उनके पहले टर्म में भारत के साथ व्यापारिक रिश्ते मजबूत रखे थे। दरअसल, भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत के बाद भारत को जलाने और भारत को कमजोर करने के लिए अमेरिका पाकिस्तान से द्विपक्षीय सम्बंध स्थापित करने लग गया। अमेरिका पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ मजबूत रिश्ते रखने लगा है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने पाकिस्तान को कभी भी शह नही दी। नेहरू के बाद इंदिरा से लेकर कांग्रेस के सभी प्रधानमंत्री अमेरिका की हाहजूरी करने में कोई कसर नही छोड़ी। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने भारत के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से न्यूयॉर्क में मुलाकात की तो दोनो नेताओ ने व्यक्तिगत स्तर पर तारतम्य स्थापित करने में जरा सी देरी नही की गई। मनमोहन सिंह और तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने द्विपक्षीय बातचीत कर भारत औड्ट अमेरिका के सम्बन्धो को आगे बढ़ायाथा। गौरतलब है कि पहले से ही कांग्रेस का झुकाव सोवियत संघ की तरफ ज्यादा होने के कारण अमेरिका ने करीब 66 साल तक भारत को दरकिनार करता रहा।

उल्लेखनीय है कि ओबामा के दो टर्म के बाद अमेरिका और भारत के रिश्ते पटरी पर आने लगे थे। डोनाल्ड ट्रम्प को पहले ट्रम्प में यह समझ मे आया कि भारत के प्रति उसे अपने पारम्परिक नजरिया में बदलाव की जरूरत है। तत्कालीन अमेरिका के राष्ट्रपति ओबामा 26 जनवरी पर विशेष अतिथि के रूप में केंद्र सरकार के निमंत्रण पर परेड में शामिल हुए। उनको पहली बार परेड देखने का मौका मिला। भारत की सैन्य ताकत देखने का मौका मिला। ओबामा ने अंदाज लगा दिया कि मोदी के नेतृत्व में भारत शक्तिशाली देश के रूप में उभर चुका है। तब से अमेरिका भारत पर आफरीन है। लेकिन इस वर्ष भारत दुनिया की तीसरी इकोनॉमी की तरफ कदम बढ़ाते देख अमेरिका अलर्ट मोड़ में आ गया। क्योकि उसको यह आभास हो गया कि अमेरिका फर्स्ट की अवधारणा किसी अन्य देश का हिस्सा न बन जाए ?तभी से भारत पर टैरिफ वार किया गया। 50 प्रतिश टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका तैयार हो गया। बारबार जुठ का सहारा लेकर अमेरिका भारत को दबाना चाहता है। कारोबारी मानसिकता वाले डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में भारत कभी भी काम नही करेगा। भारत ने स्वावलंबी अभिगम अपनाकर अर्थक्रान्ति के साझा भविष्य को पटरी पर लाने के लिए आत्मनिर्भर भारत का नारा दिया है। दीपावली में स्वदेशी वस्तुओ को खरीदने के लिए मोदी ने आह्वान किया। लोग भारत मे निर्मित वस्तुओ का इस्तेमाल कर भारत को मजबूत बनाने का लक्ष्य हासिल कर रहे है। देश का धन देश मे रहेगा तो भारत जल्द तरक्की करेगा। युवाओ का देश भारत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चौतरफा परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। भारत की पहचान ऐशियाई ताकत के रूप में होने के बाद अमेरिका पचा नही पा रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प की पहली बार जीत के लिए भरतवंशी भी ट्रम्प की जीत के हिमायती थे। ट्रम्प ने अवैध रूप से घुसपैठ करने वाले लोगो को हथकड़ी पहनाकर भारत भेजे गए, तब लोगो के मन मे यह विचार आया कि अमेरिका औड्ट भारत के बीच मजबूत रिश्ते होते हुए अमेरिका ऐसी हरकत क्यो कर रहा है ? लोगो के जेहन में सवाल पैदा हो रहे थे। क्योकि भारत का विरोध करने का अमेरिका का पहला मौका था। डेमोक्रेटिक हो या रिपब्लिकन, सभी अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमेशा भारत से ज्यादा पाकिस्तान को तरजीह देते रहे थे। लेकिन कांग्रेस ने कभी विरोध नही जताया। मोदीं प्रधानमंत्री बनने के बाद अमेरिका जिस पटरी पर चल रहा था उसमें बदलाव देखा गया।

नई आर्थिक विश्वव्यवस्था में अमेरिका सहित दुनिया के तमाम विकसित व विकाशशील देशो के साथ कदमताल करते हुए भारत विकसित राष्ट्र की तरफ आगे बढ़ रहा है। अमेरिका नही चाहता है कि भारत का नाम दुनिया मे बाला हो और अमेरिका फर्स्ट का तमगा किसी दूसरे देश के हाथों में चला जाए। भारत को कमजोर करने के लिए कई देश लगे हुए है। कांग्रेस तो भारत को बदनाम करने के लिए विदेशो में लोकतंत्र पर हमला करती है। उल्लेखनीय है कि भारतीय बाजार आज भी दुनिया को आकर्षित करने का दम रखता है। कभी भारत मिश्रित अर्थव्यवस्था वाला देश था। लेकिन मिश्रित अर्थव्यवस्था का तिलिस्म तो पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समय मे ही टूटने लगा था। बावजूद इसके मनमोहन सिंह देश की जनता को यह यकीन दिलाते रहे थे कि उदार आर्थिक नीतियां की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, गरीब और अमीरों के बीच संतुलन स्थापित करने की कोशिश कर रही है। अब भारत आर्थिक महाशक्ति के रूप में छलांग लगा चुका है।

तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अमेरिका और भारत के बीच सामरिक साझेदारी को पूरी तरह से गोपनीय रखा था। कूटनीति का तकाजा का हवाला देते हुए देश को जानकारीसाझा नही की गई। लेकिन भारत और अमेरिका के बीच किस तरह से खिचड़ी पकी थी। उसकी खबर पत्रकारों के साथ साझा करने में गोपनीयता बरती गई थी। उसका कारण पाकिस्तान था। इस तरह की मानसिकता कांग्रेस की रही है। भला कोई भी सरकार देश से कोई बात कैसी छुपा सकती है ?

अब भारत की परिस्थितिया और भारत की मानसिकता दोनो बदल चुकी है। भारत ने महाशक्ति के रूप में ऊंची छलांग लगाई है। इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ भी अमेरिका और भारत दोनो देश एक दूसरे के करीब है। लेकिन उसके बावजूद पाकिस्तान के साथ रिश्ते रखने का मोह अमेरिका को छूटता नही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आतंकवाद के लिए अपने देश मे संजीदा है। पहले मुसलमानो के लिए अमेरिका में डाटा बेस बनाने की बात भी की थी। भारत की बढ़ती हुई ताकत को काबू करने के लिए एटमी हथियारों की होड़ कई वर्षों पहले शुरू हो गई थी। भारत अपना हित देखने के लिए कटिबद्ध है। बार बार भारत पर दबाव करने वाला अमेरिका दो वर्ष में भारत को सेल्यूट करेगा। आज तो मोदी के लिए ग्रेट शब्द इस्तेमाल किया गया है और कल भारत ग्रेट के नारों से दुनिया मे गूंज होगी।

# इसलिए बिहार जरूरी है नरेंद्र भाई के लिए

–पंकज शर्मा–

2026 में होने वाले पांच प्रदेशों के चुनाव नतीजों का 2027 में होने वाले छह राज्यों पर इसलिए चक्रवृद्धि ब्याज जैसा असर पड़ेगा कि तब फरवरी के मध्य से साल के अंत तक गुजरात, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोआ में चुनाव होंगे। दिसंबर में गुजरात के चुनाव आने से पहले साल की पहली छमाही में ही बाकी पांच राज्यों के चुनाव निपट चुके होंगे और इन में से तीन के परिणाम गुजरात का भविष्य भी लिखने का काम करेंगे। तकड़ीबन एक महीने बाद नवंबर में बिहार विधानसभा के चुनाव हो जाने के बाद, 2029 में अगले लोकसभा चुनाव होने तक, देश के 21 प्रदेशों में विधानसभा के चुनाव होंगे और 4 राज्य ऐसे होंगे, जिन की विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा–चुनाव के साथ कराए जाएंगे। यानी कुल 25 राज्य चुनावों में जाएंगे। बिहार के इस चुनाव से सामने आने वाली प्रतिपक्ष की स्थिति 2028 के आखीर तक होने वाले 21 प्रदेश–चुनावों के नतीजों की शक्ल को आकार देगी। इन के चुनाव परिणाम तय करेंगे कि 2029 की लोकसभा में मौजूदा विपक्ष किस हालत में होगा। बिहार में अगले महीने अगर भारतीय जनता पार्टी और यूनाइटेड जनता दल सत्ता से बाहर हो गया और राष्ट्रीय जनता दल के साथ कांग्रेस की सरकार बन गई तो भारतीय राजनीति के भावी आसमान का रंग क्या होगा ? और, अगर ऐसा नहीं हुआ तो सियासत के राष्ट्रव्यापी फलक पर कौन–सी इबारत लिखी होगी ? इस उधेड़बुन से बाहर आने का रास्ता इसलिए आसान नहीं है कि बिहार की ख्याति भले ही देश की राजनीति को नया मोड़ देने वाले प्रदेश की रही है, मगर अब वह खुद ही गड्डमड्ड और दिग्भ्रम में गोता खाता दिखाई देने लगा है। बिहार–चुनाव के बाद अगले साल 2026 में पांच प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव होंगे। अप्रैल के मध्य से ले कर जून की शुरूआत तक पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुदुचेरी मत–कुरुक्षेत्र में जाएंगे। दक्षिण के राज्यों पर बिहार में एनडीए की हार–जीत का कोई असर पड़े–न–पड़े, पश्चिम बंगाल और असम के चुनाव नतीजों पर इस का सीधा असर दिखाई देगा। बिहार अगर एनडीए की झोली में बरकरार रहता है तो पश्चिम बंगाल की विधानसभा में भाजपा की मौजूदा 65 सीटों में खासा उछाल आने के आसार बढ़ जाएंगे। लेकिन बिहार अगर उस के दामन से छिटक जाता है तो बंगाल में उस की सीटें आधी हो जाने का खतरा सामने है। असम में भी भाजपा और उस के सहयोगी दलों के गुलाबीपन पर बिहार के नतीजे बेतरह असर डालेंगे। असम में अभी भाजपा की 64 और सहयोगी दलों की 19 सीटें हैं। बिहार में भाजपा–जदयू की जीत इस बहुमत को कमोबेश बरकरार रख सकती है, लेकिन बिहार की हार असम में भाजपा के सहयोगी दलों का कट्टीब–कट्टीब सफाया ही कर देगी और भाजपा की सीटें भी 50 के आसपास सिमटने की आशंका सामने खड़ी हो जाएगी। तमिलनाडु, केरल ओर पुदुचेरी के चुनावों पर बिहार के परिणामों का प्रत्यक्ष असर भले ही दिखाई न दे, मगर परोक्ष प्रभाव की हिलोरें तो अगले साल वहां भी देखने को मिलेंगी। तमिलनाडु में भाजपा के अभी भले ही सिर्फ चार विधायक हैं, मगर यह भूलना ठीक नहीं होगा कि एनडीए समूह के पास 234 के सदन में 74 सीटें हैं। भाजपा पिछले कुछ वर्षों से तमिलनाडु पर खास ध्यान दे रही है। केरल में भाजपा–एनडीए कहीं नहीं हैं, लेकिन पुदुचेरी में तो एनडीए की सरकार है। वहां भाजपा के अपने 6 विधायक भी हैं। 33 सदस्यों वाली पुदुचेरी विधानसभा का पेंडुलम बिहार के परिणामों से अपनी ताल मिलाएगा। 2026 में होने वाले पांच प्रदेशों के चुनाव नतीजों का 2027 में होने वाले छह राज्यों पर इसलिए चक्रवृद्धि ब्याज जैसा असर पड़ेगा कि तब फरवरी के मध्य से साल के अंत तक गुजरात, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोआ में चुनाव होंगे। दिसंबर में गुजरात के चुनाव आने से पहले साल की पहली छमाही में ही बाकी पांच राज्यों के चुनाव निपट चुके होंगे और इन में से तीन के परिणाम गुजरात का भविष्य भी लिखने का काम करेंगे। बिहार में अगर भाजपा–जदयू जख़्मी हो गए तो निश्चित मानिए कि उत्तर प्रदेश की विधानसभा में भाजपा 258 सदस्य ले कर तो किसी भी कीमत पर नहीं लौट पाएगी। उस के विधायकों की तादाद अगर आनुपातिक तौर पर घटी तो डेढ़ सौ के आसपास रह जाएगी। ऐसे में समाजवादी पार्टी पौने दो सौ के कट्टीब पहुंच जाएगी। कांग्रेस के उत्तर प्रदेष में अभी महज दो विधायक हैं, लेकिन बिहार में अगर प्रतिपक्ष की लहर चल पड़ी तो कांग्रेस के लिए उत्तर प्रदेश के आसमान में भी आस के बादल पहले से तो ज्यादा पानीदार हो ही जाएंगे। बिहार अगर जस–का–तस रहा या भाजपा के लिए अब से भी बेहतर हो गया तो मान कर चलिए कि समाजवादी पार्टी का, जो हो, सो हो, कांग्रेस के लिए तो आगे की राह और दुर्गम हो जाएगी। उत्तराखंड भी उत्तर प्रदेश का हमराही–सा ही साबित होगा। बिहार में एनडीए की हार से अगले चुनाव में वहां कांग्रेस की सरकार बनने की संभावनाएं ठोस हो जाएंगी। सांगठनिक कुव्यवस्थाओं और कांग्रेसी नेताओं की आपसी तूतूमैंमैं के बावजूद पिछली बार वहां कांग्रेस के 20 विधायक जीत कर आ गए थे तो बिहार में विपक्षी कलगी ऊंची होने पर उस की सीटें दुगनी हो जाना असंभव नहीं है। पंजाब में भाजपा अभी नहीं के बराबर है। उस के सिर्फ दो विधायक हैं। बावजूद इस के कि आम आदमी पार्टी के 93 विधायकों का जन्म तुक्के के गर्भ से हुआ है, भाजपा के लिए पंजाब के आसार बिहार का कोई भी चुनाव परिणाम न तो उजले कर सकता है, न धुंधले। उजले होंगे तो भी उस की सीटें कितनी हो जाएंगी ? दो से चार, आठ, बारह ? धुंधले होंगे तो दो से नीचे कहां जाना है ? हां, बिहार का नतीजा अगर प्रतिपक्ष की तरफ गया तो 2027 के पंजाब–चुनाव में कांग्रेस बड़ी भूमिका में आ जाएगी। अभी उस के 16 विधायक हैं। आम आदमी पार्टी से हताशा इस संख्या को सरकार बनाने लायक बहुमत के आसपास भी पहुंचा सकती है। गुजरात के चुनाव उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब के नतीजे आने के छह महीने बाद होंगे। सो, इन तीनों प्रदेशों के नतीजों का गुजरात पर एकदम सीधा असर पड़ेगा। घनघोर सेंधमारी की सियासत का शिकार होने के बाद वहां कांग्रेस के अब 12 विधायक ही बचे हैं। हो सकता है कि अगले चुनावों से पहले उन्हें भी भाजपा लील जाए। अगर ऐसा हुआ तो भी गुजरात में अकेली कांग्रेस ही इस स्थिति में रहेगी कि भाजपा की अभी की 162 सीटों को अपने कलाजंग दांव से पटकनी दे कर 90 की संख्या से नीचे ला फेंके। आम आदमी पार्टी के बूते की यह बात नहीं है। वह अपनी बेहतर–से–बेहतर स्थिति में भी एक दर्जन सीटों का आंकड़ा पार करने की कूवत, 2027 में तो क्या, 2037 में भी हासिल नहीं कर पाएगी। इसलिए गुजरात में भाजपा का विकल्प, जब बनेगी, कांग्रेस ही बनेगी। 2027 के जुलाई में राष्ट्रपति पद के लिए भी चुनाव होंगे। तब तक बिहार समेत 12 प्रदेशों के नए सियासी समीकरण आकार ले चुके होंगे। प्रादेशिक राजनीतिक संरचनाओं में अगर कोई बड़े उलटफेर हो गए तो वे राष्ट्रपति के चुनाव पर भी असर डाले बिना नहीं रहेंगे।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी–85, नोएडा, सेक्टर–6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी–102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली–110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 10/23/2025 7:41 PM Page 1



# सिरसी रेलवे क्रॉसिंग पर लगा जाम घण्टों तक फंसे रहे लोग

*** थाना हज़रतनगर गढ़ी पुलिस और पूर्व चैयरमेन आगे आकर खुलवाया दूर तक लगा जाम**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**संभल।** मुरादाबाद सम्भल मार्ग पर कई घण्टो लगने से वाहनों की लम्बी कतारे लग गई। लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बमुश्किल तमाम पुलिस और स्थानिय लोगों को जाम खुलवाने के लिए आगे आना पड़ा। गुरूवार को सम्भल मुरादाबाद मार्ग सिरसी रेलवे क्रॉसिंग पर दोपहर के समय जाम लगने से वाहन सवार लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भैया दूज पार्व को लेकर लोगों को अपनी मंज़िल तय करनी थी कि रास्ते मे जाम मे फंस गये। वहीं दूसरी दौर सिरसी रेलवे क्रॉसिंग पर गहरे गड्ढे होने की वजह ये भी जाम की स्थिति बनी।

सूचना थाना हज़रत नगर गढ़ी पुलिस को लगी तो कोतवाली प्रभारी अनुज तोमर ने चौकी सिरसी पुलिस संग जाम को खुलावाया। वहीं स्थानिय लोगों मे नगर पालिका परिषद के पूर्व चैयरमेन एवं भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक हाजी नुसरत ईलाही भी जाम खुलवाने मे जुट गये। काफी मशक्कत के बाद जाम में फंसे लोगों ने राहत की सांस ली और अपनी मंज़िल तक पहुंचे।

# ज़फर को लेकर बोले सांसद बर्क संविधान में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार

**उत्तम भारत संवाददाता**



**संभल।** विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर सम्भल मे दावेदारों की चर्चाओं का बाज़ार गर्म हो गया है। शहर विधायक इकबाल महमूद ने अपने पुत्र सुहैल को चुनाव लड़ाने की इच्छा ज़ाहिर कर चुके हैं तो वहीं टिकट को लेकर क्षेत्रिय सांसद ज़ियाउर्रहमान बर्क कह चुके हैं कि अभी किसी को टिकट नहीं मिला है। ज़ियाउर्रहमान ने सुहैल इकबाल को चुनाव लड़ाने को लेकर स्पष्ट नहीं किया जिसके बाद तरह तरह की चर्चायें होने लगी। उधर नगर की शाही जामा मस्जिद के सदर ज़फर अली एडवोकेट भी इकबाल महमूद को लेकर मुकाबले पर उतरने के लिए कमर कस चुके हैं और ऐलान कर चुके हैं कि वह चुनाव लड़ेंगे। कई पार्टीयों के वह सर्म्पक मे हैं। ज़फर अली ने भी किस पार्टी से चुनाव लड़ेंगे यह स्पष्ट नहीं किया है और पार्टी से टिकट न मिलने पर निर्दलीय भी उतरने का मन बना लिया है। ज़फर अली के चुनाव लड़ने पर क्षेत्रिय सपा सांसद ज़ियाउर्रहमान बर्क से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हमारा देश है कि संवेधानिक अधिकार है जो भी देश का नागरिक है प्रक्रिया के तहत चुनाव लड़ सकता है। उनके चुनाव लड़ने पर हम न उनको रोक सकते हैं न कोई नई बात नहीं है। हर कोई चुनाव लड़ सकता है हर कोई कोशिश करता है। सांसद ज़फर अली को लेकर कतई भी नाराज़ नज़र नहीं आये। राजनीतिक तौर पर भी सांसद ने ज़फर अली पर न तो कोई कटाक्ष किया और और न उनके चुनाव लड़ने के फैसले का विरोध किया। साथ ही यह भी कह डाला की वह पार्टी के साथ हैं। काफी दिनों से सांसद और स्थानिय विधायक के रिश्ते कुछ ज्यादा अच्छे नज़र नहीं आ रहे। माना जा रहा है कि विधानसभा चुनाव मे सांसद विधायक के साथ खड़े नज़र नहीं आयेंगे। हांलाकि सांसद ने ऐसी कोई बात नहीं की है लेकिन पहले के मुकाबले विधायक और सांसद के रिश्तों मे खटास साफ तौर पर महसूस की जा रही है।

# भाईदूज पर्व को लेकर रोडवेज़ बसों में रही महिलाओं की भारी भीड़

**उत्तम भारत संवाददाता**




**संभल।** धनतेरस, दीपावली और गोवर्धन पूजा के साथ ही भाई दूज का पर्व भी अपने आप मे खासा महत्व रखता है और इसको मनाने के लिए भाई बहन का एक साथ जमा होना बड़े ही उत्साह का पल माना जाता है। भाई बहन एक दूसरे से कितनी भी दूर रहते हो लेकिन इस पर्व को मनाने के लिए कभी दूर नहीं रहते रास्ते करीब हो जाते हैं जब रिश्ता सर्वोपरि हो जाता है। यही वजह है कि भारी भीड़ और तमाम दुश्वारियों के बीच रोडवेज़ और दूसरी वाहनों मे सफर तय कर बहनों ने भाई के यहां पहुंचकर भाई दूज का पर्व मनाते हुए लम्बी आयु की कामना कर तिलक किया और मुंह मीठा कराया। भाई के यहां जाने के लिए बहनों ने रोडवेज की बस से सफर किया तो रोडवेज़ बस स्टेण्ड गुरूवार को सुबह से ही खचाखच भरा नज़र आया। बसो मे सीट पाने को लेकर काफी मारामारी रही।

महिलाओं को घण्टो तक बसो का इंतेज़ार करना पड़ा। बताते चलें कि भैयादूल पर्व को लेकर सामान्य दिनों में चलने वाली 35 बसों की संख्या बढ़ाकर 55 कर दी गई। इनमें मुरादाबाद, आगरा, बरेली और मेरठ रूट की बसें प्रमुख रहीं। रोडवेज अधिकारियों ने बताया कि किसी यात्री को असुविधा न हो, इसके लिए बसें लगातार रवाना की जा रही है।

# चौपाल लगाकर पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को आत्म रक्षा के लिए जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**




**संभल।** मिशन शक्ति फ़ेस 5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत गाव ताजपुर थाना रायसत्ती जनपद संभल में चौपाल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं/छात्राओं को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें समझाया गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है। तत्पश्चात वहाँ पर उपस्थित सभी महिलाओं की समस्या सुनकर उनका निस्तारण कराने के लिए आवेदन लिये गये एवं उनको महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उपनिरीक्षक सचिन कुमार, हे.का.हरिराम सिंह, का.सुनील कुमार, का.पीयूष शर्मा, का.गीतम सिंह, म.का.सोनम, म.का.प्रियंका थाना रायसत्ती पुलिस मौजूद रही।

# रॉंग साइट आ रहे बाईक सवारों ने मारी टक्कर शिकायत करने पर दम्पत्ति को पीटा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** दो बाईकों मे आमने सामने की भिड़त हुइ तो बाईक सवारों ने दम्पत्ति को जमकर पीटा और फरार हो गये। पीड़ित दम्पत्ति ने सूचना पर पहुंची पुलिस को घटन की जानकारी दी।

दरअसल हुआ यूं की नई बस्ती निवासी युवक अपनी पत्नी और बच्चों के साथ भैयादूज को लेकर बाईक सवार होकर मुरादाबाद के लिए जा रहा था। रास्ते मे मुरादाबाद सम्भल मार्ग पर फिरोजुपर के पुत्र के निकट दूसरे बाईक सवारों से उनकी बाईक टकरा गई। दम्पत्ति ने बताया कि बाईक सवार दो लोग रोंग साइट आ रहे थे वह मुरादाबाद जा रहे थे। शिकायत करने पर बाईक सवार दोनो ने मारपीट। सूचना पर पहुंवी पुलिस ने घटना की जानकारी की। आरोपी बाईक सवार अपनी बाईक छोड़कर फरार हो लिये।

# बिहार चुनाव में राजग के 'विकास' और महागठबंधन के 'विनाश' के बीच मुकाबला : नड्डा

**औरंगाबाद (बिहार)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विकास और 'इंडिया' गठबंधन के 'विनाश' के बीच की लड़ाई है।

औरंगाबाद जिले में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधा और उसे ऐसी ''परजीवी पार्टी'' बताया, जो अपने छोटे सहयोगी दलों को समाप्त कर देती है। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि लालू प्रसाद की पार्टी ''रंगदारी, जंगलराज और दबंगई'' की प्रतीक है।

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने महागठबंधन द्वारा तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने पर सवाल उठाया।

उन्होंने कहा कि बिहार की जनता राजद और कांग्रेस के शासनकाल के इतिहास से अच्छी तरह वाकिफ़ है।

भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया, ''वह दौर अराजकता, जंगलराज और विकास की राह में रुकावटों का दौर था, जिसने बिहार को दशकों पीछे धकेल दिया। आज ये दल फिर से सत्ता में आने का सपना देख रहे हैं, लेकिन बिहार की जनता अब और भ्रमित होने वाली नहीं है। महागठबंधन सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए बनाया गया एक अपवित्र गठबंधन है, जो राज्य के लिए केवल विनाश लाएगा।''

नड्डा ने तेजस्वी यादव द्वारा युवाओं को रोजगार देने और पलायन रोकने के वादे पर तंज कसते हुए कहा कि राजद की ऐसी घोषणाएं ''भूमि के बदले नौकरी'' घोटाले की याद दिलाती हैं।

उन्होंने राजद के इस चुनावी वादे की आलोचना की कि बिहार के हर परिवार को सरकारी नौकरी दी जाएगी। नड्डा ने सवाल उठाया कि इसके लिए धन कहां से आएगा और वेतन कैसे दिया जाएगा।

भाजपा अध्यक्ष ने राजद द्वारा बाहबुली रहे दिवंगत नेता मोहम्मद शाहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शाहाब को टिकट देने पर भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

उन्होंने कहा, ''राजद ने शाहाबुद्दीन के बेटे को मैदान में उतारा है,ऐसी पार्टी बिहार की जनता की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करेगी? लालू की राजद रंगदारी, जंगलराज और दबंगई की प्रतीक है।''

राजद ने ओसामा शाहाब को सीवान जिले की रघुनाथपुर विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है।

नड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में बिहार को ''जंगलराज'' से मुक्त कराया है।

उन्होंने कहा, ''इस चुनाव में मुकाबला 'विकास' और 'विनाश' के बीच है। बिहार की जनता जंगलराज को कभी नहीं भूल सकती। लालू प्रसाद के शासनकाल में लोगों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा था, जबकि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार प्रगति की राह पर है।''

भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'बहुत कम लोग जानते हैं कि मेरा जन्म पटना में हुआ था। मैंने अपने बचपन के 20 साल बिहार में बिताए। मैं अंधकार के उस युग को जानता हूं और मैं प्रकाश के इस युग को भी देखता हूंज आज, यह चुनाव स्पष्ट रूप से राजग के साथ 'विकास' और महागठबंधन के साथ 'विनाश' दिखाता है।'

नड्डा ने दावा किया कि राजग सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में राज्य के विकास के लिए अनेक कार्य किए हैं।

उन्होंने कहा, ''केंद्र सरकार ने बिहार के रेल बजट में लगभग 10 गुना वृद्धि की है। हाल में शुरू की गई 44 वंदे भारत ट्रेनों में से 26 बिहार के लिए हैं।'' उन्होंने यह भी बताया कि छठ पर्व के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे मंत्रालय ने इस बार विशेष ट्रेनों की संख्या बढ़ाकर 12,000 कर दी है।

नड्डा ने मतदाताओं से अपील की कि वे विकास की गति को बनाए रखने के लिए राजग के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि बिहार को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल करने का सपना पूरा हो सके।

उन्होंने कहा कि बिहार के समग्र विकास के लिए 'डबल इंजन' की सरकार का रहना अपरिहार्य है।

# पंजाब में 15 सितंबर से 22 अक्टूबर तक पराली जलाने के 484 मामले दर्ज किए गए : पीपीसीबी डेटा

**चंडीगढ़।** पंजाब में 15 सितंबर से 22 अक्टूबर तक पराली जलाने की 484 घटनाएं दर्ज की गई, जो 16 अक्टूबर तक दर्ज 188 मामलों से 296 अधिक है। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

आंकड़ों के अनुसार, तरनतारन में पराली जलाने के सबसे ज्यादा 154 मामले सामने आए, इसके बाद अमृतसर में 126, फिरोजपुर में 55, पटियाला में 31 और गुरदासपुर में 23 घटनाएं हुई।

कई किसान पराली जलाने से रोकने की सरकारी अपीलों को नजरअंदाज कर रहे हैं।

पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने को अक्सर दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है।

चूंकि, अक्टूबर और नवंबर में धान की कटाई के बाद रबी की फसल - गेहूं की बुवाई का समय बहुत कम होता है, इसलिए कुछ किसान पराली को जल्दी से हटाने के लिए इन्हें खेत में ही जला देते हैं।

पीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, अब तक 226 मामलों में पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में 11.45 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। कुल जुर्माने में से अब तक 7.40 लाख रुपये वसूले जा चुके हैं।

आंकड़ों से यह भी पता चला है कि इस अवधि के दौरान पराली जलाने की घटनाओं के लिए 184 प्राथमिकी दर्ज की गई, जिनमें तरनतारन में 61 और अमृतसर में 53 प्राथमिकी शामिल हैं।

# झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम में जंगली हाथी ने युवक को कुचलकर मार डाला

**चाईबासा (झारखंड)।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में जंगली हाथी ने एक युवक को कुचलकर मार डाला। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) राफेल मुर्मू ने बताया कि जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जयरामडीह टोला के पास से हाथियों के झुंड को पहले भगा दिया गया था और पीड़ित सिरका चातर (28) इस इलाके में यह देखने आया था कि कहीं हाथियों का झुंड वापस तो नहीं लौटा है।

एसडीपीओ ने कहा, ''अचानक एक हाथी उसके (चातर के) सामने आ गया और उसे कुचलकर मार डाला।''

घबराए ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी और सूचना मिलने के बाद विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची।

शव को बरामद करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।

मुर्मू ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से लगभग 35 हाथियों का एक झुंड इलाके में उत्पात मचा रहा है। झुंड बार-बार रिहायशी इलाके में घुस रहा है और ग्रामीण उन्हें वापस जंगल में खदेड़ रहे हैं।

# आईआईटी खड़गपुर के निदेशक सुमन चक्रवर्ती डिस्टिंग्विश्ड एलुमनस अवॉर्ड-2025 से सम्मानित

**खड़गपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), खड़गपुर के निदेशक और यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग के प्राध्यापक प्रो. सुमन चक्रवर्ती को भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु ने अपने सर्वोच्च सम्मान डिस्टिंग्विश्ड एलुमनस अवॉर्ड-2025 से सम्मानित किया है।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार आईआईएससी द्वारा उन पूर्व छात्रों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने विज्ञान, अनुसंधान, नवाचार और समाजसेवा के क्षेत्र में असाधारण योगदान देकर भारत का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन किया है। चयन प्रक्रिया आईआईएससी की कठोर समीक्षा समिति द्वारा की जाती है।

प्रो. चक्रवर्ती ने आईआईएससी बेंगलुरु से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की थी और तब से वे माइक्रोफ्लूडिक्स, नैनोफ्लूडिक्स और जैव-चिकित्सकीय उपकरणों के क्षेत्र में अग्रणी शोध कार्य कर रहे हैं।

उनके शोध से किफायती स्वास्थ्य सेवा और रोग-निदान के क्षेत्र में नई तकनीकी क्रांति आई है।

आईआईटी खड़गपुर में निदेशक के रूप में उनके नेतृत्व में संस्थान ने अनुसंधान-आधारित नवाचार, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सामाजिक प्रभाव वाले विज्ञान को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया है।

प्रो. चक्रवर्ती ने सम्मान प्राप्त करने पर कहा कि मेरे मातृसंस्थान आईआईएससी बेंगलुरु से यह सम्मान प्राप्त करना मेरे लिए अत्यंत गर्व और विनम्रता का विषय है। यह इस विश्वास को सशक्त करता है कि विज्ञान और शिक्षा में जीवन को बदलने की अद्भुत शक्ति है। मैं इस उपलब्धि को अपने विद्यार्थियों, सहकर्मियों और पूरे आईआईटी खड़गपुर परिवार के साथ साझा करता हूं।

वहीं, आईआईटी खड़गपुर के जनसंपर्क कार्यालय ने कहा कि प्रो. सुमन चक्रवर्ती की उपलब्धियां विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में आईआईटी खड़गपुर की नेतृत्व परंपरा का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। यह सम्मान संस्थान की उपलब्धियों में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ता है।

# किसानों ने मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

**सिरसा।** भारतीय किसान यूनियन सिरसा इकाई ने मांगों को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार नाथूसरी चौपटा को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के जिला अध्यक्ष राकेश कस्वां, विकास कुमार, विनोद कुमार, मोहनलाल, प्रताप सिंह आदि ने बताया कि चोपटा क्षेत्र के किसानों को खाद की समस्या, सेम की समस्या सहित कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम तहसीलदार नाथुसरी चोपटा को ज्ञापन देकर आठ प्रमुख मांगों को हल करवाने की मांग की गई है।

उन्होंने बताया कि प्रमुख मांग जिनमें सिरसा जिले में डीएपी खाद की कमी को पूरा किया जाए, पिछले दिनों किसानों की फसलों जैसे धान, नरमा, बाजरा सहित सभी फसलो का नुकसान के आधार पर मुआवजा किसनों के खाते में जल्द से जल्द डाला जाए। मेरी फसल मेरा ब्योरा व क्षतिपूर्ति पोर्टल में कुछ किसानों की जमीन को साईबर ठगों ने अपने नाम ऑनलाईन कर ली थी इसलिए उसकी पूर्ण रूप से विभाग द्वारा जांच करवा के असली किसानों के खातें में मुआवजा की राशी डाली जाए। प्रत्येक जिले में जो मल्टीपर्पज ड्रेन जो सेम के पानी की निकासी बनाया गया वह बरसात के समय ओवरफ्लो होकर टूट जाता है जिसका उचित समाधान किया जाए। चोपटा तहसील के गांवो में करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से जो सेम की समस्या को दूर करने के लिए सौलर पैनल व पाइप लाइन लगाई गई थी

# अपने साथी के साथ शादी रचाने की इच्छुक गर्भवती महिला को सुरक्षा प्रदान करे पुलिसः मुंबई उच्च न्यायालय

**मुंबई।** मुंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र पुलिस को निर्देश दिया है कि वह अल्पसंख्यक समुदाय की 31-वर्षीय एक गर्भवती महिला की सुरक्षा सुनिश्चित करे, जो अपने साथी के साथ शादी रचाने के लिए घर से भाग गयी है और अपने परिवार से धमकियां मिलने का हवाला दे रही है।

न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की पीठ ने कहा कि चूंकि महिला वयस्क है, इसलिए वह अपने निर्णय खुद लेने के लिए स्वतंत्र है, भले ही उसके परिवार ने उसके रिश्ते को स्वीकार नहीं किया हो।

पिछले सप्ताह जारी अपने आदेश में उच्च न्यायालय ने महिला के पिता की बंदी प्रत्यक्षीकरण (व्यक्ति को पेश किये जाने संबंधी) याचिका का निपटारा कर दिया। महिला के पिता ने दावा किया था कि उसकी बेटी अप्रैल से लापता है।

अब महाराष्ट्र के बाहर अपने साथी के साथ रह रही महिला को इस माह के प्रारंभ में अदालत में पेश किया गया था।

महिला ने उच्च न्यायालय को बताया कि उसने अपनी मर्ज़ी से घर छोड़ा था, क्योंकि उसका परिवार अड़चनें डाल रहा था और उसके साथी के साथ उसके रिश्ते को स्वीकार नहीं कर रहा था। उसने अदालत को बताया कि वह तीन महीने की गर्भवती है और अपने साथी से शादी करके घर बसाना चाहती है।

उच्च न्यायालय ने कहा, ''वह वयस्क है और अपने फैसले खुद लेने के लिए स्वतंत्र है। ऐसी स्थिति में, याचिका में कुछ भी बचा नहीं है।''

पीठ ने कहा कि चूंकि महिला को अपने परिवार से खतरा होने का डर है, इसलिए उसे सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए।

उच्च न्यायालय ने मुंबई के वकोला थाने को निर्देश दिया कि वह उस क्षेत्र के स्थानीय थाने से संपर्क करे जहां महिला वर्तमान में रह रही है और वहां उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करे।

महिला के पिता ने अप्रैल में वकोला पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

प्रारंभिक जांच के बाद, पुलिस को पता चला कि महिला अपने साथी के साथ महाराष्ट्र से बाहर रह रही थी। महिला ने अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका जताई थी, क्योंकि उसके माता-पिता और रिश्तेदार इस रिश्ते के खिलाफ थे।

# अमित शाह ने गुजरात के साणंद में छह-लेन सड़क का किया शिलान्यास

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को साणंद में अहमदाबाद-मालिया रोड स्थित शांतिपुरा चौराहे से खोरज जीआईडीसी तक के सेक्शन के छह-लेन चौड़ीकरण प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। यह जानकारी राज्य सूचना विभाग ने अपने बयान में दी।

अहमदाबाद जिले के साणंद और उसके आसपास के क्षेत्रों में हुए अभूतपूर्व औद्योगिक विकास के कारण गुजरात राज्य सड़क विकास निगम (जीएसआरडीसी) के अधीन इस सड़क पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है। वर्तमान में रोजाना औसतन 43,014 वाहनों की आवाजाही के कारण होने वाली ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए मौजूदा चार-लेन सड़क को छह-लेन में बदलने की तात्कालिक आवश्यकता थी, जिसके अंतर्गत यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

805 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से आकार लेने वाले इस प्रोजेक्ट के तहत कुल 28.8 किलोमीटर लंबाई की सड़क को छह-लेन का बनाया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत 22.731 की लंबाई की सड़क के दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा, 13 छोटे पुलों को चौड़ा किया जाएगा तथा एक छह-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर और एक तीन-लेन राइट-टर्निंग फ्लाईओवर का भी निर्माण किया जाएग। इसके अलावा, उलारिया, तेलाव (दो जगहों पर), साणंद जीआईडीसी गेट और खोरज जीआईडीसी सहित कुल पांच नए अंडरपास बनाए जाएंगे। इसके साथ ही, प्रोजेक्ट रोड के साथ जुड़ने वाली सड़कों पर लगभग 172 कल्वर्ट का निर्माण या नवीनीकरण किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से साणंद और वीरमगाम जैसे बड़े औद्योगिक केंद्रों के अलावा सुरेन्द्रनगर, शंखेश्वर, राधनपुर और पाटण की ओर जाने वाले लंबी दूरी के ट्रैफिक को भी सुविधा मिलेगी। इस छह-लेन चौड़ीकरण के कार्य से परिवहन सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, दुर्घटनाओं में कमी आएगी, ट्रैफिक जाम की समस्या का निवारण होगा और नागरिकों के ईंधन और समय की भी बचत होगी।

इस शिलान्यास कार्यक्रम के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने साणंद क्षेत्र के नागरिकों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उन्हें नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पुष्प-गुच्छ के साथ नागरिकों के अभिवादन को सहर्ष स्वीकार भी किया। इस अवसर पर विधायक कनुभाई पटेल, जिला कलेक्टर सुजीत कुमार, जिला विकास अधिकारी विदेह खरे सहित कई अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में नहीं रहेगी चिकित्सा उपकरणों की कमीः आरती सिंह राव

*** छह जिलों के अस्पतालों में पहुंची नई अल्ट्रासाउंड मशीनें**

**नारनौल।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने गुरुवार को बताया कि राज्य सरकार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रदेश के किसी भी सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य संस्थान में चिकित्सा उपकरणों और मशीनों की कोई कमी न रहे।

उन्होंने बताया कि आवश्यकता के अनुसार नए उपकरणों और आधुनिक मशीनों की खरीद की जा रही है तथा उन्हें समय-समय पर संस्थानों में भेजा जा रहा है। हाल ही में प्रदेश के छह जिलों–रेवाड़ी, पंचकूला, नारनौल, पानीपत, सोनीपत और गुरुग्राम के सरकारी अस्पतालों में नई अल्ट्रासाउंड मशीनें भेजी गई हैं। इन मशीनों के इंस्टॉलेशन का कार्य पूरा होने के बाद जल्द ही मरीजों की जांच शुरू कर दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से हाल ही में अनेक आवश्यक दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और मशीनों की खरीद के लिए दरें तय की गई थी। अब उन्हीं के तहत राज्य के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में उपकरणों की आपूर्ति आरंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के सभी स्तरों पर आवश्यक संसाधनों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक मशीनों के आने से जांच प्रक्रिया और अधिक सटीक एवं तेज होगी, जिससे मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और आने वाले समय में अन्य जिलों के अस्पतालों में भी नई मशीनें भेजी जाएंगी, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को समान स्तर की चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

# ढोसी हिल को वन स्टेट-वन ग्लोबल डेस्टिनेशन के तहत किया जाएगा विकसितः नायब सिंह सैनी

*** सीएम नायब सिंह सैनी ने ढोसी हिल पर रोप-वे प्रोजेक्ट को लेकर की वीडियो कांफ्रेंसिंग**

नारनौल। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को महेंद्रगढ़ जिले की विश्व प्रसिद्ध ढोसी हिल को %वन स्टेट-वन ग्लोबल डेस्टिनेशन% योजना के तहत विकसित करने के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। इस मौके पर पर्यटन मंत्री, डॉ. अरविंद कुमार शर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने प्रोजेक्ट की वर्तमान प्रगति और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

सीएम ने अधिकारियों को इस ऐतिहासिक और पौराणिक स्थल को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट न केवल महेंद्रगढ़ क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस परियोजना के हर चरण में स्थानीय कला और संस्कृति को प्राथमिकता दी जाए और इसे हरित व पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। पर्यटन मंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि ढोसी हिल, जो ऋषि च्यवन की तपस्थली और च्यवनप्राश का उद्गम स्थल माना जाता है, उसे धार्मिक, सांस्कृतिक, और साहसिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने प्रोजेक्ट में प्रस्तावित रोप-वे निर्माण कार्य को तय समय सीमा में पूरा करने पर जोर दिया, ताकि बुजुर्ग और दिव्यांग तीर्थयात्री भी आसानी से पहाड़ी के शिखर तक पहुंच सकें।

P-08:28 paga09_jhn.qxd 10/23/2025 4:34 PM Page 1



# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना खजुरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** दिनांक 21.10.2025 को पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक,रामपुर के साथ थाना खजुरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव व थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना बिलासपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** दिनांक 21.10.2025 को पुलिस अधीक्षक, रामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना बिलासपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, सभी थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव व थाना कार्यालयों पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसरो में बने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस दौरान क्षेत्राधिकारी बिलासपुर भी मौजूद रहे ।

# चौकोनी गांव के जंगल में बेख़ौफ़ जुआ, 112 डायल पहुंचते ही भागे जुआरी; शिकायतकर्ता दहशत में

*** गांव निवासी ने जुआरियों के डर से नाम बताने से किया इनकार, पुलिस प्रशासन पर जुआ रोकने में नाकाम रहने का आरोप**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफ़नी।** क्षेत्र के चौकोनी गांव के जंगल में बड़े पैमाने पर चल रहे जुए के अड्डे पर पुलिस प्रशासन की सुस्त कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं। गांव के एक निवासी राकेश (बदला हुआ नाम) ने 112 नंबर पर इसकी शिकायत की, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस की गाड़ी की आवाज़ सुनकर जुआरी मौक़े से फ़रार हो गए। शिकायतकर्ता राकेश ने पुलिस को बताया कि चौकोनी गांव के जंगल में दिन और रात दोनों समय जुआ चलता है, लेकिन जब पुलिस ने उनसे जुआरियों के नाम पूछे, तो वह दहशत में आ गए और नाम बताने से साफ इनकार कर दिया। राकेश ने अपनी जान को ख़तरा बताते हुए कहा कि ÷अगर मैंने उन जुआरियों का नाम बताया तो वह मुझे मार देंगे।÷ शिकायतकर्ता के इस डर ने क्षेत्र में जुआरियों के बढ़ते हौसले और स्थानीय लोगों में उनके ख़ौफ़ को उजागर कर दिया है। पिछले कुछ समय से चौकोनी में जुआ चलने की शिकायतें लगातार हर तरफ से आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतने खुलेआम और लगातार जुआ चलने के बावजूद पुलिस प्रशासन जुआ रोकने में पूरी तरह नाकाम दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बार-बार शिकायत के बाद भी पुलिस इन अड्डों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है, जिससे क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियां बढ़ रही हैं।

# जगमग रहा बाजार खूब हुई आतिशबाजी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**दढ़ियाल।** नगर सहित क्षेत्र के गांवो में दीपावली का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया । दियो की रोशनी, रंग बिरंगी झालरे ओर आतिशबाजी की गूंज से रात भर रौनक बनी रही। बच्चों से लेकर बड़ों तक ने उजाले के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। नगर सहित क्षेत्र के गांवो में दीपावली का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया। दीपावली के त्योहार पर बाजार में भारी चहल पहल देखने को मिली। जहां पर दुकाने विशेष रूप से सजाई गई थी। लोगों ने सज धज कर बाहर निकाल कर सजावट का आनंद लिया और पटाखों व फूल झाड़ियां का लुत्फ उठाया। व्यवासिक प्रतिष्ठानो पर दुकानदारों ने परिजनों के साथ पूजा अर्चना की और मिष्ठान वितरण कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। बाजारों में भीड़ और वाहनों की अधिकता के कारण बाजपुर मुरादाबाद मार्ग पर कई बार जाम की स्थिति बनी रही । नगर के रामलीला मैदान में लगे पटाखा बाजार में खरीददारो की भीड़ देखने को मिली । लोगों ने देर रात तक सड़कों छतो पर आतिशबाजी करते रहे । घरों में साफ सफाई कर रंगोली बनाई गई और लक्ष्मी, गणेश व इष्टदेव की पूजा की गई । पूजा के बाद लोगों ने दीपावली की मिठाइयां और अन्य पकवानों का एक दूसरे के घर जाकर आनंद लिया एक दूसरे घर जाकर गले मिलकर बधाइयां दी। नगर सहित क्षेत्र के गांव रामपुर धम्मन, लोदीपुर नायक, पर्वतपुर, अकबराबाद, सूरजपुर, जमालगंज, भाटीखेड़ा , खांडी खेड़ा, मेवला कला, मेवला फार्म, कुंडेसरा, कुंडेसरी, भावपुरा, रूपापुर, सिरका, जटपुरा, नारायणपुर, मुवाना, पीपली नायक , सरकथल आदि गांव में दीपावली का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया।

# इमेज क्लासेज में जश्न-ए-इमेज 2025 का भव्य आयोजन इमेज क्लासेज में हुआ वार्षिक सम्मान समारोह

*** शाहबाद के अली हादिन हुए सम्मानित**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** शनिवार को जश्न-ए-इमेज 2025÷ बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे प्रो. रफिउद्दीन, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, ए.एम.यू.। विशिष्ट अतिथि रहे विनोद कुमार, कमांडेंट 104 बटालियन आर.ए.एफ. तथा प्रो. फरहा अज़मी, प्राचार्य, कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जे.एन.एम.सी. ए.एम.यू.। विशेष अतिथि के रूप में प्रो. निशात फ़ातिमा,फिल्मी एक्टर मुज़म्मिल हयात भावानी और परवेज़ रिज़वी उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत डायरेक्टर नवाब साक़िब इब्राहिम, सीईओ सायमा इब्राहिम एवं सेंटर ऑर्गेनाइज़र मोहम्मद आफ़ताब आलम ने किया।

समारोह में शिक्षक एवं गैर-शिक्षक सदस्यों को सम्मानित किया गया तथा ए.एम.यू. एवं जे.एम.आई. प्रवेश परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। रैंक 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को क्रमशः लैपटॉप, क्रोमबुक, टैबलेट, मोबाइल, स्मार्ट वॉच एवं ज़50,000 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

रैंक 6 से 10 तक को ज़25,000 की छात्रवृत्ति दी गई।

मास्टर हारिस ख़ान को ÷जुंगजू ऑफ द ईयर÷ का खिताब मिला।

कक्षा 9वीं व 11वीं प्रवेश टीमों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु ज़1,00,000-ज़1,00,000 से सम्मानित किया गया। नगर शाहबाद के अली हादिन को पांच कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया जिसमें से तीन कैटेगरी में उन्हें इमामत से नवाजा गया, इस मौके पर अली हादिन के पिता के सिफत मियां भी मौजूद रहे

कार्यक्रम का समापन उत्साह और उल्लास के बीच हुआ।

# मदरसा इस्लामिया अरबिया तजवीदुल का दौरा किया और मस्जिद कमेटी व बच्चों की पढ़ाई का जायजा लिया

**रामपुर।** अस्सलामु अलैकुम व रहमतुल्लाहि व बरकातुहू! आज तारीख 20अक्टूबर 2025, दिन सोमवार को हमारे बहुत अज़ीज़ जनाब इरफान उस्ताद खिदमतगार और उनके साथी जनाब इसरार हुसैन रामपुर शहर से लालपुर मदरसा इस्लामिया अरबिया तजवीदुल कुरआन लालपुर कलां में तशरीफ आवरी हुई। इरफान उस्ताद ने 2ड्ड4 बच्चों का जायज़ा लिया, माशाअल्लाह बच्चों ने अच्छा पढ़ा। इरफान उस्ताद ने मदरसे के स्टाफ से मुलाकात की, खासकर मुहतम्मिम जनाब कारी मोहम्मद फाखिर साहब से। इस मौके पर नाज़िम तालीमात जनाब मौलाना मोहम्मद मुजफ्फर साहब, सदर मुदर्रिस जनाब कारी मोहम्मद रियाज साहब, मौलाना मोहम्मद रिजवान साहब, कारी मोहम्मद इरफान साहब, मौलाना मोहम्मद उज़ेर साहब, उस्ताद मदरसा शाही मुरादाबाद, जनाब मौलाना जमील अहमद साहब, सदर जमीयत ए उलेमा सैयद नगर ब्लॉक भी मौजूद रहे।

अल्लाह तआला मदरसा इस्लामिया अरबिया तजवीदुल कुरआन लालपुर कलां को दिन दुगनी, रात चौगनी तरक्की अता फरमाए। आमीन सुम्मा आमीन।

हम अपने आने वाले मेहमानों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं।

मोहम्मद इरफान, ख़ादिम जमीयत ए उलेमा स्वार, जिला रामपुर, यूपी।

मोबाइलः 9917865674

# ग्राम नवीगंज के जंगल में मिला बेल का शव विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने की कार्रवाई की मांग

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के ग्राम नवीगंज में रात्रि किसी समय कुछ अज्ञात लोगों ने बैल को मौत के घाट उतार दिया विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के जिला सहसंयोजक अविनाश पटेल ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने सूचना दी की ग्राम नवीगंज में एक बैल की मौत हो गई है सूचना पाकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और घटना की आशंका को जताते हुए अनुमान लगाया कि यह कृत्य किसी आसामाजिक तत्व का है और यह भी अनुमान लगाया गया कि मौत का कारण बैल को किसी हथियार से मारा गया है फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि बेल की हत्या किसी गोली से की गई है लेकिन विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ पदाधिकारी अनुमान लगा रहे हैं कि यह घटना गोली मारकर की गई है मौके पहुंचे सिविल लाइंस थाना प्रभारी संजीव कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया हैं और संगठन के लोगों को आश्वाशन दिया है कि घटना करने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई की जाएगी वहीं विश्व हिंदू परिषद के सहसंयोजक अविनाश पटेल ने कहा कि अगर घटना करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो सिविल लाइन क्षेत्र में धरने प्रदर्शन किए जाएंगे और सरकार से मांग की जाएगी।

# दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** वार्ड नंबर आठ के सभासद दिनेश कश्यप ने नगर पालिका कर्मचारियों को दीपावली का तोहफा देकर शुभकामनाओं के साथ-साथ उनका हौसला बुलंद अकिया और कर्मचारियों को प्रेरित किया कि दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है और इस त्यौहार पर खुशियों के साथ-साथ भाईचारा भी कायम रखा जाता है इस त्यौहार पर हम सब मिलकर खुशियां बांटने का काम करते हैं इसी के साथ-साथ भाजपा सभासद ने नगर पालिका कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए मेहनत और लगन के साथ वार्ड में साफ सफाई होने की प्रशंसा की वहीं भाजपा सांसद दिनेश कश्यप ने कहा कि वार्ड नंबर 8 की स्थिति इतनी गंभीर थी कि वह निवास कर रहे लोग भी परेशानी से जूझ रहे थे।

# पिकअप में सवार हमलावरों ने एक युवक पर किया हमला

**रामपुर।** रामपुर ,के थाना शाहाबाद के ग्राम धुरियाई निवासी प्रमोद कुमार दीपावली का सामान लेकर अपने घर वापस लौट रहा था रास्ते में धात लगाए ग्राम चकरपुर कदीम के कुछ लोग पिकअप में सवार होकर प्रमोद का पीछा करने लगे गांव से कुछ ही दूरी पर पिकअप में सवार सभी लोगों ने पीड़ित प्रमोद को रास्ते में रोक कर धारदार हत्यारों से हमला करने लगे हमलावरों ने पीड़ित को इतना हमारा कि वह जमीन पर जा गिरा और बेहोश हो गया वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने प्रमोद की पहचान कर ली और परिजनों को सूचना दे दी मौके पर पहुंचे परिजनों ने पीड़ित प्रमोद को रामपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# पुलिसकर्मियों के साथ शिष्टाचार भेंट की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन, बरेली एवं श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के साथ शिष्टाचार भेंट की गई। इस अवसर पर उन्हें मिष्ठान वितरित कर दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई एवं उनके सेवा योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

ज़ यह भेंट सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि सम्मान, अपनापन और संबंधों की मिठास को और प्रगाढ़ करने का प्रतीक रही।

# शराब पीने से रोकने पर पति ने पत्नी को बेल्ट से पीटा, दी तहरीर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** दीपावली पर शराब पीने से रोकने पर एक पति ने अपनी पत्नी को बेल्ट से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।आरोप है कि पिटाई से पत्नी का सिर फट गया और वह लहुलुहान हो गई।पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला का मेडिकल परीक्षण कराया है।

केमरी थाना क्षेत्र के फैजनगर की रहने वाली पीड़ित महिला मिथलेश के पति सोनू मध्यप्रदेश में ड्राइवर का कार्य करता है।धनतेरस से एक दिन पहले वह दीपावली मनाने के लिए घर लौटे थें महिला ने बताया कि घर आने के बाद उन्होंने अपनी पत्नी से शराब पीने के लिए पैसे मांगे।पत्नी ने त्योहार का हवाला देते हुए इंकार कर दिया,जिसके बाद दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। मंगलवार को भी सोनू ने पैसे मांगे और जब पत्नी ने मना किया,तो वह गुस्से में आग-बबूला हो गया उसने अपनी पत्नी को बेल्ट से पीटना शुरू कर दिया,जिससे बेल्ट का कुंडा लगने से उसका सिर फट गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला का नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण कराया है।

# बिलासपुर में दीयों की रोशनी, रंग-बिरंगी झालरों और आतिशबाजी की गूंज से रातभर रौनक बनी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** रोशनी का त्योहार दीपावली पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया।इस दौरान दीयों की रोशनी, रंग-बिरंगी झालरों और आतिशबाजी की गूंज से रातभर रौनक बनी रही।सोमवार की रात पर्व के चलते बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इस उजाले के पर्व को परम्परागत तरीके से मनाया।नगर के बाजारों में भारी चहल-पहल देखने को मिली, जहां दुकानें विशेष रूप से सजाई गई थी।उधर माठखेड़ा रोड स्थित गुरूद्वारा और रामपुर रोड पर स्थित शिव मंदिर समेत छोटी-बड़ी इमारतें भी पारंपरिक और इलेक्ट्रॉनिक झालरों से आकर्षक लग रही थी।लोगों ने सज-धजकर बाहर निकलकर सजावट का आनंद लिया और पटाखों व फुलझड़ियों का लुत्फ उठाया। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर दुकानदारों ने परिजनों के साथ पूजा-अर्चना की और मिष्ठान वितरण किया साथ ही शुभकामनाएं भी दी।बाजारों में भीड़ और वाहनों की अधिकता के कारण कई स्थानों पर जाम की स्थिति भी उत्पन्न हुई।जिससे निबटने के लिए पुलिस टीम मुस्तैद रही।

# न्यायालय के समक्ष पेश किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर के कुशल निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी स्वार महोदय के पर्यवेक्षण में थाना स्वार पुलिस द्वारा अभियान मिशन शक्ति के अभियान के अन्तर्गत लडाई झगडे पर आमदा 01 नफर अभि0 1. लईक अहमद पुत्र शकील अहमद नि0 मौ0 चक स्वार थाना स्वार जनपद रामपुर उम्र करीब 31 वर्ष को अन्तर्गत धारा 170/126/135 B.N.S.S में गिरफ्तार किया गया। बाद विधिक कार्यवाही अभि0 को समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# पुलिस ने दस दिन बाद भी युवती को नहीं किया बरामद पिता ने रो रो कर पुलिस से लगाई मदद की गुहार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटवाई।** थाना क्षेत्र एक गांव की रहने वाली एक युवती 16 सितंबर को पास के ही एक कॉलेज में पढ़ने के लिए गई आरोप है कि तभी कानपुर निवासी जीतू उर्फ जितेंद्र जो कि कुछ समय से पटवाई में काम के सिलसिले से आया हुआ था और वो पैरों से भी विकलांग है युवती को बहला फुसलाकर कर अपने साथ ले गया पीड़ित पिता ने 11 अक्टूबर को थाना पटवाई पुलिस को अपने ही गांव के तीन लोग संदीप यादव दानवीर और लालता प्रसाद सहित चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई लेकिन 10 दिन बाद भी पुलिस ने अभी तक युवती को बरामद नहीं कर सकी पीड़ित पिता ने रो-रोकर पुलिस से गुहार लगाई है पटवाई थाना प्रभारी पुष्कर सिंह का कहना है कि जल्द युवती को बरामद कर लिया जायेगा

# वादों से अपने मुकरता नहीं मरने से मैं कभी डरता नहीं: बादशाह



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पक्षी विहार में नौवे दिन एसके ज्वैलर्स के मालिक शाहजेब खान की ओर से लगाए गए दिवाली महोत्सव में इंडियन आइडल फेम लेसन 6 मशहूर कलाकार रामपुर के रहने वाले असद अली बादशाह ने अपनी गायकी के ज़रिए इंडिया और इंटरनेशनल लेवल पर अपने रामपुर का नाम रोशन कर रहे हैं लास्ट नाइट 20 अक्टूबर दीपावली महोत्सव रामपुर पक्षी विहार झील में अपने कार्यक्रम में धमाल मचा दिया अपने सूफी और बॉलीवुड सोंग्स जैसे (वादों से अपने मुकरता नहीं मरने से मैं कभी डरता नहीं बादशाह ओ बादशाह) (धमा धम मस्त कलंदर) (हम तेरे शहर में आए हैं मुसाफिर की तरह) इन जैसे सुपर डुपर हिट सोंग्स सुनकर रामपुर की जनता झूम उठी और बादशाह को बहुत पसंद किया रामपुर का मशहूर इंस्टीट्यूट डांस विदमि की पूरी टीम भी अपना पूरा सहयोग दे रही है कार्यक्रम में मौजूद शाहज़ेब खान एस के ज्वैलर्स डॉ शादाब खान डायरेक्टर मदीहा एजुकेशन (MINT) जुहैब खान आदि लोग मौजूद रहे

# संक्षिप्त समाचार

## दिवाली के मौके पर घर आए युवक की तेज बुखार से हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

**मसवासी।** नगर पंचायत मसवासी के मोहल्ला चाऊपुरा निवासी मुकेश पुत्र ओमप्रकाश 30 वर्ष दीपावली के मौके पर अपने घर आया हुआ था तभी उसको तेज बुखार आ गया परिजन उसको चिकित्सकों के यहां ले गए लेकिन हालत में सुधार नहीं हो सका बुखार के चलते मुकेश की हालत गंभीर हो गई परीजनो ने मुकेश को काशीपुर के अस्पताल भर्ती करा दिया जहा पर इलाज के दौरान युवक की रविवार देर रात मौत हो गई। परीजनो ने बताया कि गई युवक हरियाणा के सिडकुल गुड़गांव में काम किया करता था तथा शादीशुदा था। दीपावली के अवसर पर अपने परिवार से मिलने के लिए अपने घर पर आया था परिवार में ऐसी दुखद घटना होने से परिवार वालों में कोहराम मच गया तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है देर शाम उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

## चक्की के पट्टे मे आने से चक्की स्वामी की मौत परीवार मे मचा कोहराम



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** नगर निवासी चक्की स्वामी की पटा चढ़ाते समय पटे मे आने से दर्दनाक मौत हो गई। चक्की स्वामी की मौत से परीवार मे कोहराम मच गया वही मोहल्ले मे मौत से सन्नाटा पसर गया चक्की स्वामी की एक माह बाद इसकी लड़की शादी थी परीवार रो रोकर बुरा हाल है। नगर निवासी नन्ने उम्र 45 पुत्र सफदर पीकअप चलाता था कुछ ही दिन पहले नन्ने ने मझरा खुशहालपुर मार्ग पर चक्की लगाई थी जिस पर वह आटा व धान के सेलर पर कुटाई करता था वह धान की कुटाई करने के चक्की का पटा। चढ़ा रहा कि अचानक पटे मे उसका पैर आगया जिस्से वह पटे मे फस गया ओर कई राउंड इंजन ने लगा दिये जिस्से मौके पर पर नन्ने की दर्दनाक मौत हो गई जिस्से नन्ने के परीवार मे चीख पुकार मच गई आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए मौके पर तमाम लोगो की भीड़ जमा हो गई किसी तरह पटे मे नन्ने को बाहर निकाला सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी प्रदीप मलिक भी मौके पर पहुंच गए। परीवार ने किसी भी कार्रवाई से इनकार कर दिया चक्की स्वामी की लड़की की एक माह बाद शादी होने वाली है नन्ने की मौत से पूरा परिवार टूट गया है परीवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने पोस्टमार्टम न कराने को लेकर तहरीर सौपी है।

## मसवासी क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया दीपावली का पर्व

**मसवासी।** मसवासी नगर क्षेत्र में दीपावली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया दीपावली पूजन के बाद लोगों ने एक दूसरे को मिठाइयां बांटी और आतिशबाजी का खूब आनंद लिया। सोमवार को गणेश और लक्ष्मी जी का शाम के समय पूजन किया गया खिल बताशे और अन्य सामग्रियों को पूजन में शामिल किया गया। पूजन के बाद कुछ लोगों ने अपने मित्रों और सहयोगियों को दीपावली की बधाई के रूप में मिठाइयां भेंट की। घरों को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। और घरों के बाहर दीप जलाए गए कुछ लोगों ने दीपों के रूप में घरों के बाहर सुसज्जित तरीके से मोमबत्तियां जलाई। दीपावली से पूर्व घरों की सफाई और रंग रोगन किया गया और फिर रंग बिरंगी लाइटों से घरों को सजाया गया। सोमवार की देर शाम दीपावली पूजन में सुख समृद्धि की कामना की गई और फिर आतिशबाजी छोड़कर दीपावली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। जबकि कुछ लोग दीपावली का पर्व मंगलवार को मानकर मना रहे हैं।

## लोगों को सूचना पर तंत्र मंत्र की विधियां कर रहे हैं दर्जन भर लोगों को पुलिस ने दबोचा



**रामपुर।** रामपुर पुलिस ने तंत्र-मंत्र का झांसा देने वाले गिरोह के लोगों को पकड़ा है शहर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लगभग 15 लोगों को पकड़ा है जो की अलग-अलग जनपद अमरोहा, थाना शहज़ाद नगर, थाना गंज, थाना कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं, सभी लोग मुस्लिम समुदाय से हैं,पुलिस कोतवाली क्षेत्र की कोसी नदी पुलिस चौकी में पकड़कर पुलिस चौकी ले गई,दीपावली की रात कोतवाली क्षेत्र के एक जंगल में जादू टोना और तंत्र-मंत्र का काम हो रहा था, तभी गांव वालों ने आपस में एक होकर पुलिस को सूचना दी, सूचना पर पुलिस पहुंच गई और और सभी को जिप्सी में भरकर थाना कोतवाली लेकर आ गई, वहीं पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

**एक गुप्त सूची के अनुसार पकड़े हुए लोगों के नाम**

रुमान मियाँ, मजहर मिया, इमरान अहमद, जमशेद अनवर, सोहेल अनवर, फिरोज अनवर, मुशर्रफ अली, मोहम्मद अयूब, शकील, अब्दुल खालिद, हिदायतुल्लाह,अहमद जिया, निजाम, यामीन अहमद, शानू उर्फ आलिम आदि लोग पकड़े गए हैं।

## कमरे से सटाकर कूड़ा घर बनाया

**रामपुर।** ब्लॉक सैदनगर के ग्राम खौदपुरा के प्राथमिक विद्यालय के कमरे से सटाकर कूड़ा घर बना दिया गया है। जिससे बच्चों को पढ़ने में और शिक्षक को पढ़ाने में दिक्कत हो रही है। कूड़ा घर से सटे क्लासरूम में दुर्गंध फैली रहती है। इसके अलावा बच्चों में संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। स्कूल के क्लासरूम से सटाकर बनाया गया यह कूड़ा घर निजाम चलाने वालों की बुद्धि पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

## नगर अध्यक्ष फैज़ान खान ने दीपावली पर बांटे उपहार और मिठाई

**सैफनी।** नगर पंचायत सैफनी के अध्यक्ष फैज़ान खान ने दीपावली के शुभ अवसर पर नगर पंचायत के सभी कर्मचारियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मिठाई और उपहार वितरित किए। अध्यक्ष महोदय की यह पहल सभी के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना व्यक्त करने और त्योहार की खुशियों को साझा करने के उद्देश्य से की गई। इस पहल की नींव पहले रक्षाबंधन पर रखी गई थी, जब नगर पंचायत सैफनी के अध्यक्ष फैज़ान खान को सभी आंगनवाड़ी सहायिकाओं ने राखी बांधकर स्नेह और सम्मान की परंपरा का निर्वाह किया था। उसी भावना को ध्यान में रखते हुए, अध्यक्ष फैज़ान खान ने दीपावली के पावन पर्व पर सभी नगर पंचायत कर्मियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए सम्मान स्वरूप उपहार और मिठाइयों का वितरण किया। इस अवसर पर, उपहार और मिठाई प्राप्त कर सभी नगर पंचायत कर्मियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष फैज़ान खान का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने अध्यक्ष महोदय के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि यह पहल दर्शाता है कि अध्यक्ष महोदय सभी के श्रम और सहयोग को कितना महत्व देते हैं। अध्यक्ष फैज़ान खान ने कहा कि सभी कर्मचारी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नगर के विकास और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और त्योहारों पर खुशियां साझा करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

## पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत वृद्ध आश्रम में फल मिठाई बाटी

**पटवाई।** मिशन शक्ति टीम उपनिरीक्षक सरोज व कॉस्टेबल सोनी ने कस्बा स्थित शाहबाद रोड पर बने वृद्धा आश्रम पर सोमवार को असहायोंआ संग दीवाली मनाई। उन्होंने वृद्धा आश्रम में रह रहे लोगों के बीच में जाकर में फल और मिठाई बांटी। उनको दीवाली का उपहार दिया। वहीं पुलिस को अपने बीच पाकर लोग काफी खुश हुए।

# मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर लगने से एक युवक की मौत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटवाई।** सोमवार को पटवाई थाना क्षेत्र के नया गाँव पर दोहपर करीव दो बजे रामपुर रोड पर दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार युवक राजेश सिंह निवासी मकरन्दपुर थाना बिलारी के गंभीर चोट लगने से जबड़ा टूट गया तथा दूसरी मोटर साइकिल पर सवार पप्पू पुत्र रोशन ख़ान निवासी घोसीपुरा पटवाई के भी हल्की चोटें आई राहगीरो ने दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल रामपुर भेज दिया जहां उपचार के दौरान राजेश की मौत हो गई पटवाई पुलिस में शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है

रोड चौड़ीकरण को लेकर पटवाई शाहबाद रामपुर रोड पर लगातार हो रहे हैं बड़े हादसे रोड चौड़ीकरण को लेकर शाहबाद रामपुर मार्ग पर काम चल रहा है जिसको लेकर रोड पर धूल उड़ती रहती है और तेज रफ्तार रेत से भरे डंपर भी शाहाबाद से रामपुर तक निकालते रहते जिस कारण रोड पर धूल उड़ती रहती है जिस वजह से आए दिन हादसे से हो रहे हैं

# गांवों के बीचों बीच से ओवर लोड वाहनों पर प्रतिबंध लगवाने के लिए आज ग्राम पंचायत मुंशीगंज के लोग विधायक शफीक अहमद अंसारी से मिले



**रामपुर।** आज 34 विधानसभा स्वार टांडा के ग्राम मुंशीगंज के मँझरा जवाहर गंज व एवज का मँझरा के काफी संख्या में ग्रामीणों ने माश विधायक शफीक अहमद अंसारी से मुलाकात की और और अपने ग्राम में आ रही खनन के वाहनों से दिक्कत के बारे में अवगत कराया ग्रामीणों ने कहा खनन के वाहनों से हमारे गांव के मकानों में दरारें पड़ गई हैं क्योंकि यह रास्ता गांव के बीचों बीच में है जिसके दोनों और घर बने हुए हैं इसी रास्ते पर एक मंदिर भी है उसमें भी दरारें पड़ गई हैं लोगो का घरों से निकलना दूभर हो गया है । इसके साथ ही लाडपुर बीवी व मनझरा फ़त्तावला के ग्रामीण भी अपनी अपनी समस्या के लिएं मिले।

विधायक जी ने संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी को तुरंत अवगत कराया। मिलने वालो में मुख्तियार अली अमर सिंह राजू जगन सिंह जयपाल प्रेम सिंह नौबत राम रमेश नजाकत प्रेम सिंह शौकीन नौबत सिंह अमीर अहमद अमीर अहमद अजीम नामे अली अनवर अली मास्टर राम सिंह चंद्रपाल सिंह यामीन भाई इकबाल हुसैन आदि

# बड़े गांव चौराहे पर फिर हादसा: ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आए दो, एक की हालत गंभीर, गुस्साए ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र के बड़े गांव चौराहे पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने खड़े बाइक सवार चाचा-भतीजे को रौंद दिया। हादसे में चाचा श्याम बाबू उम्र लगभग 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत मुरादाबाद अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, उनके भतीजे हिमांशु उम्र लगभग 10 वर्ष को मामूली चोटें और खरोंचें आई हैं, जिन्हें उपचार के बाद घर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस वक्त हुआ जब नवीगंज क्षेत्र का बताया जा रहा लकड़ी से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बड़े गांव चौराहे पर पीछे की ओर मुड़ रहा था। ट्रैक्टर पर सवार व्यक्ति ने अचानक पीछे मोड़ा, जिसकी चपेट में वहां किनारे पर खड़े बाइक सवार श्याम बाबू और हिमांशु आ गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश है। उनका कहना है कि बड़े गांव चौराहे पर आए दिन इस तरह के एक्सीडेंट होते रहते हैं, जिसका मुख्य कारण लापरवाही से चलने वाले ओवरलोड वाहन हैं। परिजनों ने मांग की है कि प्रशासन इस तरह के लापरवाही पूर्ण ड्राइविंग और ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाएं न हों। पुलिस ने ट्रैक्टर और ट्रॉली को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# उधार की रकम को लेकर मारपीट तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के मोतीपुरा गांव निवासी सुखपाल सिंह ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि 15 दिन पहले उसने 2,500 रुपए उधार दिये थे। 21 अक्टूबर मंगलवार को समय करीब दिन के 3 बजे उधार के पैसे जब वापस कर दिए इस पर सुखपाल ने कहा कि तुमने दो तीन दिन में वापस करने को कहा था लेकिन तमने 15-20 दिन वाद वापस दिये है इसी बात को लेकर रोहिताश, चन्द्रसैन व अजय ने गन्दी गन्दी गलिया दी और लाठी डन्डा से मारा व जान मारने की धमकी दी। पुलिस में तहरीर के आधार पर उपरोक्त तीनों व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कार्यवाही की है।

# आवारा कुत्तों ने एक और मासूम बच्ची को बनाया निशाना



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** आवारा कुत्तों के झुंड ने एक बार फिर एक मासूम बच्ची को काट किया जख्मी मिलक थाना क्षेत्र के ग्राम रेवड़ी कला निवासी 5 वर्षीय पल्लवी घर के बाहर खेल रही थी अचानक कुछ कुत्तों के झुंड ने खेल रही बच्ची पर हमला कर दिया और काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया शोर सुनकर परिजनो ने कुत्तों से बचाया ओर घायल बच्ची को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचे डॉक्टर ने घायल को एंटी रेबीज इंजेक्शन और प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया

# साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत थाना शाहबाद साइबर क्राइम पुलिस द्वारा आमजनमानस को किया गया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** बुधवार को साइबर जागरूकता अभियान थाना साइबर क्राइम व थाना शाहाबाद पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से थाना क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुर शलीशा थाना शाहाबाद रामपुर में साइबर जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

इस अवसर पर साइबर क्राइम थाना से मुख्य आरक्षी राहुल सिंह, मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुमार एवं महिला आरक्षी मालती तथा थाना शाहाबाद से उप निरीक्षक आतिश जैन, आरक्षी चमन सिंह, आरक्षी साहब सिंह अंतर्गत ग्राम चंद्रपुरा शलीशा में बैठक कर साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक निम्न जानकारी दी गईः-

1.किसी भी अनजान लिंक, कॉल या संदेश पर विश्वास न करें ।

2.ओटीपी, पासवर्ड या बैंक विवरण किसी के साथ साझा न करें ।

3.सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक न करें ।

किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या ऑनलाइन अपराध होने पर तत्काल 1930 (साइबर हेल्पलाइन) या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।

# ढाबे पर खाना खाने के दौरान पत्रकार और भाजपा नेता में हुई मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** मसवासी के मुरादाबाद चौराहे पर खाने के दौरान पत्रकार और भाजपा नेता में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई जिसमें पत्रकार ने भाजपा नेता समेत उसके दो साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर भाजपा नेता ने भी पत्रकार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर सौंपी है। गांव सीतारामपुर निवासी पत्रकार अजय सैनी पुत्र चोखेलाल मंगलवार की देर शाम मसवासी के मुरादाबाद चौराहे पर एक होटल पर खाना खा रहा था इसी दौरान भाजपा नेता संदीप सिंह और उसके साथी अमित सैनी पंकज पहुंच गए इसी दौरान दोनों पक्षों में एक दूसरे को देखकर गाली-गलौज शुरू हो गई और हाथापाई के साथ मारपीट हो गई ढाबे पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच बचाव किया। पत्रकार अजय सैनी ने कोतवाली पहुंचकर इस मामले की नामजद तहरीर पुलिस को सौंप पुलिस ने गाली गलौज कर हाथापाई करने में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। उधर सीतारामपुर निवासी पंकज सैनी ने भी पत्रकार अजय सैनी पर मारपीट कर गाली गलौज करने की तहरीर पुलिस को सौंपी है।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को रौंदा, दंपती समेत तीन घायल



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** बाइपास स्थित जीरो प्वॉइंट पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी।दुर्घटना में दंपती सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए साथ ही दोनों वाहनों क्षतिग्रस्त हो गए।मौकें पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में कर लिया है।नगर के मुहल्ला टांडा हुरमतनगर के रहने वाले अलाउद्दीन (50) बुधवार की पूर्वाह अपनी पत्नी सगीरन के साथ बाइक द्वारा गोदी गांव स्थित अपनी ससुराल जा रहे थें।बताया जाता है कि बाइपास पर जीरो प्वॉइंट स्थित सर्व संस्कृति स्कूल के सामने एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जबरदस्त रौंद दिया।इस दौरान बाइक सवार दंपती की चीख-पुकार मच गई।दुर्घटना के बाद हाईवे पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई और लहुलुहान अवस्था में पड़े तीन घायलों को एंबुलेंस की मदद से उत्तराखंड बॉर्डर स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।उधर सूचना पर कस्बा चौकी प्रभारी ललित कुमार पुलिस दलबल के साथ मौकें पहुंचें और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में कर परिजनों से जानकारी ली।चौकी प्रभारी ने बताया तहरीर प्राप्त होने पर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# घर में घुसकर दबंगो ने महिला के साथ की मारपीट दो भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के मझरा लाडपुर में दबंगों ने घर में घुसकर एक महिला की पिटाई कर दी

और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। लाडपुर मझरा निवासी राहिनी पत्नी दानिश ने स्वार कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह घर पर अकेली थी गांव के ही नदीम वसीम पुत्र गुलाम मुस्तफा ने घर में घुसकर गाली गलौज की विरोध किया तो लात घुसो से पिटाई कर दी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और किसी तरह बीच बचाव किया हमलावर मारपीट के दौरान जान से मारने की धमकी दे रहे थे और उसके पति को भी जान से मारने की धमकी दी है पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सरदार पटेल की प्रेरणा से भारत को मजबूत, संगठित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की राह पर सरकार: हरीश

*** भाजपा कार्यालय पर हुई पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक में बोले जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार**

*** कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर 31 अक्टूबर से लेकर छह दिसंबर तक आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि सरदार पटेल की प्रेरणा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार भारत को मजबूत, संगठित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के नारे के साथ सरदार पटेल के आदर्शों, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 31 अक्टूबर से छह दिसंबर तक अभियान चलाया जाएगा। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

राम विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को यादगार और प्रेरणादायी बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी जिलेभर में व्यापक अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विशेष सम्मेलन व पदयात्रा आयोजित की जाएंगी। इन सम्मेलनों में पार्टी के वरिष्ठ नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रबुद्ध नागरिक हिस्सा लेंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लौहपुरुष सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया था। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, ईमानदारी और सशक्त नेतृत्व का प्रतीक है। भाजपा चाहती है कि युवा पीढ़ी उनके संघर्ष और समर्पण से प्रेरणा ले। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं में विचार गोष्ठियां, चित्रकला प्रतियोगिताएं और निबंध लेखन जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही रन फॉर यूनिटी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह प्रयास है कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती केवल एक स्मरण दिवस न रहे, बल्कि यह आयोजन उनके विचारों और सिद्धांतों को जीवंत रखने का माध्यम बने। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, मोहन कुमार लोधी, पंकज कुमार लोधी, अनुज सक्सेना, अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, कुंवर बहादुर राजपूत, विकास दीक्षित, देवेंद्र दिवाकर, देवराज गंगवार, कुंवरपाल यादव आदि उपस्थित रहे।



# पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार न्यायालय से भेजा जेल



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। नगर के मोहल्ला तेलीपुरा निवासी नावेद पुत्र महबूब वार्ड 13 एक मामले में वांछित चल रहा था न्यायालय में पेश न होने के कारण उसके गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को लेकर पुलिस ने उसे मुख्य चौराहे से गिरफ्तार कर लिया और बुधवार को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है।

# डिपो में लगे ताले मायूस लौट रहे कार्ड धारक




**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर, के तहसील सदर में राशन डीलर अपनी मनमानी पर उतारू है जब उनका मन करता है तब वह डिपो को खोलकर राशन बांटने लगते हैं और जब उनका मन करता है डिपो को बंद कर देते हैं ऐसी स्थिति में कार्ड धारक मायूस होकर लौट जाते हैं सदर तहसील के जुबेर खान के नाम से डिपो होल्डर अपनी इच्छा के अनुसार डिपो को खोलते हैं और कार्ड धारकों को राशन देते हैं आज कार्डधारक ने डिपो पर जाकर देखा तो वहां ताला लगा मिला और कार्ड धारक मायूस लौट रहे थे जब इस बात की जानकारी वहां खड़े व्यक्ति से ली गई तो उन्होंने बताया कि डिपो 2:00 बजे खुलेगा जब कार्ड धारक ने 2:00 बजे जाकर देखा तो डिपो में ताला लगा था ऐसी स्थिति में कार्ड धारक मायूस लौट जाते हैं और अपने समय को बर्बाद करते हैं लेकिन डिपो होल्डरों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती

# दिवाली महोत्सव मे कव्वाली नाइट नियाजी ब्रदर की शानदार प्रस्तुति ने खूब वाहवाही लूटी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर में एस के ज्वैलर्स की ओर से लगाए कस्तूरबा गांधी पक्षी विहार झील 15 दिवसीय दिवाली महोत्सव

मे कव्वाली नाइट नियाजी ब्रदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया कव्वाली नाइट नियाजी ब्रदर की शानदार प्रस्तुति ने खूब वाहवाही लूटी पूरे पंडाल मे तालियो की गड़गड़ाहट गूंज उठी एस के ज्वैलर्स ओर डान्स विद के रामपुर के जनता के बीच अलग अलग पक्षी विहार झील मे हर रोज हर तरहा अलग ही प्रोग्राम हो रहे है जिसका आनंद रामपुर की जनता खूब ले रही है ईस महोत्सव मे स्वादिष्ट दूध की खीर का अलग ही चर्चा है,कुल्लड़ की चाय बच्चो के खिलौने के अलावा विभिन्न स्टॉल लगाए गए है बच्चो के लिए झूले मेले में पुलिस की साहरानिये काम की हुई खूब तारीफ एस के ज्वैलर्स की ओर से लगाए कस्तूरबा गांधी पक्षी विहार झील 15 दिवसीय

दिवाली महोत्सव मे रामपुर पुलिस को बच्चे के गुम होने की सूचना मिलते ही मैंले मे बच्च को रामपुर पुलिस तत्काल खोज कर उनके परिजनों को सोपा जिससे रामपुर पुलिस की खूब तारीफ हो रही है साहरानिये काम की हुई खूब तारिफ

# सैफ़नी नगर और आस-पास के क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गोवर्धन पूजा पर्व

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफ़नी।** नगर दीपावली के ठीक अगले दिन, मंगलवार को सैफ़नी नगर और आस-पास के क्षेत्रों में गोवर्धन पूजा का पावन पर्व लोगों ने बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया। यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के चमत्कारी कार्य और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है, जिस कारण क्षेत्र के निवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। पर्व के अवसर पर लोगों ने अपने-अपने घरों में गाय के गोबर से अत्यंत सुंदर और कलात्मक ढंग से %गोवर्धन% पर्वत की प्रतिकृतियाँ बनाईं। महिलाओं और बच्चों ने मिलकर इन प्रतिकृतियों को विभिन्न रंगों और फूलों से सजाया। क्षेत्र के निवासियों ने विधिवत तरीके से इन गोबर निर्मित गोवर्धन की पूजा-अर्चना की। लोगों ने भगवान कृष्ण और गोवर्धन पर्वत की आराधना करते हुए सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। पूजा में पारंपरिक व्यंजन, विशेष रूप से खीर और पूड़ी का भोग लगाया गया। यह पर्व उस पौराणिक कथा पर आधारित है, जब भगवान श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा (छोटी) उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर वृंदावन वासियों को इंद्रदेव के भयंकर प्रकोप से बचाया था।

## संक्षिप्त समाचार

# पति पत्नी से की मार पीट पत्नी ने चार लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मसवासी ।** पती पत्नी के साथ घर घुसकर मार पीट करने व गाली गलोच करने के मामले मे महिला की तहरीर पर दो महिलाओ सहित चार लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है हिना बी पत्नी नासिर निवासी बिजारखाता दी तहरीर मे कहा कि वह अपने घर अपने परिवार के साथ बात कर रही थी तभी वहा पर समद आया ओर कहने लगा कि तुम लोग हमे गालिया दे रहे हो इसी बात को लेकर गांव निवासी समद, बब्बन, अफसाना, बब्बो ने उसके पती व उसके साथ मारपीट की जिसमे वह चोटिल हो गए हिना बी पत्नी नासिर निवासी बिजार खाता ने दो महिलाओ सहित चार लोगो के खिलाफ कोतवाली स्वार मे रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# गैर जमानती वारंट के आधार पर वारंटी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** कोर्ट से जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर पुलिस ने एक वारंटी गिरफ्तार किया है।बुधवार को प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने अभि0 इन्द्रजीत सिंह उर्फ डम्पी पुत्र पूरन सिंह नि0 पसियापुरा को उसी के मस्कन से गिरफ्तार किया गया है।उसके विरुद्ध सम्बन्धित केस न0- 2748/21 मु0अ0स0- 152/21 धारा 60 श्व×्र्ष्ह्र को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 ओमकार सिंह हे0का0 135 राकेश रवि आदि मौजूद रहे। पेट्रोल पंप से दो आईसर कैंटर चोरी, मचा हड़कंप

# आजम खान से मुलाकात कर उनकी तबियत का हाल चाल लेने पहुँचे अमरजीत सिंह



**बिलासपुर:** समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य एवं 36 विधानसभा बिलासपुर से प्रत्याशी रहे अमरजीत सिंह अपने साथियों के साथ हाल चाल जानने के लिए रामपुर उनके आवास पर पहुंचे कर उनका आशीर्वाद लिया और उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बाहे गुरु से प्रार्थना की । उनके मात्र एक दर्शन करने पहुंचे पार्टी के कार्यकताओं में मात्र एक झलक देखने के लिए होड़ मची हुई थी । लेकिन अपने खराब स्वास्थ्य के चलते इतने बड़े नेता का सबसे मिल पाना मुश्किल नही हो पाता हैं। अपने कार्यकताओं की भावनाओ को ध्यान में रखते हुए वह किसी भी कार्यकर्ता को नाराज नही करना चाहते हैं। खराब स्वास्थ्य होने के बावजूद सभी के साथ खुशी से मिले और दिपावली के पर्व पर सभी कार्यकर्ताओं को मुबारकबाद दी और आजम खाँ ने अपने अंदाज में कहा कि सभी कार्यकर्ता जनता से जुड़े गरीब मजलूम का साथ दे । उनके सुख दुःख में उनका साथ और उनके होसलो को मजबूत करे। आजम खाँ ने अपने अंदाज में कहा आने वाला वक्त हमारा होगा । अब युवाओ को तय करना है। कि एक तरफ वो लोग है। जो चाकू कभी रामपुर की पहचान रही है। चौराहे पर उसकी स्मृति लगाकर क्या संदेश देना चाहते है। यह रामपुर का युवा तय करें। आजम खाँ ने कहा मेरा मात्र कसूर इतना सा ही हैं। कि में रामपुर शहर की पहचान और तस्वीर बदलना चाहता हूं। इसीलिए युवाओं के हाथों मैंने कलम देना चाहा उसकी मुझे इतनी बड़ी सजा मिली कि मुझ पर सैकड़ो मुकदमे लिखवाकर मुझे जेल भिजवा दिया । आजम खाँ ने कहा कि जो व्यक्ति दस बार का विधायक हो क्या वह बकरी चोर हो सकता हैं मेरा लिये इससे बड़ी शर्म की बात हो नही सकती है। आजम खाँ भावुक हुए और खराब स्वास्थ्य के चलते आराम करने चले गए । अमरजीत सिंह के साथ आरिफ अरोमा , जुएब खाँ, हरदेव सिंह, शमशेर सिंह , बार एसोसियशन के महासचिव पूर्व नामित सभासद शिव कुमार गुप्ता आदि रहे।

# पेट्रोल पंप से दो आईसर कैंटर चोरी, मचा हड़कंप

**सैफ़नी।** क्षेत्र अंतर्गत एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां शाहाबाद-बिलारी मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप से दो आईसर कैंटर 3018 ट्रकों की चोरी हो गई है। वाहनों के अचानक गायब होने से हड़कंप मच गया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रवाना निवासी गोरे खान ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। गोरे खान के अनुसार, उनका वाहन (संख्या P22 BT4555, आईसर कैंटर 3018) और उनके भाई सरफराज खान द्वारा चलाए जा रहे नीरज यादव निवासी बिसौली (बदायूं) के नाम पंजीकृत दूसरा वाहन (संख्या P24 AT 7528, आईसर कैंटर 3018) दोनों ही वाहन मंगलवार की रात को शाहाबाद-बिलारी मार्ग पर ग्राम रूपपुर के पास स्थित %सागर फिलिंग स्टेशन% पेट्रोल पंप पर खड़े थे। वाहन स्वामी गोरे खान ने बताया कि बुधवार को दोपहर करीब 11:00 बजे जब वह किसी काम से शाहाबाद जा रहे थे, तब उनकी नज़र पेट्रोल पंप पर पड़ी। उन्होंने देखा कि वहाँ दोनों ही वाहन मौजूद नहीं थे। दोनों वाहनों को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। गोरे खान ने तुरंत इस चोरी की सूचना सैफ़नी थाने को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पेट्रोल पंप के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इस घटना ने क्षेत्र के वाहन चालकों और मालिकों में दहशत पैदा कर दी है।

# पुलिस ने 12 दिन बाद भी युवती को नहीं किया बरामद पिता ने रो रो कर पुलिस से लगाई मदद की गुहार

**पटवाई।** थाना क्षेत्र एक गांव की रहने वाली एक युवती 16 सितंबर को पास के ही एक कॉलेज में पढ़ने के लिए गई आरोप है कि तभी कानपुर निवासी जीतू उर्फ जितेंद्र जो कि कुछ समय से पटवाई में काम के सिलसिले से आया हुआ था और वो पैरों से भी विकलांग है युवती को बहला फुसलाकर कर अपने साथ ले गया पीड़ित पिता ने 11 अक्टूबर को थाना पटवाई पुलिस को अपने ही गांव के तीन लोग संदीप यादव दानवीर और लालता प्रसाद सहित चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई लेकिन 12 दिन बाद भी पुलिस ने अभी तक युवती को बरामद नहीं कर सकी पीड़ित पिता ने रो-रोकर पुलिस से गुहार लगाई है पटवाई थाना प्रभारी पुष्कर सिंह का कहना है कि जल्द युवती को बरामद कर लिया जायेगा

# दोहमेला रोड पर प्रोग्राम आयोजित किया




**रामपुर।** मेकिंग वर्कशॉप सेमिनार 2025 का बोर्डिंग हाऊस घेर सैफुद्दीन खा दोहमेला रोड पर आज प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें रामपुर की महिलाओं ने 100 से ज़्यादा संख्या में भाग लिया और सफ़लता हासिल करने वाली महिलाओं को नगर पालिका परिषद की चेयरमैन पर्सन सना मामून द्वारा सभी महिलाओं को प्रमाणपत्र दिए गए।

# सैफनी नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों में हर्षोल्लास से मनाया गया भैया दूज का पावन पर्व



**सैफनी।** नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों में गुरुवार को भैया दूज का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक ढंग से मनाया गया। यह पावन पर्व भाई-बहन के अटूट स्नेह और सुरक्षा के रिश्ते का प्रतीक है। परंपरा के अनुसार, इस दिन बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक किया, गोला (सूखा नारियल) और मिठाई खिलाकर उनकी लंबी आयु, सुख-समृद्धि और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं, भाइयों ने अपनी बहनों के चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें सुरक्षा का वचन देते हुए दक्षिणा, उपहार (गिफ्ट) आदि भेंट किए। इस पर्व के संबंध में पौराणिक मान्यता है कि यमराज (मृत्यु के देवता) अपनी बहन यमुना के निमंत्रण पर उनके घर गए थे। बहन यमुना ने बड़े प्रेम और श्रद्धा से भाई यमराज की सेवा की।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 10/23/2025 7:47 PM Page 1



# 'इंडिया गठबंधन में कांग्रेस का कोई सम्मान नहीं: भाजपा




**नई दिल्ली।** बिहार में विपक्षी 'महागठबंधन' के पोस्टर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तस्वीर नदारद होने से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को विपक्ष पर तंज कसने का मौका मिल गया। 'महागठबंधन' के पोस्टर में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की तस्वीर छाई रही। प्रेस कॉन्फ्रेंस की एक तस्वीर शेयर करते हुए बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सवाल उठाया कि क्या आरजेडी ने राहुल गांधी और कांग्रेस को उनकी जगह दिखाने की कोशिश की है? पूनावाला ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर तंज कसते हुए लिखा, "जॉइंट पीसी? लेकिन सिर्फ एक तस्वीर...। राहुल गांधी और कांग्रेस का "सम्मान चोरी"। कांग्रेस और राहुल को उनकी जगह दिखा दी?"
पूनावाला ने एक और पोस्ट शेयर करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस पर भी 'टिकट चोरी' के आरोप लग रहे हैं। पूनावाला के पोस्ट से ऐसा लगता है कि बिहार में 'महागठबंधन' में सब ठीक है या नहीं, इस पर सवाल उठ रहे हैं। महागठबंधन में कांग्रेस और आरजेडी अन्य दलों के साथ प्रमुख सहयोगी हैं।
विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपना मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया। महागठबंधन के सभी सहयोगी दलों की उपस्थिति में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा कि यह निर्णय उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की सहमति से लिया गया है।
गहलोत ने यह भी बताया कि यदि 'इंडिया' गठबंधन (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) की सरकार बनती है तो विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी एक उपमुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि सहनी के अलावा, समाज के अन्य वर्गों से भी डिप्टी सीएम बनाए जाएंगे।
इस दौरान आरजेडी नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे तेजस्वी यादव ने कहा, "तेजस्वी की परछाई (छाया) भी अगर गलत काम करेगी तो उसको भी तेजस्वी सजा दिलाने का काम करेगा, ये संकल्प है। एक नया बिहार बनाने का काम हम करेंगे।"
हालांकि, कांग्रेस और आरजेडी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अभी तक कोई ठोस सीट-बंटवारे की योजना नहीं बना पाए हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख बीत चुकी है।
सीटों के बंटवारे का कोई अंतिम फामूर्ला न होने के कारण, बिहार के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में महागठबंधन के सहयोगियों के बीच "फ्रेंडली फाइट" देखने को मिल सकता है।
विपक्षी गठबंधन में दरार के दावों के बीच कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने गुरुवार को कहा कि महागठबंधन के भीतर कोई टकराव नहीं है।
न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार उन्होंने कहा, "विपक्ष को जो कहना है कहने दीजिए, लेकिन हमारे (महागठबंधन) बीच कभी कोई टकराव नहीं हुआ...क्या यह (पोस्टर में तेजस्वी यादव की तस्वीर) कोई प्रासंगिक मुद्दा है? क्या यह मुद्दा बिहार के युवाओं के लिए कोई मायने रखता है?"
वहीं, विपक्ष पर हमला बोलतो हुए बीजेपी सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा, "आज हमने देखा कि उस प्रेस कॉन्फ्रेंस से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तस्वीर गायब थी। हर पार्टी का चुनाव चिन्ह वहां था, लेकिन राहुल गांधी की तस्वीर गायब थी। यह कैसा गठबंधन है?"
रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष में सीट शेयरिंग पर सवाल उठाते हुए कहा, "बिहार में 243 सीटें हैं। जबकि महागठबंधन 255 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। और एक सीट है गौरा बौराम विधानसभा... वहां से भावी सीएम और डिप्टी सीएम दोनों चुनाव लड़ रहे हैं। यह बहुत लचर गठबंधन है। आज राज्य को यह बताना जरूरी है कि लालू प्रसाद यादव को चारा घोटाले के चार मामलों में दोषी ठहराया गया है, जो 32.5 साल तक चले हैं।"

# प्रियंका ने वायनाड के स्कूल से आदिवासी छात्रों को सुरक्षित संस्थान में भेजने का आग्रह किया



**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को केरल के मंत्री ओ.आर. केलू से आग्रह किया कि वायनाड के एक सरकारी स्कूल के आदिवासी छात्रों को जिले के भीतर ही किसी सुरक्षित संस्थान में स्थानांतरित किया जाए। उनका कहना है कि यह स्कूल आदिवासी छात्रों के लिए उपयुक्त नहीं है।
वायनाड से कांग्रेस सांसद ने राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री केलू से छात्रों को पड़ोसी जिले कन्नूर के एक स्कूल में स्थानांतरित करने के फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा।
प्रियंका गांधी ने दावा किया कि सरकार के इस फैसले से कई छात्र स्कूल छोड़ सकते हैं क्योंकि उनके परिवारों के पास उनसे मिलने कन्नूर आने के लिए संसाधन नहीं हैं।
वह यहां थिरुनेल्ली स्थित गवर्नमेंट आश्रम हाई स्कूल के छात्रों को कन्नूर जिले के अरलम स्थित न्यू मॉडल रेसीडेंसियल स्कूल में स्थानांतरित करने के राज्य सरकार के फैसले का जिक्र कर रही थीं।
कांग्रेस सांसद ने कहा कि गवर्नमेंट आश्रम हाई स्कूल के सभी छात्र पनिया और अदिया आदिवासी समुदायों से हैं जो संस्थान के छात्रावास में अमानवीय और खतरनाक परिस्थितियों में रह रहे थे।
उनका कहना है, लड़कियों के लिए उपलब्ध कराई गई स्वास्थ्य और स्वच्छता सुविधाएं बेहद अपर्याप्त हैं और इन्हें तत्काल उन्नत बनाने की आवश्यकता है मेरा मानना है कि अनुसूचित जनजाति विकास विभाग अब उन्हें अरलम स्थित आवासीय विद्यालय में स्थानांतरित करने की योजना बना रहा है।
प्रियंका गांधी ने केलू को लिखे अपने पत्र में कहा, मुझे आशंका है कि इस फैसले के कारण उनमें से कई छात्राएं स्कूल ही छोड़ देंगी।
उन्होंने मंत्री से छात्रों को स्थानांतरित करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया और सुझाव दिया कि उन्हें वायनाड के भीतर किसी उपयुक्त परिसर में स्थानांतरित किया जाए।

# लंदन की शिक्षाविद् को वापस भेजना स्वतंत्र सोच के प्रति मोदी सरकार की शत्रुता का उदाहरण: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लंदन में कार्यरत शिक्षाविद् फ्रांसेस्का ओरसिनी को वीजा शर्तों के कथित उल्लंघन के कारण दिल्ली हवाई अड्डे से वापस भेजे जाने के कुछ दिनों बाद बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि उन्हें देश में प्रवेश से रोकना कोई आव्रजन संबंधी औपचारिकता नहीं है, बल्कि ह्यस्वतंत्र और गंभीर सोच रखने वालों के प्रति मोदी सरकार की शत्रुता की मिसाल है।
गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि हिंदी की विद्वान और स्कूल ऑफ ओरियंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज (एसओएएस) में एमेरिट प्रोफेसर फ्रांसेस्का ओरसिनी को बीते सोमवार को हांगकांग से यहां पहुंचते ही निर्वासित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि वीजा शर्तों के उल्लंघन के कारण ओरसिनी मार्च 2025 से काली सूची में हैं।
कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दक्षिण एशियाई साहित्य की इस विद्वान को पांच साल का वैध वीजा होने के बावजूद भारत में प्रवेश से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, ओरसिनी को देश में आने से रोकने का फैसला आव्रजन औपचारिकता का मामला नहीं है, बल्कि स्वतंत्र, गंभीर सोच वाले विद्वानों के प्रति मोदी सरकार की शत्रुता का प्रतीक है।

# मौजूदा समय में शांति अभियान अभूतपूर्व जटिलताओं का सामना कर रहे हैं: सीआईएससी



**नई दिल्ली।** एकीकृत रक्षा स्टाफ प्रमुख (सीआईएससी) एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने बृहस्पतिवार को कहा कि आधुनिक युद्ध तेजी से बहुआयामी और सीमाहीन होते जा रहे हैं और आजकल संघर्षों में संयुक्त रूप से देशों की सेनाएं, मिलिशिया और आतंकवादी समूह शामिल होते हैं, जिससे शांति अभियान अभूतपूर्व स्तर पर जटिल हो जाते हैं।
नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में व्याख्यान देते हुए एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा कि इस बात पर मंथन करने की जरूरत है कि शांति स्थापना और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून को आधुनिक वास्तविकताओं के अनुरूप कैसे ढाला जाए।
उन्होंने कहा, हम वैश्विक भू-राजनीति में एक निर्णायक मोड़ पर खड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की संरचना में गहरा बदलाव आ रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की व्यवस्था, जो सामूहिक उत्तरदायित्व, साझा मानदंडों और मानवीय मूल्यों पर आधारित थी, अब अत्यधिक दबाव में है।
सीआईएससी ने रेखांकित किया कि दुनिया का लगभग एक-चौथाई हिस्सा संघर्ष प्रभावित है और आज दुनिया भर में 61 संघर्ष चल रहे हैं, जो 1946 के बाद से सबसे अधिक संख्या है।
दिल्ली स्थित रक्षा क्षेत्र से जुड़े थिंक टैंक यूएसआई द्वारा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र (सीयूएनपीके) और अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति (आईसीआरसी) के सहयोग से 23 और 24 अक्टूबर को संघर्षरत विश्व में शांति स्थापना और मानवीय अनिवार्यता को आगे बढ़ाना विषय पर यूएसआई संयुक्त राष्ट्र वार्षिक फोरम का आयोजन किया जा रहा है।
एयर मार्शल दीक्षित ने कहा, हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि शांति स्थापना और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून को आधुनिक वास्तविकताओं के अनुरूप कैसे ढालना चाहिए, तथा इस संघर्ष के बीच हमें मानवीय मूल्यों को कैसे कायम रखना चाहिए।
उन्होंने कहा कि इस मंच का विषय प्रासंगिक और सामयिक है, क्योंकि यह संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद 24 अक्टूबर, 1945 को अस्तित्व में आया था।
द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, नागरिकों की सुरक्षा, युद्ध की भयावहता को कम करने और वैश्विक स्थिरता बनाए रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई थी और जिनेवा संधि अस्तित्व में आई थी।
एयर मार्शल दीक्षित ने कहा कि इसमें गैर-लड़ाकों की सुरक्षा और अंधाधुंध हिंसा के निषेध जैसे सिद्धांतों को संहिताबद्ध किया गया है।
उन्होंने कहा कि शीत युद्ध के आरंभिक दौर में शांति मिशन की संख्या अपेक्षाकृत सीमित थी। उन्होंने पश्चिम एशिया में शांति स्थापना के लिए 1948 में स्थापित यूएनटीएसओ (संयुक्त राष्ट्र युद्धविराम पर्यवेक्षण संगठन) तथा 1953 में कोरिया में मिशन का उदाहरण दिया।
सीआईएससी ने कहा, आईएचएल के आधारभूत सिद्धांत अब भी महत्वपूर्ण हैं, लेकिन समकालीन संघर्षों की जटिल प्रकृति उनके कार्यान्वयन के लिए मुश्किल पैदा करती है।
अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून (आईएचएल) नियमों के एक समूह को संदर्भित करता है जो मानवीय कारणों से सशस्त्र संघर्ष के प्रभावों को सीमित करने का प्रयास करता है।
एयर मार्शल दीक्षित ने कहा, आधुनिक युद्ध तेजी से बहुआयामी और सीमाहीन होते जा रहे हैं। आजकल के संघर्षों में अक्सर देश की सेनाएं, मिलिशिया, विद्रोही, आतंकवादी समूह, निजी सैन्य कंपनियों और अन्य किरदार संयुक्त रूप से संलिप्त होते हैं।
उन्होंने कहा कि ये समूह आमतौर पर खुली सीमाओं और अस्थिर भूभागों में सक्रिय होते हैं। उदाहरण के लिए, पश्चिम एशिया में, गैर-सरकारी तत्व नियमित सेनाओं के साथ या उनके विरुद्ध लड़ते हैं।
सीआईएससी ने कहा, इसकी प्रमुख विशेषताओं में बहुध्रुवीय और गैर-रैखिक युद्धक्षेत्र शामिल हैं, युद्ध अब राज्य बनाम राज्य नहीं रह गए हैं, बल्कि सशस्त्र समूहों और मिलिशिया का एक नेटवर्क एक ही क्षेत्र में शामिल हो सकता है, जैसा कि हमने लीबिया और सीरिया के गृह युद्धों में देखा है।
एयर मार्शल दीक्षित ने अपने संबोधन में आधुनिक संघर्षों में असैन्य आबादी पर बढ़ते खतरों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, सशस्त्र बलों या अन्य किरदारों द्वारा रणनीति के रूप में नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना, नागरिकों को ढाल के रूप में इस्तेमाल करना या उन्हें हथियार बनाना अब आम बात हो गई है। शीर्ष सैन्य अधिकारी ने रेखांकित किया कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत ऐसा करना निषिद्ध है।
सीआईएससी ने कहा कि गाजा, सूडान और अन्य स्थानों पर इस तरह के संरक्षण का अक्सर उल्लंघन किया जाता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध लंबे समय तक चलते हैं और गहरे मानवीय संकट पैदा करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप विस्थापन, खाद्य असुरक्षा और आघात समय के साथ बढ़ते जाते हैं। सीआईएससी ने अपने इस कथन के समर्थन में सूडान और गाजा में संघर्ष के मद्देनजर बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु और विस्थापन का हवाला दिया।
सीआईएससी ने जोर देकर कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद, संयुक्त राष्ट्र जैसी बहुपक्षीय संस्थाएं अपरिहार्य बनी हुई हैं।
उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति सेना ने कई देशों को गृहयुद्ध या तानाशाही से उबरने में मदद की है। जिन क्षेत्रों में शांति सैनिक तैनात हैं, वहां नागरिकों की मृत्यु दर कम है और शांति समझौते ज्यादा स्थिर हैं।
एयर मार्शल ने कहा, फिर भी शांति अभियान समुदाय को अभूतपूर्व जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है। दुनिया भर में कई स्थानों पर सशस्त्र संघर्ष हो रहे हैं, और शांति अभियान अभूतपूर्व जटिलताओं का सामना कर रहे हैं, जिनमें गैर-राज्यीय तत्व, छद्म युद्ध, सीमित संसाधन और असैन्य आबादी पर बढ़ता खतरा शामिल है।

# महागठबंधन ने तेजस्वी को मुख्यमंत्री और सहनी को उप मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया



**पटना।** महागठबंधन ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से दो सप्ताह पहले बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव को औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया।
इसके साथ ही, विकाशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के संस्थापक मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया गया और यह भी कहा गया कि सरकार बनने पर समाज के अन्य वर्गों से भी उप मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे।
हालांकि, विपक्षी गठबंधन की तरफ से यह स्पष्ट नहीं किया गया कि महागठबंधन के सत्ता में आने पर कुल कितने उप मुख्यमंत्री होंगे।ह्व तेजस्वी यादव का नाम घोषित करके महागठबंधन के घटक दलों ने अपने अंतर्विरोधों को समाप्त करने और एकता का संदेश देने का प्रयास किया है।
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महागठबंधन के घटक दलों के प्रमुख नेताओं के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में तेजस्वी के नाम की घोषणा की।
बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक गहलोत ने कहा कि तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा से जुड़ा निर्णय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सहमति से लिया गया है।
पटना के एक होटल में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, हमने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी से परामर्श के बाद, साथ ही सभी सहयोगी दलों की सहमति से तेजस्वी यादव जी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने का निर्णय लिया है।
उन्होंने यह भी कहा कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है, तो मुकेश सहनी उप मुख्यमंत्री होंगे। गहलोत ने यह भी कहा कि बिहार की सामाजिक संरचना के मद्देनजर सहनी के अलावा समाज के अन्य वर्गों से भी उप मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे, हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि महागठबंधन की सरकार बनने पर उसमें कितने उप मुख्यमंत्री होंगे।
समर्थकों के बीच सन ऑफ मल्लाह के नाम से मशहूर सहनी निषाद जाति से आते हैं। निषाद बिहार में अति पिछड़े वर्ग की श्रेणी में आते हैं।
कांग्रेस के कुछ नेताओं ने यह मांग भी दोहराई कि यदि महागठबंधन सत्ता में आता है, तो किसी मुस्लिम या दलित नेता को उपमुख्यमंत्री बनाया जाए।
गहलोत ने राजद नेता तेजस्वी की तारीफ करते हुए कहा, तेजस्वी एक नौजवान हैं, जिनका लंबा भविष्य है। जनता हमेशा उन्हीं के साथ रहती है जिनमें प्रतिबद्धता और ईमानदारी होती है। पिछली बार इन्होंने जो रोजगार के वादे किए थे, उन्हें निभाने की दिशा में काम किया।
उन्होंने कहा, राहुल गांधी जी और इन्होंने (तेजस्वी) ने मिलकर जो यात्रा (वोटर अधिकार यात्रा) की थी उसका बहुत असर हुआ है।आने वाले वक़्त में राहुल जी भी आएंगे और प्रियंका जी भी बिहार आएंगी।
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को यह स्पष्ट करने चुनौती दी कि मुख्यमंत्री पद के लिए उसका चेहरा कौन है? उन्होंने दावा किया, महाराष्ट्र में कहा गया कि एकनाथ शिंदे के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाएगा और बाद में किसी और को मुख्यमंत्री बना दिया, यही बात यहां (बिहार) लागू हो रही है। मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किए जाने के बाद तेजस्वी यादव ने कहा, यह हमारे लिए कोई बड़ा मुद्दा नहीं था, लेकिन चूंकि मीडिया में कई तरह की अटकलें चल रही थीं, इसलिए हमने इसे स्पष्ट करना जरूरी समझा।
उन्होंने कहा, महागठबंधन ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, उसके लिए मैं सभी दलों का आभारी हूं। यह भरोसा बिहार की जनता का भी है। अब हमारा एक ही लक्ष्य है 20 साल पुरानी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना।
राजद नेता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि 20 साल के शासन और 11 साल की मोदी सरकार के बावजूद बिहार देश का सबसे गरीब राज्य बना हुआ है। न उद्योग हैं, न रोजगार। बिना घूस के कोई काम नहीं होता। अफसर मंत्री से ज्यादा ताकतवर हो गए हैं और जनता की आवाज दबा दी गई है। तेजस्वी ने राजग पर निशाना साधते हुए कहा, इनके पास न कोई विजन है, न ब्लूप्रिंट। ये लोग हमारी योजनाओं की नकल करते हैं। हमने पेंशन 1500 रुपए करने की बात कही, तो नीतीश कुमार ने 1100 रुपए देने की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने इस वादे को दोहराया कि राज्य के जिन परिवारों में सरकारी नौकरी नहीं है, उनमें एक व्यक्ति को नौकरी दी जाएगी। साथ ही जीविका कम्युनिटी मोबलाइजर को 30,000 रुपए और जीविका ह्यदीदीह्ल को 2,500 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। उन्होंने वादा किया कि महागठबंधन की सरकार बनते ही सभी संविदा कर्मियों को स्थायी किया जाएगा। उनका कहना था कि वह मुख्यमंत्री बनने या सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि बिहार को बदलने के लिए काम कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने दावा किया, भाजपा नीतीश जी के साथ अन्याय कर रही है। अमित शाह कई बार कह चुके हैं कि नीतीश जी मुख्यमंत्री नहीं होंगे। अगर भाजपा में इतना आत्मविश्वास है तो वह अपने मुख्यमंत्री उम्मीदवार का नाम क्यों नहीं बताती? नीतीश जी की खराब सेहत का फायदा उठाकर उनके अपने ही लोग पार्टी को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने राजग पर तंज कसते हुए कहा, हमारा तो संयुक्त संवाददाता सम्मेलन भी हो गया, लेकिन हम लोग नीतीश कुमार के साथ जो राजग में अन्याय हो रहा है, वो देख रहे हैं। राजग का एक भी संयुक्त संवाददाता सम्मेलन नहीं हुआ है, न ही संयुक्त रूप से उन्हें मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित किया है। हम कह रहे हैं कि वो नीतीश कुमार को दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे। अमित शाह ने तो ये संदेश भी दे दिया है। हमेशा आप मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करते हैं लेकिन इस बार आप घोषणा क्यों नहीं कर रहे। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, हमने अपनी ओर से नेतृत्व का चेहरा घोषित कर दिया है। अब यह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जिम्मेदारी है कि वह यह बताए कि अगर वह सत्ता में आती है तो मुख्यमंत्री कौन बनेगा।
हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि राजग विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेगा, लेकिन मुख्यमंत्री कौन बनेगा, यह विधायक दल तय करेगा। इस बयान को कई लोग इस रूप में देख रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब बिहार में अपनी पार्टी का मुख्यमंत्री देखना चाहती है। यह एकमात्र हिंदी भाषी राज्य है जहां अब तक भाजपा का मुख्यमंत्री नहीं रहा है। इधर, राजग ने इंडिया गठबंधन की इस घोषणा पर तंज कसते हुए कहा कि एकजुटता दिखाने की कोशिशों के बावजूद, गठबंधन के भीतर दरारें साफ नजर आ रही हैं।
भाजपा ने महागठबंधन के संवाददाता सम्मेलन के दौरान लगाए गए उस पोस्टर की तस्वीर अपने एक्स हैंडल पर साझा की, जिसमें तेजस्वी यादव की बड़ी तस्वीर थी, लेकिन विपक्षी गठबंधन के किसी अन्य नेता की तस्वीर नहीं थी।
निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा, दलित और अति पिछड़े वर्ग राहुल गांधी की वजह से इंडिया गठबंधन को वोट देंगे। पोस्टर में उनकी तस्वीर होनी चाहिए थी। भाकपा (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य जैसे सहयोगियों की तस्वीरें भी पोस्टर में शामिल की जानी चाहिए थीं।
वहीं, केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा, हमारा चुनाव प्रचार पूरे जोर पर है, मेरी आवाज रैलियां करते-करते बैठ गई है, लेकिन इंडिया गठबंधन के नेता अभी तक कमरे से बाहर नहीं निकले हैं।
जनता दल (यू) के प्रवक्ता और विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें लॉलीपॉप थमाया गया एक नाराज बच्चा कहा जा सकता है।
उन्होंने यह भी कहा कि जब तेजस्वी ने 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रचार अभियान की कमान संभाली थी, तब गठबंधन को भारी पराजय का सामना करना पड़ा था।

# आसियान शिखर बैठक में समझबूझ कर नहीं जा रहे हैं मोदी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगता है कि कुआलालम्पुर में होने वाली आसियान शिखर बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने वह अलग-थलग महसूस करेंगे इसलिए सोची समझी रणनीति के तहत इस बैठक में हिस्सा लेने नहीं जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि आसियान शिखर सम्मेलन की 26 से 28 अक्टूबर तक कुआलालम्पुर में शिखर बैठक होगी निसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा ह्लकई दिनों से अटकलें लगाई जा रही थीं कि प्रधानमंत्री इस बैठक में जाएँगे या नहीं। अब तय लग रहा है कि प्रधानमंत्री नहीं जाएँगे। इसका मतलब है कि विश्व नेताओं के साथ गले मिलने, तस्वीरें खिंचवाने या खुद को विश्वगुरु बताने के कई मौके गँवा दिए जाएँगे। उन्होंने कहा श्री मोदी के न जाने की वजह साफ है। वहां राष्ट्रपति ट्रंप मौजूद होंगे श्री मोदी उनके सामने खुद को अलग थलग पड़ता महसूस नहीं करना चाहेंगे। उन्होंने कुछ हफ़्ते पहले मिस्र में गाजा शांति शिखर सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी इसी वजह से ठुकरा दिया था।
कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ट्रंप की प्रशंसा में संदेश पोस्ट करना एक बात है। लेकिन उस व्यक्ति के साथ घुलना-मिलना दूसरी बात है और यह सब उस व्यक्ति के साथ आसान नहीं होगा जिसने 53 बार ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने और पांच बार भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने के वादे का दावा करने वाला बयान दिया है। यह एक तरह से खुद को बचाकर रखने की स्थिति ही होगी। कांग्रेस नेता ने तंज करते हुए कहा प्रधानमंत्री शायद उस पुराने हिट बॉलीवुड गाने को याद कर रहे होंगे बचके रे रहना रे बाबा, बचके रहना रे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज सोशल मीडिया पर बताया कि वह इस सम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। श्री मोदी ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से फोन पर बात की है और उन्हें सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# भारतीय सेना और रॉयल आर्मी ऑफ ओमान ने रक्षा सहयोग को दी नई गति

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना और रॉयल आर्मी ऑफ ओमान के बीच महत्वपूर्ण संवाद आयोजित किया गया। सैन्य स्तर की यह वार्ता नई दिल्ली में 22 से 23 अक्टूबर को हुई। यह भारतीय सेना और रॉयल आर्मी ऑफ ओमान के बीच तीसरी आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ता है। भारतीय सेना के मुताबिक इस दो दिवसीय बैठक में दोनों देशों की सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और अधिक सुदृढ़ और व्यापक बनाना था।
भारतीय सेना का कहना है कि वार्ता के दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इनमें संयुक्त सैन्य अभ्यासों के दायरे का विस्तार, विशिष्ट क्षेत्रों में विशेषज्ञों के आदान-प्रदान और प्रशिक्षण सहयोग को और अधिक गहन करने पर विशेष जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने रक्षा क्षमताओं के विकास, व्यावसायिक सैन्य शिक्षा और रक्षा सहयोग की नई संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। यह चचाएं डिफेंस कोऑपरेशन प्लान 2026 के तहत की गईं, जिसका उद्देश्य आने वाले वर्षों में भारत-ओमान रक्षा साझेदारी को रणनीतिक रूप से नई दिशा देना है।
वार्ता के दौरान दोनों सेनाओं ने इस बात पर सहमति जताई कि मौजूदा वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में भारत और ओमान के बीच सहयोग न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगा, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता और समुद्री सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। ओमान, भारतीय सागर क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार है और दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में गहरे ऐतिहासिक व मित्रतापूर्ण संबंध हैं। भारत और ओमान कई क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं।
रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले वर्षों में दोनों देशों की सेनाओं के बीच संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यासों की आवृत्ति में वृद्धि देखी जाएगी। साथ ही सैन्य शिक्षा और अनुभव साझा करने के नए प्लेटफॉर्म्स विकसित किए जाएंगे।
इसके अलावा, रक्षा प्रौद्योगिकी और आपसी समन्वय के नए क्षेत्रों में भी सहयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। भारतीय सेना और रॉयल आर्मी ऑफ ओमान के बीच यह बैठक सैन्य कूटनीति को आगे बढ़ाने और भारत-ओमान रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है। इसने दोनों सेनाओं के बीच विश्वास, समझ और सहयोग की नई नींव गहरी की है, जो आने वाले समय में क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थायित्व को और सुदृढ़ करेगी।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 10/23/2025 8:46 PM Page 1



# भाई दूज पर कांठ में जाम की स्थिति, पुलिस ने अतिक्रमण हटवाकर

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** भाई दूज के दिन कांठ-मुरादाबाद हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवाया और स्थिति को नियंत्रित किया। गुरुवार को सुबह से ही लोग अपने भाइयों के यहां राखी बांधने और तिलक लगाने के लिए निकले थे। महिलाओं की सुरक्षित यात्रा के लिए रोडवेज बस स्टैंड से आवागमन बढ़ गया था जिससे बाजार और हाईवे पर यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस को मुख्य मार्गों पर जाम की सूचना मिली तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए फोर्स तैनात कर दी। त्योहार के कारण बसों, ई-रिक्शा और अन्य वाहनों की संख्या बढ़ने से बाजार क्षेत्र में घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। पुराना रोडवेज चौराहा, सब्जी मंडी और तहसील रोड पर रिक्शा, ठेले, फल और पान वालों ने अतिक्रमण कर रखा था। इससे मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ठेले और खोमचे वालों को हटवाया तथा दुकानदारों को



चेतावनी दी कि वे अपनी दुकानों के आगे कोई भी सामान या ठेला न लगाएं। प्रशासन ने साफ किया कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस और प्रशासन की तत्परता से जाम खुलवाया गया और यातायात सामान्य हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। जाम हटने के बाद बाजार में आवाजाही पूर्ववत हो गई, वहीं लोगों ने पुलिस और प्रशासन की तत्परता की सराहना की। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, उप निरीक्षक संजीव कुमार आदि भारी पुलिसवाला तैनात रहा। पुलिस ने दो पहिया वाहन चालकों और यात्रियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि आपका जीवन अमूल्य है सुरक्षित चलें और यातायात के नियमों का पालन करें।

## परंपरागत तरीके से मनाया भाई दूज पर्व

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** क्षेत्र में भाई दूज का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। भाई दूज पर्व के अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी दीघार्यु और खुशहाली की कामना की। भाइयों ने भी उपहार देकर बहनों की रक्षा का वचन देते हुए उनके सुखी रहने की कामना की।



तहसील क्षेत्र में भैया दूज का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। सुबह से ही बहनें उठ कर घरबार का काम निपटाने के बाद तैयार होकर अपने अपने भाइयों के घरों पर पहुंची और भाइयों का तिलक कर उन्हें गोला तथा मिठाई देखकर उनकी दीघार्यु और स्वस्थ्य रहने की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को नकद धनराशि तथा कपड़े आदि उपहार में दिए और बहनों के स्वस्थ्य रहने की कामना की। भाई दूज के पावन पर्व पर आज गोलों तथा मिठाइयों की दुकानों पर काफी भीड़भाड़ रही और बहनों ने खूब मिठाई खरीदी। गोला तथा मिष्ठान बेचने वाले दुकानदारों की तो चांदी ही कट गई। इसके साथ ही बसों में काफी भीड़ भाड़ आज रही और कांठ नगर में वाहनों के आवागमन से अनेक बार जाम की स्थिति बन गई।

## पिछले एक माह में लगभग 100 लोगों को घायल कर चुके आवारा कुत्ते व बंदर

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** तहसील क्षेत्र में कुत्ते बंदर आदि जानवरों के कांठ ने से पिछले एक माह में लगभग 100 लोग घायल हो चुके हैं। नगर पंचायत द्वारा कुत्ते और बंदरों को पकड़ने का कोई अभियान नहीं चलाया गया है। क्षेत्र में कुत्तों और बंदर की जनसंख्या वृद्धि होती जा रही है। इनके झुंड के झुंड उत्पाद मचाते हुए देखे जा सकते हैं। गली मोहल्लों में तो स्कूली बच्चों का निकलना ही मुश्किल हो गया है महिलाओं और बच्चों ने बंदरों के भय से अपनी छत पर जाना ही बंद कर दिया है। बंदरों के हमले के दौरान छत से नीचे गिरने पर कई लोग काल का ग्रास भी बन चुके हैं। बंदरों और कुत्तों के झुंड हाईवे मार्ग में किसी को भी अकेला देखकर हमला कर देते हैं। इतना ही नहीं बंदरों के झुंड घंटों तक रोड जाम कर देते हैं। स्कूली बच्चों को भी जाम खुलने की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। कांठ मुरादाबाद हाईवे पर मॉर्निंग बाक करने जाते हुए दर्जनों लोग इनका शिकार हो चुके हैं। नगर पंचायत



कांठ को तात्कालीन एसडीएम बंदर पकड़वाने के निर्देश दे चुके हैं। सभी निर्देश हवाई साबित हुए हैं। सीएचसी कांठ में कुत्ते और बंदर के काटे हुए लोगों की प्रतिदिन संख्या बढ़ती जा रही है। चीफ फार्मासिस्ट भगवान सिंह ने बताया कि इस माह लगभग 100 लोगों को बंदर और कुत्ते,विल्ली काट कर जख्मी कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस महा लगभग ढाई सौ लोगों के कुत्ते काटने के इंजेक्शन लगाए जा चुके हैं।

## भूमि के भूमाफियो ने कुटरचित दस्तावेज तैयार कर महिला को बेचने के मामले में महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** रजिस्टर्ड बनाने से खरीदे प्लाट का भूमाफिया ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दूसरे को बैनामा करा दिये जाने के मामले में पुलिस ने महिला सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा शुरू कर दी । नगर ये मोहल्ला जाटान निवासी जगबीर सिंह पुत्र खान सिंह ने पुलिस को दी तहरीर मे कहा कि प्रार्थी ने गाटा सं 441 में से 28 डेसीमल आराजी नगर के मोहल्ला जमनावाला निवासी मौ अली खां पुत्र याकूब खां, शराफत अली खां पुत्र शेर अली खां, अफसर अली खां एडवोकेट पुत्र मौ अली खां, निवासी जमनावाला व सफदर अली खाँ एडवोकेट पुत्र हसमत अली खां निवासी मौहल्ला ताली से दो लाख 90 हजार रुपये में दिनांक 11-02-2013 को रजिस्टर्ड बेनाम सी खरीदी थी तथा उक्त लोगों ने मौके पर मौजूद अपना पूर्ण हिस्सा प्रार्थी को बेच दिया था, जिसके आधार पर प्रार्थी का नाम नगरपालिका के गृहकर रजिस्टर में दर्ज चला आ रहा है तथा प्रार्थी मौके पर काबिज व दाखिल है। शराफत अली खां पुत्र शेर अली खां निवासी मौ मनिहारान वार्ड नं 03 कस्बा ठाकुरद्वारा ने नफा नाजायज कमाने की नियत से सविता पत्नी अशोक कुमार निवासी ग्राम लौंगीकलां, मुनेश कुमार पुत्र सुम्मेर सिंह निवासी ग्राम फरीदनगर, सोनू कुमार पुत्र हरि सिंह निवासी रतूपुरा व अशोक कुमार पुत्र नामालूम निवासी लौंगीकलां से हमसाज होकर षडयन्त्र पूर्वक बिना किसी कब्जे व स्वामित्व के प्रार्थी की भूमि का बयनामा दिनांक 22-05-2025 को कपटपूर्ण ढंग से सविता देवी के नाम लिखवा लिया है। उक्त कूटरचित बयनामें के आधार पर 23-09-2025 को उक्त व्यक्ति प्रार्थी के प्लाट पर आये तथा उसमें रखे प्रार्थी के सामान को हटाकर जबरन कब्जा करने की कोशिश की इस प्रकार उक्त सभी व्यक्तियों ने आपस में हमसाज होकर कूटरचित दस्तावेज के असल के रूप में प्रयोग किया प्रार्थी की उक्त भूमि पीडब्लूडी रोड से 20 मी की दूरी पर है तथा सड़क पर व्यवसायिक दुकानें भी चल रही हैं, इस तथ्य को भी उक्त बयनामें में छुपाकर धोखा धड़ी की गई है। पुलिस ने धोखा धड़ी कर भूमि खरीदने के मामले में महिलाओ साहित पाच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाचँ शुरू कर दी ।

## पाकबड़ा पुलिस ने उमरी सब्जीपुर के एक ओर उपद्रवियों को गिरफ्तार जेल भेजा

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** गुरूवार को उमरी सब्जीपुर गांव मे एक ओर उपद्रवियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के उमरी सब्जीपुर गांव में बारह वफात के दिन पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही दो पक्षों मे एक दूसरे पर पथराव के साथ गाली गलोच की गई थी! दोनों पक्षो मे लाठी डंडो व ईट पत्थर से पथराव किया था! गांव मे । सभी उपद्रवियों को पुलिस ने वीडियो में कैद कर रखा हैगांव मे एक दूसरे



पार्टी पर छत से ईट पत्थर से पथराव किया गया था! जिससे गांव के लोगों मे भए का माहोल बन गया था! लोग एक दूसरे को जान से मारने पर उतर आए इस घटना मे गांव के कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए थे! आज गुरूवार को उमरी सब्जीपुर गांव के कम्बोट चौराहे के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त नदीम उर्फ मुर्गा पुत्र दिलावर, निवासी उमरी सब्जीपुर, को गिरफ्तार किया! गिरफ्तार अभयुक्त की उम्र लगभग 24 बर्ष है! गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय मे पेश कर जेल भेजा पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व गोवर्धन पूजा श्रद्धापूर्वक मनाया गया

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगर से लेकर देहात क्षेत्र में भोजपुर एवं ग्रामीण क्षेत्र मे प्रकृति के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान का पर्व गोवर्धन पूजा श्रद्धापूर्वक मनाया गया। बुधवार की देर रात्री मे क्षेत्रके गांव शरीफ नगर , सुरजन नगर, जटपुरा , लोगी कला , सुल्तानपुर दोस्त, गोपीवाला, निर्मलपुर बहेडी ब्रह्मनान रत तुपु रा मे घरों में गाय के गोबर से पशुधन के रूप में गाय आदि के प्रतिरूप बनाकर विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दौरान किसानों ने खेती में उपयोग होने वाले उपकरण व आत्मरक्षा में उपयोग शस्त्रों व कृषक परिवारों में अपने प्रत्येक पशु के प्रतिरूप की पूजा अर्चना की गई। शास्त्रों में गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है , जो सुख एवं समृद्धि प्रदान करती है । गोवर्धन पूजा के अवसर पर पशुओं को नहला कर सींगों एवं शरीर पर तेल लेपन कर सुसज्जित कर पूर्ण रूप से विश्राम दिलाया गया तथा गुड, चना, गेंहू का दलिया आदि के साथ पोष्टिक चारा आदि खिलाकर स्नेह के साथ दुलारा गया। वास्तव में यह पर्व प्रकृति, पशु और पर्यावरण के प्रति आभार जताने का पर्व है । इस पर्व को अन्नकूट के नाम से भी जाना जाता है । बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र के क्रोध एवं अहंकार को तोड़कर ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाने की घटना का स्मरण कराता है। सनातन धर्मशास्त्र के अनुसार प्राकृतिक विपत्तियों से बचाव , अपने समाज एवं परिवार के कल्याण के लिए गोवर्धन पूजा करने का विधान बताया गया है ।

## पति के हमले में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** पति ने अपनी गर्भवती पत्नी के पेट में चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था । जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई । जबकि महिला के पेट में पल रहे बच्चों की पहले ही मौत हो चुकी है । पुलिस ने महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया । जनपद बिजनौर के थाना रेल के गांव हरकिशनपुर निवासी रामकुमार सिंह ने 12 फरवरी 2022 को अपनी बेटी ममता देवी की शादी ठाकुरद्वारा के गांव अब्दुल्लापुर लेना निवासी यशपाल सिंह के बेटे के साथ की थी । लेकिन शादी की समय से ही दहेज की मांग को लेकर वह उसकी बेटी का उत्पीड़न करते थे । बार-बार वह बेटी पर दबाव बनाकर दो लाख की मांग कर रहे थे । जबकि वह समय-समय पर उनकी लगातार आर्थिक मदद करता चला रहा था लेकिन इससे भी उनको संतोष नहीं था । इसी के चलते 6 अक्टूबर की सवेरे ममता के पेट में उसके पति यशपाल सिंह ने चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था । वह पांच माह की गर्भवती थी । ममता को गंभीर हालत में मुरादाबाद के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया । ऑपरेशन के दौरान ममता के गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई । ममता के पिता की तहरीर परपुलिस ने महिला के पति यशपाल ससुर अंतराम सिंह जेठ शिवराज सिंह केखिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी । तभी से महिला का उपचार चल रहा था उपचार के दौरान बुधवार को उसकी अस्पताल में मौत हो गई । जानकारी मिलने पर महिला के मायके वाले भी वहां आ गए उधर पुलिस ने ममता की मौत का पता चलने पर उसके पति यशपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने महिला का शब्द कब्जे मेंलेकर पोस्टमार्टम कराया ।

## हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व भैय्यादूज



**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगरीय क्षेत्र ठाकुरद्वारा एवं ग्रामीण क्षेत्र कालाझांडा, वोवदवाला, शरीफ नगर ,रतुपुरा, मानपुर दत्तराम, गोपीवाला, निर्मलपुर, रामनगर खागूवाला , बहेडी ब्रहम्नान आदि में भाई-बहन के अटूट स्नेहिल रिश्ते का प्रतीक भैय्यादूज पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया । प्रातःकाल से ही बहनें अपने भाई के घर आना प्रारम्भ हो गई । बसों में काफी भीड़ देखी गई । मिष्ठान की दूकानों और सड़क मार्ग पर नीजि दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों की चहल-पहल रही है । प्रमुख चौराहों पर यातायात नियंत्रण एवं सुरक्षा हेतु पुलिस बल तैनात है । इस शुभ अवसर पर बहनें अपने भाई की सुख समृद्धि एवं स्वस्थ दीघार्यु की मंगल कामना करती हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि पर यमराज अपनी बहन यमुना के आमंत्रण पर उसके घर आये थे। वहां उनकी बहन यमुना ने सम्मान एवं स्नेह पूर्वक अपने भाई का आदर सत्कार किया। जिससे प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान दिया कि जो भाई-बहन इस दिन यमुना में स्नान कर यम पूजा करेंगे उसे सुख समृद्धि के साथ दीर्घकालिक स्वस्थ एवं सुखी जीवन प्राप्त होगा और यमलोक जाने का भय नहीं रहेगा । बहने अपने भाई को चौकी पर ससम्मान बैठाकर नारियल, मिष्ठान, पान सुपारी, बताशे, पुष्प और काले चने भेंट कर शुभ मुहूर्त में रोली, कुमकुम एवं अक्षत का तिलक लगाकर मंगल कामना करती हैं। इस अवसर पर भाई भी अपनी सामर्थ्य अनुसार वस्त्राभूषण आदि उपहार भेंटकर बहन की रक्षा का वचन देते हैं।

## प्रेमी की चौखट पर शादी की जिद लेकर कोलकत्ता से ठाकुरद्वारा पहुंची प्रेमिका

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** सात जीने मरने की कसमें खा चुकी प्रेमिका कोलकाता से अपने प्रेमी के घर पहुंचकर शादी की जिद को लेकर उसकी चौखट पर धरना दे दिया। दिनभर चले हंगामे के बाद पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा। मामला ठाकुरद्वारा क्षेत्र का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रेमी और प्रेमिका दोनों मुजफ्फरनगर की एक निजी कंपनी में काम करते थे। वहीं पर दोनों के बीच जान-पहचान हुई । दोनों की पहचान ही धीरे-धीरे प्रेम संबंधों में बदल गई। करीब दो साल करने के बाद प्रेमी काम करने के बाद युवक कंपनी छोड़कर अपने घर, मुरादाबाद रोड स्थित एक गांव में लौट आया। जब प्रेमिका को इसकी जानकारी मिली तो वह कोलकाता से सीधा ठाकुरद्वारा अपने प्रेमी के घर पहुंच गई और प्रेमी के घर की चौखट पर बैठकर शादी करने की जिद करने लगी। युवती के धरने की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और पूरे इलाके में चर्चा शुरू हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और प्रेमिका को थाने ले गई। वहीं, प्रेमी युवक और उसके परिजनों को भी कोतवाली बुलाया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद उन्हें आपसी सहमति से परिजनों के सुपुर्द कर दिया। यह मामला पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा।

## बाइक सवार को मारपीट कर किया घायल, दोनों घायल

● रास्ते में स्योहारा रोड पर कुछ युवक सड़क किनारे बैठे थे। जैसे ही बाइक की लाइट उन पर पड़ी, वे भड़क गए और बाइक सवारों पर हमला बोल दिया।

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** स्योहारा रोड पर देर रात बाइक की लाइट पड़ने पर सड़क किनारे बैठे युवकों ने बाइक सवार दो व्यक्तियों को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों ने कोतवाली पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक ड्राइवर अपने साथी के साथ बाइक से पास के गांव रामनगर जा रहा था। रास्ते में स्योहारा रोड पर कुछ युवक सड़क किनारे बैठे थे। जैसे ही बाइक की लाइट उन पर पड़ी, वे भड़क गए और बाइक सवारों पर हमला बोल दिया। दोनों की जमकर पिटाई की गई जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर राहगीरों ने किसी तरह बीच-बचाव कर घायलों को छुड़ाया। बाद में घायल ट्रक ड्राइवर कोतवाली ठाकुरद्वारा पहुंचे और घटना की लिखित शिकायत दी। पुलिस ने दोनों घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपियों की पहचान की जा रही है, जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## समाचार

### पुलिस ने जुआरियों को पकड़ा, फिर शुरू हुआ खेल

**उत्तम भारत संवाददाता, ठाकुरद्वारा।** नगर में दीपावली के पावन पर्व बड़े पैमाने पर जुआ खेला जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भैया दूज पर नगर में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए तीन जुआरियों को पकड़ लिया। बाद में पुलिस ने फरीदनगर स्थित पुलिस चौकी पर ले गए। जहां पर पुलिस ने जुआरियों से हमसाज होकर बिना कार्रवाई के छोड़ दिया। बाद में सुविधा शुल्क न मिलने जुआरियों को फिर पकड़ने के लिए पुलिस के घर पहुंच गई। जहां से पुलिस जुआरियों को पकड़ कर कोतवाली ले आयी। जहां पर जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बाप-बेटों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव बहेड़ी ब्रहमान में रास्ते में भैंस बांधने को लेकर पिता-पुत्रों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर तीन बाप बेटों के खिलाफ मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में महिला विमला देवी ने बताया है कि पड़ोसी कुमरसैन और उसके दो बेटों शिवम और अभिषेक ने रास्ते में भैंस बांधने को लेकर गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने लात घूसों से पीटा। इसी दौरान शिवम ने धारदार हथियार से हमला कर पैर की अंगुली काट दी। जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल का डाक्टरी मुआयना कराकर घर भेज दिया।

### बच्चों की लड़ाई में एक की आंख पर आई चोट, समझौते के बाद भी नहीं कराया इलाज, आंख की रोशनी गई, रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** छजलैट क्षेत्र गांव में दो बच्चों के खेलते बीच हुई लड़ाई के बाद एक बच्चे ने दूसरे मासूम की आंख पर डडी से हमला कर दिया। जिससे मासूम की आंख पर गंभीर चोट आ गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों के बीच इलाज करने की बात पर समझौता करा दिया लेकिन दूसरे पक्ष के लोगों ने इलाज नहीं कराया। जिसके चलते मासूम की एक आंख मे चोट लग गई। छजलैट थाना क्षेत्र के गांव सदुपुरा प्रदीप कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका 6 वर्षीय बेटी परी पड़ोसी देवेंद्र कुमार के घर खेल रही थी। आरोप है की देवेंद्र की बेटी से आख मे कुछ लग गया जिससे उनके बेटी के आंख में गंभीर चोट लग गई। । तभी देवेंद्र की पत्नी ने घर मे रखी दवाई डाल दी जिससे दवाई डालने से आंख खराब हो गई। घटना के बाद गांव के ही कुछ लोगों ने दोनों पक्षों के बीच इलाज करने की बात कह कर समझौता करा दिया। आरोप है समझौता होने के बाद भी दूसरे पक्ष के लोगों ने इलाज नहीं कराया। पूरे मामले की शिकायत करने के लिए जब पीड़िता आरोपियों के घर पहुंची तो आरोपियों ने गाली गलौंज की। जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने देवेंद्र सिह व उनकी पत्नी सुनीता के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** थाना क्षेत्र में नाबालिक 16 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना कांठ पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना कांठ के एक गांव की नाबालिक 16 वर्षीय किशोरी को थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम चंगेरी निवासी राकेश पाल पुत्र नेतराम उर्फ गम 16 अक्टूबर को पहले फुसलाकर भगा ले गया था। जब इस संबंध में किशोरी के स्वजन उसके घर पहुंचे और उन्होंने उसके स्वजनों से कहा कि वह उनकी नाबालिग पुत्री को वापस कर दे, तो राकेश के भाई सोनू ने उनके साथ गाली गलौंज की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद नाबालिक किशोरी के स्वजन थाना कांठ पहुंचे और दोनों भाइयों के खिलाफ नाम जद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### नकदी और जेवर लेकर किशोरी प्रेमी संग फरार

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** थाना क्षेत्र के ग्राम बीबीपुर निवासी एक व्यक्ति की नाबालिग लड़की का किसी लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी भनक तनिक भी परिजनों को नहीं लगी। बताया गया है कि 21 अक्टूबर को किशोरी घर में रखा 47 हजार रुपये, तीन तोले सोने के जेवर लेकर फरार हो गई। किशोरी के पिता ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### मोटरसाइकिल भिडन्त में पति-पत्नी सहित एक बच्चा घायल

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** हाईवे मार्ग पर अज्ञात बाइक सवार एक बाइक को टक्कर मारकर फरार हो गया। दुर्घटना में एक बाइक पर सवार पत्नी पति सहित एक बच्चा घायल हो गए। जनपद बिजनौर के थाना धामपुर के अंतर्गत मोहल्ला लाइयान कालिया मंदिर निवासी पारसनाथ उनकी पत्नी राधा व एक पांच वर्षीय बालक लकी बाइक द्वारा स्योहारा कांठ हाईवे से अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। सामने से एक अज्ञात बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। अज्ञात बाइक सवार टक्कर मारकर फरार हो गया। मोटरसाइकिल दुर्घटना में पारसनाथ ,उनकी पत्नी राधा व एक पांचव र्षीय बालक लकी घायल हो गए। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में उपचार कराया गया। जहां से पारसनाथ की हालत चिंता जनक देखते हुए रैफर कर दिया गया है।

### श्री राम दुर्गा मंदिर में अन्नकूट पूजा में उम्मीद श्रद्धालु, भंडारे काआयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगर के कोतवाली रोड स्थित श्रीराम दुर्गा मंदिर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गोवर्धन पर्व पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई । जिसमें भारी संख्या श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना में भाग लिया । आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया ।



बुधवार को दोपहर बाद गोवर्धन पूजा पंडित आकाश मिश्रा ने विधि विधान वेद मंत्रों के साथ संपन्न कराया । इस दौरान मंदिर के प्रबंधक आशीष अग्रवाल पूर्व सभासद राजेंद्र पांडे संजीव चौहान,उर्फ टिल्लू , शिवसेना के संजीव चौहान ,विपिन जिंदल, अभिषेक ओझा सहित मंदिर कमेटी के लोग आदि मौजूद रहे ।

P-12:28 paga09_jhn.qxd 10/23/2025 9:49 PM Page 1



# रोहित और श्रेयस के अर्धशतक, भारत ने ऑस्ट्रेलिया को दिया 265 रनों का लक्ष्य



**एडिलेड।** रोहित शर्मा (73), श्रेयस अय्यर (61) और अक्षर पटेल (44) की शानदार पारियों की मदद से भारत ने गुरुवार को दूसरे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 265 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अभी 17 रन जोड़े थे कि सातवें ओवर में जेवियर बार्टलेट ने शुभमन गिल (9) को मिचेल मार्श के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्टार क्रिकेटर विराट कोहली को जेवियर बार्टलेट ने पगबाधा कर बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। उन्होंने चार गेंदों का सामना किया और एक भी रन नहीं बना पाये। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने रोहित शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 118 रन जोड़े। 30वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने रोहित शर्मा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। रोहित शर्मा ने 97 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 73 रनों की पारी खेली।

भारत का चौथा विकेट 160 के स्कोर पर श्रेयस अय्यर के रूप में गिरा। श्रेयस अय्यर ने 77 गेंदों में सात चौके लगाते हुए 61 रन बनाये। उन्हें एडम जैम्पा ने बोल्ड आउट किया। के एल राहुल (11), वॉशिंगटन सुंदर (12), नीतीश कुमार रेड्डी (आठ) रन बनाकर आउट हुये। अक्षर पटेल ने 41 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 44 रनों की पारी खेली। अर्शदीप सिंह 13 रन बनाकर नौवें विकेट के रूप में आउट हुये। उन्हें मिचेल स्टार्क ने बोल्ड आउट किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय बल्लेबाज खुल नहीं पाये और अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 264 का स्कोर खड़ा किया। हर्षित राणा 18 गेंदों में 24 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जैम्पा ने चार विकेट लिये। जेवियर बार्टलेट को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

# रवींद्र जडेजा रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे



**जडेजा का डोमेस्टिक करियर**

**फर्स्ट क्लास**
मैच 135 | रन 7466
विकेट 5423

**लिस्ट-ए**
मैच 250 | रन 3805
विकेट 281

**टी-20**
मैच 332 | रन 3684
विकेट 225

● 36 वर्षीय जडेजा ने आखिरी बार पिछले सीजन में असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेला था। उन्होंने उस सीजन में दो मैच खेले थे और दिल्ली के खिलाफ अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ प्लेयर ऑफ द मैच (38 रन, 66 रन पर पांच विकेट और 38 रन पर सात विकेट) बने थे।

**मुंबई।** भारतीय टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा शनिवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) के एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि रवींद्र जडेजा के अगले मैच में खेलने की उम्मीद है। राणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर 25 अक्टूबर से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शुरू होगा। पूर्व चैंपियन सौराष्ट्र अपने घरेलू मैदान पर से भिड़ेगी। जडेजा को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारत की एकदिवसीय टीम में नहीं चुना गया जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी मैच के लिए खुद को उपलब्ध बताया है ताकि वह अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए खुद को तैयार कर सकें।

36 वर्षीय जडेजा ने आखिरी बार पिछले सीजन में असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेला था। उन्होंने उस सीजन में दो मैच खेले थे और दिल्ली के खिलाफ अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ प्लेयर ऑफ द मैच (38 रन, 66 रन पर पांच विकेट और 38 रन पर सात विकेट) बने थे। सौराष्ट्र के लिए कुल 47 रणजी मैचों में उन्होंने 57.60 की औसत से 3,456 रन बनाए हैं और 21.25 की औसत से 208 विकेट लिए हैं।

सीजन के अपने पहले मैच में, सौराष्ट्र ने कर्नाटक को पहली पारी में मामूली बढ़त दिलाकर हराया था, जिसमें धर्मेंद्र जडेजा प्रमुख खिलाड़ी साबित हुए थे।

बाएं हाथ के इस स्पिनर ने पहली पारी में 124 रन देकर 7 विकेट सहित कुल 10 विकेट लिए थे। सौराष्ट्र की कमान भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के हाथों में है। दो बार की पूर्व चैंपियन टीम पिछले सीजन में गुजरात से हारने से पहले क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी।

सौराष्ट्र टीमः हार्विक देसाई (विकेटकीपर), तरंग गोहेल, रवींद्र जड़ेजा, युवराजसिंह डोडिया, सम्मर गज्जर, अर्पित वासवदा, चिराग जानी, प्रेरक मांकड़, जयदेव उनादकट (कप्तान), धर्मेंद्रसिंह जड़ेजा, चेतन सकारिया, अंश गोसाई, जय गोहिल, पार्थ भूत, केविन जीवराजानी, हेतविक कोटक और अंकुर पंवार।

# एडिलेड वनडे में कोहली का शून्य पर आउट होने के बाद भावुक पल, फैंस को अलविदा कहने के हाव-भाव से तेज हुई संन्यास की अटकलें



**नई दिल्ली।** एडिलेड में खेले जा रहे वनडे मैच में भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला फिर से खामोश रहा। उन्होंने सिर्फ चार गेंदों का सामना किया और बिना खाता खोले एलबीडब्लू होकर आउट हो गए। यह लगातार दूसरा मैच है, जिसमें कोहली शून्य पर आउट हुए हैं। इससे पहले पर्थ में खेले गए पहले वनडे में भी वह रन नहीं बना पाए थे। लगातार दो मैचों में रन न बनने के बाद फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञ उनके प्रदर्शन को लेकर चिंतित हैं। कोहली जब आउट होकर पवेलियन लौट रहे थे, उसी दौरान एक ऐसा दृश्य देखा गया जिसने क्रिकेट प्रेमियों को भावुक कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि विराट सिर झुकाए हुए हैं और दोनों ग्लव्स को हाथों में उठाकर दर्शकों की तरफ इशारा कर रहे हैं। उनके हाव-भाव और हाथों के इशारे ऐसे प्रतीत हो रहे थे, जैसे वह फैंस को अलविदा कह रहे हों। विराट कोहली का यह भावुक क्षण सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। उनके इस इमोशनल पल और अलविदा कहने के तरीके ने संन्यास की अफवाहों को और मजबूत कर दिया है। फैंस उनकी भावनाओं को समझते हुए इस पल को साझा कर रहे हैं। यह वीडियो भविष्य में विराट के करियर के संदर्भ में एक भावनात्मक क्षण के रूप में याद रखा जाएगा।

# बाबर आजम और नसीम शाह की पाकिस्तान की टी-20 टीम में हुई वापसी



**लाहौर।** पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला और श्रीलंका तथा जिम्बाब्वे के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय टी-20 टीम में बाबर आजम, नसीम शाह और अब्दुल समद को वापस बुलाया है। टीम में अनकैप्ड उस्मान तारिक को भी जगह मिली हैं।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों टी-20 श्रृंखला 28 अक्टूबर से एक नवंबर तक रावलपिंडी और लाहौर में खेली जाएगी, जिसके बाद 17 से 29 नवंबर तक इन्हीं स्थानों पर त्रिकोणीय श्रृंखला होगी। बाबर और नसीम ने आखिरी बार 2024 के अंत में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे और हाल ही में हुए एशिया कप का हिस्सा नहीं थे। लेकिन उनकी वापसी से अगले साल चार महीने बाद होने वाले टी-20 विश्वकप में उनके चयन की संभावनाएं बढ़ गई हैं। फखर जमान और हारिस रऊफ, सूफियान मोकिम रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय टी-20 टीम इस प्रकार हैः

सलमान अली आगा (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेट कीपर), सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान (विकेट कीपर) और उस्मान तारिक। इस बीच, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका चार से आठ नवंबर तक फैसलाबाद में तीन एकदिवसीय मैच भी खेलेंगे।

इसके बाद पाकिस्तान 11 से 15 नवंबर तक रावलपिंडी में श्रीलंका के साथ एक और एकदिवसीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा। एकदिवसीय मैचों के लिए, नए कप्तान शाहीन शाह अफरीदी 16 सदस्यीय टीम की कमान संभालेंगे, जिसमें फैसल अकरम, हारिस रऊफ और विकेटकीपर-बल्लेबाज हसीबुल्लाह की वापसी हुई है।

पाकिस्तान की एकदिवसीय टीम इस प्रकार हैः-

शाहीन शाह अफरीदी (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फैसल अकरम, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह, हसन नवाज, हुसैन तलत, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, सईम अयूब और सलमान अली आगा।

# तेलुगू टाइटंस को 11 अंक से हराकर हरियाणा स्टीलर्स ने शीर्ष-4 के लिए दावा मजबूत किया



**नई दिल्ली।** विनय तेवतिया (11) और डिफेंस (14 अंक) के दम पर हरियाणा स्टीलर्स ने त्यागराज इंडोर स्टेडियम में बुधवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 103वें मैच में तेलुगू टाइटंस को 45-34 के अंतर से हराकर शीर्ष-4 की ओर कदम बढ़ा लिया है। इस जीत ने हरियाणा को शीर्ष-4 में पहुंचा दिया है लेकिन चूंकी अभी दूसरी टीमों के मैच बाकी हैं और इस लिहाज से उसकी स्थिति में बदलाव हो सकता है लेकिन शीर्ष-8 में उसका बने रहना तय है। हरियाणा के लिए शिवम पटारे (8) ने भी अच्छा खेल दिखाया लेकिन चोटिल होकर वह बाहर हो गए। इसके बाद हरियाणा के डिफेंस ने कमान संभाली और अपनी टीम को जीत तक ले गए। यह दोनों टीमों का अंतिम मैच था। हरियाणा को 18 मैचों में नौवीं जीत मिली जबकि अंक तालिका में तीसरे स्थान पर विराजमान टाइटंस को आठवीं हार मिली है। टाइटंस के लिए भरत ने सबसे अधिक 16 अंक बनाए।

टाइटंस के लिए भरत ने अच्छी शुरूआत की और दो मल्टीप्वांटर के साथ अपनी टीम को 5-3 से आगे कर दिया। इसके बाद टाइटंस ने हरियाणा के लिए सुपर टैकल आन किया और फिर आलआउट लेकर 10-4 की लीड ले ली। आलइन के बाद हालांकि हरियाणा ने लगातार दो अंक लेकर वापसी की राह पकड़ी। और फिर शिवम ने मल्टीप्वांटर के साथ टाइटंस के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। विजय ने हालांकि डू ओर डाई रेड पर जयदीप को आउट कर यह स्थिति टाल दी। इसके बाद शिवम ने लगातार दो शिकार कर पहले क्वार्टर की समाप्ति तक टाइटंस को दो खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया। ब्रेक के बाद टाइटंस आलआउट नहीं बची सकी और इस तरह हरियाणा ने 14-13 की लीड ले ली। आलइन के बाद शिवम लपके गए लेकिन चोटिल होकर बाहर गए। इसके बाद भरत की मदद से टाइटंस ने स्कोर 17-17 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों के बीच आगे निकलने की होड़ लगी रही, जिसमें हरियाणा 21-20 के स्कोर पर ब्रेक पर गई। हाफटाइम के बाद 23-23 के स्कोर पर मयंक ने दो अंक लेकर टाइटंस के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। फिर नीरज ने भरत को लपक फासला 3 का किया और फिर हरियाणा ने दूसरा आलआउट लेते हुए 30-24 की लीड ले ली। आलइन के बाद डिफेंस ने एक बार फिर भरत को लपका और फिर विजय का भी शिकार कर लिया। टाइटंस ने हालांकि तीसरे क्वार्टर के अंत में विनय को लपक स्कोर 26-34 कर दिया। ब्रेक के बाद रिवाइव होकर आए भरत ने नीरज को बाहर किया लेकिन धनश्याम ने अपनी रेड पर उनका शिकार कर लिया। इश बीच हरियाणा ने पहली बार अपनी लीड 10 की कर ली और साथ ही टाइटंस के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। इस बीच विनय ने डू ओर डाई रेड पर शुभम को आउट किया और राहुल ने विजय को लपका हरियाणा की जीत लगभग पक्की कर दी। फिर हरियाणा ने आलआउट लेकर इस पर मुहर लगा दी।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में जोरदार तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

● 1 साल बाद सेंसेक्स 85 हजार और निफ्टी 26 हजार के स्तर के ऊपर खुले



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत भी जोरदार तेजी के साथ हुई थी। 30 सितंबर 2024 के बाद आज पहली बार सेंसेक्स 85 हजार अंक के स्तर के ऊपर और निफ्टी 26 हजार अंक के ऊपर खुले। बाजार खुलने के बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में कुछ देर के लिए बिकवाली का दबाव भी बना, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे बाजार की चाल में तेजी आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.98 प्रतिशत और निफ्टी 0.87 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक और श्रीराम फाइनेंस के शेयर 3.91 प्रतिशत से लेकर 1.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर इंटरग्लोब एवियशन, एटरनल, आयशर मोटर्स, सिप्ला और डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज के शेयर 1.03 प्रतिशत से लेकर 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,230 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,302 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 928 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 28 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 2 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 42 शेयर हरे निशान और 8 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 727.81 अंक की तेजी के साथ 85,154.15 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण ये सूचकांक गिर कर 84,867.97 अंक तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने जोर लगाया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 825.28 अंक की मजबूती के साथ 85,251.62 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 188.60 अंक उछल कर 26,057.20 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कुछ ही देर में ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से 65 अंक से ज्यादा टूट कर 25,991.70 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने चौतरफा लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 226.25 अंक की बढ़त के साथ 26,094.85 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज कमजोर संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए थे। इसी तरह डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल कमजोरी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए थे। वहीं, एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक कमजोरी के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,699.43 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 213.27 अंक यानी 0.93 प्रतिशत टूट कर 22,740.40 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं, डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.06 प्रतिशत फिसल कर 46,560.89 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 88.01 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ 9,515 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके विपरीत सीएसी इंडेक्स ने 0.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,206.87 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

